www.epaper.azadsipahi.in

26 नवंबर, 2025
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 11, अंक 38


नया भारत ना डरता है, ना रुकता है ना आतंकवाद के खिलाफ झुकता है : मोदी




**FLORENCE**
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxlilary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHARM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


# भारत-दक्षिण अफ्रीका वनडे मैच : रांची पहुंचने लगे खिलाड़ी

## हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, तिलक वर्मा, प्रसिद्ध कृष्णा और ऋतुराज गायकवाड़ पहुंचे रांची

- 28-29 नवंबर को अभ्यास सत्र, टिकट खरीदने के लिए भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में भारत और दक्षिण अफ्रिका के बीच वनडे 30 नवंबर को जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जायेगा। इसके लिए भारतीय टीम के खिलाड़ियों का रांची आगमन शुरू हो गया है। वहीं, मंगलवार से काउंटर पर टिकट मिलना भी शुरू हो गया है। इसके लिए भीड़ उमड़ पड़ी है। रात दो बजे से लोग लाइन में लगे हुए थे। पुलिस ने सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया है।

**सीरीज की शुरुआत रांची से हो रही :** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन वनडे मैच होंगे। वनडे सीरीज 30 नवंबर को सीरीज का पहला रांची में हो रहा है। दूसरा मैच 3 दिसंबर को रायपुर में और तीसरा वनडे मैच विशाखापट्टनम में 6 दिसंबर को खेला जायेगा। दोनों देशों ने वनडे मैच के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है।



**एयरपोर्ट से सीधे होटल पहुंचे खिलाड़ी :** भारत के पांच खिलाड़ी हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, तिलक वर्मा, प्रसिद्ध कृष्णा और ऋतुराज गायकवाड़ मंगलवार रात को रांची पहुंचे। सभी खिलाड़ी रांची एयरपोर्ट से सीधे रेडिसन ब्लू होटल गये। दोनों टीमों के सभी खिलाड़ी 27 नवंबर को रांची पहुंच जायेंगे। जेएससीए स्टेडियम में 28 और 29 नवंबर को अभ्यास सत्र होगा।

**एक किमी से अधिक लंबी लाइन लगी :** धुर्वा के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में 30 नवंबर को होने वाले मैच के लिए टिकटों की ऑफलाइन बिक्री मंघलवार से शुरू हो गयी। टिकट के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी रात के दो बजे से ही लाइन में लग गये थे। सुबह के 9 बजे काउंटर खुलने से पहले एक किमी से अधिक लंबी लाइन हो चुकी थी। टिकट बिक्री के लिए स्टेडियम के वेस्ट गेट के पास 6 काउंटर लगाये गये हैं। सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक काउंटर खोला गया था। टिकट खरीदने के लिए आधार कार्ड अनिवार्य किया गया है। एक व्यक्ति अधिकतम दो टिकट ही दिया गया। जेएससीए ने महिला दर्शकों के लिए एक अलग काउंटर की व्यवस्था की थी। वहीं, दो काउंटर ऑनलाइन टिकट बुक कराने वालों को टिकट उपलब्ध कराने के लिए खोले गये थे। शेष तीन काउंटर आम दर्शकों के लिए रखे गये थे।

**टिकट की कीमत :** सबसे सस्ते टिकट की कीमत 1200 रुपये (इस्ट और वेस्ट हिल) है। विंग ए (लोअर टीयर) और विंग सी (लोअर टीयर) के लिए 1600 रुपये और अपर टीयर के लिए 1300 रुपये का शुल्क निर्धारित किया गया है। विंग बी (लोअर टीयर) और विंग डी (लोअर टीयर) का टिकट क्रमशः 2200 रुपए और 2000 रुपये का है। इसी तरह अन्य श्रेणियों के टिकट का मूल्य रखा गया है।

## अयोध्या : प्राण प्रतिष्ठा के 673 दिनों बाद राम मंदिर पर धर्मध्वजा सुशोभित

# अब मानसिक गुलामी से मुक्ति का लक्ष्य: मोदी

- दो किलो की केसरिया ध्वजा 161 फीट ऊंचे शिखर पर फहरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**अयोध्या।** अयोध्या का राम मंदिर मंगलवार को संपूर्ण हो गया। प्राण प्रतिष्ठा के 673 दिनों बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया। सुबह 11.50 बजे अभिजीत मुहूर्त में बटन दबाते ही दो किलो की केसरिया ध्वजा 161 फीट ऊंचे शिखर पर फहराने लगी। धर्मध्वजा मंदिर के शिखर पर फहरते ही परिसर में मौजूद हजारों संतों ने जय श्रीराम के नारे लगाये। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भावविभोर हो गये। उन्होंने धर्मध्वजा को हाथ जोड़कर प्रणाम किया। मोदी ने कहा कि आज सदियों के घाव भर गये हैं। हम देश को गुलामी की मानसिकता से मुक्त करके रहेंगे। यह मानसिकता इतनी हावी हो गयी थी कि वर्षों तक भगवान राम को काल्पनिक बताया गया। ध्वजारोहण से पहले मोदी और भागवत ने मंदिर की पहली मंजिल पर बने रामदरबार में पूजा और आरती की। इसके बाद रामलला के दर्शन किये। रामलला के लिए वस्त्र और चंवर लेकर मोदी पहुंचे थे। उन्होंने साकेत कॉलेज से रामजन्मभूमि तक डेढ़ किमी लंबा रोड शो भी किया। इस दौरान स्कूली छात्रों ने काफिले पर फूल बरसाये और जगह-जगह महिलाओं ने उनका स्वागत किया। पहले चर्चा थी कि ध्वजारोहण समारोह के लिए अमिताभ बच्चन समेत कई सेलिब्रिटीज को न्योता भेजा गया है, लेकिन कोई नहीं पहुंचा। चारों शंकराचार्यों को छोड़कर देशभर के मठों के संत मंदिर परिसर में मौजूद रहे। शहर को 1000 क्विंटल फूलों से सजाया गया। मंदिर में 5-लेयर सुरक्षा रही। रामलला ने मंगलवार को सोने और रेशम के धागों से बने पीतांबर वस्त्र धारण किये।



### जिन्होंने प्राण अर्पण किये आज उनकी आत्मा तृप्त हुई: भागवत

**अयोध्या।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि राम मंदिर आंदोलन में लोगों ने अपने प्राण अर्पण किये। आज उनकी आत्मा तृप्त हुई होगी। आज वास्तव में अशोक जी को वहां शांति मिली होगी। उन्होंने अपने प्राण अर्पण किये और अपना पसीना बहाया। जो पीछे रहे, वे भी मन में इच्छा करते रहे कि मंदिर बनेगा और आज मंदिर निर्माण की शास्त्रीय प्रक्रिया पूर्ण हो गयी। उन्होंने कहा कि ध्वजारोहण हो गया। हमने इसे अपनी आंखों से देखा है। रथ चलाने के लिए सात-सात घोड़े हैं, उन्हें नियंत्रित करने के लिए लगाम है। रस्सा नहीं है, सारथी नहीं है तो ऐसी गाड़ी नहीं चल सकती। शांति बांटने वाला भारतवर्ष खड़ा करना है। यही विश्व की अपेक्षा है।

### पीढ़ियों की प्रतीक्षा साकार हुई: योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्नाथ ने कहा कि ध्वजारोहण यज्ञ की पूणार्हुति नहीं, बल्कि नये युग का शुभारंभ है। भाजपा सरकार बनने पर 2014 में जिस संभावना, संकल्प और विश्वास का सूर्योदय हुआ, आज वही तपस्या और अनगिनत पीढ़ियों की प्रतीक्षा साकार हुई। श्रीराम मंदिर पर फहराता केसरिया ध्वज धर्म, मयार्दा, सत्य-न्याय और राष्ट्रधर्म का भी प्रतीक है। संकल्प का कोई विकल्प नहीं होता। उन्होंने कहा कि सभी ने 11 वर्षों में बदलते भारत को देखा है। 500 वर्षों में साम्राज्य बदले, पीढ़ियां बदलीं, लेकिन आस्था अडिग रही। आस्था न झुकी, न रुकी। जन-जन का विश्वास अटल था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे संगठन के हाथों में कमान आयी, तो हर मुंह से एक ही उद्घोष निकलता था। रामलला हम आयेंगे, मंदिर वहीं बनायेंगे। लाठी-गोली खायेंगे, मंदिर वहीं बनायेंगे। उन्होंने कहा कि एक समय था, जब वैभवशाली अयोध्या संघर्ष और बदहाली का शिकार बन चुकी थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या उत्सवों की वैश्विक राजधानी बन रही है। यहां हर दिन पर्व है, हर दान प्रताप है और हर दिशा में रामराज्य की पुनर्स्थापना की दिव्य अनुभूति हो रही है।

**ध्वज प्रेरणा देगा कि प्राण जाये पर वचन न जाये :** प्रधानमंत्री ने कहा कि सदियों के घाव भर रहे हैं, सदियों की वेदना आज विराम पा रही है। सदियों से आस्था डिगी नहीं, एक पल भी विश्वास टूटा नहीं। धर्म ध्वजा केवल ध्वजा नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता के पुनर्जागरण का प्रतीक है। आने वाले सदियों तक यह ध्वज प्रभु राम के आदर्शों का उद्घोष करेगा। यह ध्वज प्रेरणा देगा कि प्राण जाये पर वचन न जाये। उन्होंने कहा कि अयोध्या वह भूमि है, जहां आदर्श आचरण में बदलते हैं। यह वही भूमि है, जहां राम ने जीवन शुरू किया। इसी धरती ने बताया कि एक व्यक्ति अपने समाज की शक्ति से कैसे मयार्दा पुरुषोत्तम बनता है। जब भगवान यहां से गये तो युवराज राम थे, लौटे तो मयार्दा पुरुषोत्तम बनकर लौटे।

**राम के विचार हमारी प्रेरणा बनें:** पीएम ने कहा कि हर कालखंड में राम के विचार ही हमारी प्रेरणा बने हैं। विकसित भारत की यात्रा को गति देने के लिए ऐसा रथ चाहिये, जिसके पहिये शौर्य और धैर्य हों। ऐसा रथ जिसकी ध्वजा नीति-नीयत से समझौता न करे। ऐसा रथ जिसके घोड़े बल, विवेक, संयम और परोपकार हों।

**2035 तक गुलामी मानसिकता से मुक्त करना है:** मोदी ने कहा कि आज से 190 साल पहले 1835 में लॉर्ड मैकाले ने मानसिक गुलामी की नींव रखी थी। 2035 में उस अपवित्र घटना को 200 साल पूरे हो रहे हैं। हमें आने वाले 10 सालों में भारत को गुलामी की मानसिकता से मुक्त करना है। मैकाले ने जो सोचा था, उसका प्रभाव व्यापक हुआ। हमें विकार आ गया कि विदेशी चीज अच्छी है, हमारी चीज में खोट है। हर कोने में गुलामी की मानसिकता ने डेरा डाला है। नौसेना के ध्वज पर ऐसे प्रतीक बने थे, जिनका हमारी विरासत से कोई संबंध नहीं था। हमने गुलामी के प्रतीक को हटाया है।

# शादी के दौरान भाई को अगवा करनेवाले चार आरोपी गिरफ्तार

- दो दिन पहले बहन की शादी के दौरान हुआ था अपहरण
- आरोपियों ने 20 लाख की फिरौती मांगी थी



### कर्ज नहीं चुका पाने के कारण किया अपहरण

हेडक्वार्टर-2 डीएसपी अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस जांच में यह बात सामने आयी है की कर्ज नहीं चुका पाने के कारण सुमित सोनी का अपहरण किया गया था। अपराधियों ने अपहरण के बाद 20 लाख रुपये की फिरौती की मांग भी की थी। नगड़ी पुलिस की त्वरित कार्रवाई में चारों आरोपी गिरफ्तार कर लिये गये हैं। युवक की भी सकुशल वापसी हो गयी है।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार की देर रात बहन की शादी समारोह की तैयारी में जुटे भाई का अपहरण कर लिया गया। अपहरण करने के बाद युवक के परिजनों से 20 लाख रुपये फिरौती के रूप में मांगी जा रही थी। पुलिस की सतर्कता से न सिर्फ चारों अपहरणकर्ताओं को बिहार बार्डर से गिरफ्तार कर लिया गया, बल्कि युवक को भी सुरक्षित मुक्त करवा लिया गया है।

**शादी समारोह के बीच से ही कर लिया था अगवा :** प्राप्त जानकारी के अनुसार रांची के नगड़ी थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह के बीच अचानक दुल्हन के भाई के अपहरण की घटना को अंजाम देकर अपराधियों ने हड़कंप मचा दिया। पुलिस के द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार 24 नवंबर कोविश्वंभर प्रसाद नगड़ी थाना पहुंचे और बताया कि उनकी बेटी की शादी चल रही थी। इसी दौरान रात करीब दो बजे इनके मोबाइल पर इनके बेटे सुमित सोनी के द्वारा फोन कर बताया गया कि उनका अपराधकर्मियों के द्वारा अपहरण कर लिया गया है। उसके बाद से लगातार 20 लाख रुपये की मांग की जा रही थी।

**पुलिस ने त्वरित कार्रवई कर सुलझाया मामला :** युवक के अपहरण की सूचना मिलते ही रांची पुलिस अलर्ट पर आ गयी। टेक्निकल सेल की मदद से पीड़ित को सकुशल छुड़ाया गया। अपराधियों द्वारा अपहरण की योजना बनाकर बहन की शादी के मौके का फायदा उठाते हुए घटना को अंजाम दिया गया था। युवक की सकुशल वापसी के लिए अपराधियों के मोबाइल को ट्रेस कर चार युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनके पास से चार मोबाइल और एक कार बरामद की गयी है। इनमें से दो अभियुक्तों के पास से नशे की दवाइयां भी बरामद की गयी हैं।

**सभी आरोपी बिहार के रहने वाले हैं :** गिरफ्तार आरोपियों में नारायण कुमार, सोनू कुमार विश्वकर्मा, सुमित कुमार और हर्ष कुमार शामिल है। सभी गिरफ्तार अपराधी बिहार के आरा के रहने वाले हैं। घटना में इस्तेमाल एक सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर-बीआर 01 एफए 8738 है, उसे भी बरामद किया गया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने की सख्त टिप्पणी

# हिरासत में हिंसा और मौत सिस्टम पर धब्बा, देश नहीं करेगा बर्दाश्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि पुलिस हिरासत में हिंसा और मौतें हमारी व्यवस्था पर एक 'बड़ा दाग' है और देश अब इसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करेगा। दरअसल सुप्रीम कोर्ट एक मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई कर रहा है, जो देशभर के पुलिस थानों में सीसीटीवी के ठीक से नहीं चलने से जुड़ा है। अदालत ने इस दौरान राजस्थान में आठ महीनों में 11 हिरासत मौतों पर गहरी चिंता जतायी। दो जजों की बेंच न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता ने मामले में कहा कि देश अब ऐसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं करेगा। यह सिस्टम पर धब्बा है। हिरासत में मौतें नहीं हो सकतीं।



**तीन हफ्ते में हलफनामा देगी केंद्र सरकार :** वहीं सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हिरासत में मौत को कोई भी व्यक्ति सही नहीं ठहरा सकता। लेकिन कोर्ट इस बात से नाराज हुआ कि केंद्र सरकार ने अब तक अपना अनुपालन रिपोर्ट दाखिल नहीं किया है। अदालत ने इस पर तीखा सवाल किया और पूछा कि केंद्र सरकार इस अदालत को हल्के में क्यों ले रही है? इसके बाद केंद्र ने तीन हफ्ते के भीतर हलफनामा देने का वादा किया।

# चुनाव आयोग अब भाजपा आयोग बन गया : ममता बनर्जी

- मुख्यमंत्री एसआइआर के विरोध में निकाली गयी रैली में हुईं शामिल
- कहा, यह निष्पक्ष संस्था नहीं, मुझे चुनौती दी तो भाजपा की नींव हिला दूंगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोनगांव।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि चुनाव आयोग अब निष्पक्ष नहीं रहा। यह 'भाजपा आयोग' बन गया है। अगर उन्हें बंगाल में चुनौती दी गयी, तो वे पूरे देश में भाजपा की नींव हिला देंगी। ममता बोनगांव में एंटी-एसआइआर रैली को संबोधित कर रही थीं। ममता ने दावा किया कि यदि राज्य के मतुआ-बहुल क्षेत्रों में रहने वाले लोग नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के तहत स्वयं को विदेशी घोषित करते हैं, तो उन्हें तुरंत मतदाता सूची से हटा दिया जायेगा।

**क्या भाजपा शासित राज्यों में भी हैं घुसपैठिये :** ममता ने कहा कि अगर एसआइआर का मकसद अवैध बांग्लादेशियों को हटाना है, तो भाजपा शासित राज्यों में एसआइआर क्यों कराया जा रहा है? क्या बीजेपी यह स्वीकार कर रही है कि उसके 'डबल इंजन' वाले राज्यों में भी घुसपैठिये मौजूद हैं? अगर बांग्लादेशी समस्या है, तो आप मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में एसआइआर क्यों चला रहे हैं?

**एक दिन मुझे भी वे बांग्लादेशी कहेंगे :** एक बार एसआइआर के बाद आयी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट सामने आ जायेगी, तब लोग समझ जायेंगे कि चुनाव आयोग और भाजपा ने कितना बड़ा विनाश किया है। मुझे बांग्लादेश एक देश के रूप में बहुत पसंद है, क्योंकि हमारी भाषा एक जैसी है। मैं बीरभूम से हूं, लेकिन एक दिन वे मुझे बांग्लादेशी कहेंगे।



**केंद्र सरकार को हटना चाहिए :** ममता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को 2024 में इसी वोटर लिस्ट के आधार पर वोट मिले थे। अगर आपका नाम हटा दिया जाता है, तो केंद्र सरकार को भी हटा देना चाहिये। इतनी जल्दी में एसआइआर क्यों चलाया जा रहा है? जब तक मैं यहां हूं, मैं उन्हें आपको बाहर (वोटर लिस्ट से) नहीं निकालने दूंगी। कोई भी आपको बाहर नहीं निकाल सकता। अगर एसआइआर दो-तीन साल तक किया जाये, तो हम इस प्रक्रिया को हर संभव संसाधन के साथ समर्थन देंगे।

**बिहार चुनाव परिणाम एसआइआर का असर :** प. बंगाल मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार चुनाव परिणाम एसआइआर का ही असर था। विपक्ष वहां भाजपा की रणनीति को समझ ही नहीं पाया। अगर भाजपा बंगाल में मुझे चोट पहुंचाने की कोशिश करेगी, तो मैं पूरे भारत में उसकी नींव हिला दूंगी। भाजपा मुझें राजनीतिक रूप से न तो चुनौती दे सकती है और न ही हरा सकती है।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 26 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in


# विपक्ष ने जिस एसआइआर को कभी बताया 'सामाजिक न्याय का कदम', अब इसमें दिखने लगी 'साजिश'

## ■ एसआइआर के विरोध के पीछे 'हार' का डर, फ्लॉप शो साबित हुआ बिहार में

## ■ आक्रोश नहीं रणनीतिक बचाव है विपक्ष का एसआइआर विरोध

बिहार के बाद दर्जन भर राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में चार नवंबर से मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण, यानी एसआइआर शुरू किया गया है, जो चार दिसंबर तक चलेगा। इनमें छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल तथा अंडमान-निकोबार, लक्षद्वीप और पुडुचेरी शामिल हैं। इस प्रक्रिया पर सवाल उठने लगे हैं। विपक्षी दल आरोप लगा रहे हैं कि चुनाव आयोग की यह कवायद मतदाता सूची में सुधार नहीं, बल्कि अत्याचार का जरिया बन गया है। विपक्षी दल यह सवाल भी उठा रहे हैं कि विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर चुनाव आयोग जल्दबाजी क्यों कर रहा है। जिस कार्य के लिए दो-तीन माह की जरूरत है, उसे पूरा करने के लिए सिर्फ एक माह की समय सीमा क्यों तय की गयी है। दरअसल विपक्ष द्वारा एसआइआर के विरोध के पीछे उसका हार का डर है। विपक्ष का यह डर बिहार के चुनाव परिणाम के बाद अधिक गहरा हुआ है, क्योंकि बिहार में एसआइआर के बाद चुनाव हुए। इसलिए विपक्ष जिस एसआइआर को पहले 'सामाजिक न्याय का कदम' बता रहा था, अब उसे यह प्रक्रिया 'साजिश' नजर आने लगी है। विपक्ष का यह बदला हुआ स्टैंड एक तरफ उसकी कमजोरी को सामने ला रहा है, तो दूसरी तरफ लोकतांत्रिक प्रक्रिया का विरोधी भी साबित हो रहा है। क्या है एसआइआर प्रक्रिया के विरोध की असलियत और इसके पीछे का कारण, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**

**आजाद सिपाही विशेष**



राकेश सिंह
संपादक

बिहार में संपन्न विधानसभा चुनाव में करारी हार का सामना करने के बाद अब विपक्ष एक सुर से दर्जन भर राज्यों में शुरू किये गये मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) का विरोध करने लगा है। बिहार के बाद दर्जन भर राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में चार नवंबर से मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण, यानी एसआइआर शुरू किया गया है, जो चार दिसंबर तक चलेगा। इनमें छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल तथा अंडमान-निकोबार, लक्षद्वीप और पुडुचेरी शामिल हैं। इस पूरे विवाद में सच्चाई क्या है, क्या वाकई मतदाता सूची में किसी प्रकार की हेराफेरी हो रही है, या फिर यह विपक्षी दलों की उस हार की आशंका है, जिसे वह आने वाले चुनावों में भांप चुका है और अब इसके लिए पहले से ही बहाने गढ़ने की कोशिश में है, इन सवालों का विश्लेषण करना लोकतांत्रिक चेतना के लिए आवश्यक है।

### एसआइआर की प्रक्रिया और इसका उद्देश्य

भारत निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि राज्यों में जो पुनरीक्षण कार्य चल रहा है, वह उसकी वार्षिक मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया का हिस्सा है। यह हर वर्ष पूरे देश में एक अक्टूबर की संदर्भ तिथि के आधार पर किया जाता है, ताकि 18 वर्ष या उससे ज्यादा उम्र के नये नागरिकों को मतदाता सूची में जोड़ा जा सके और मृत, स्थानांतरित या अयोग्य मतदाताओं को हटाया जा सके। इस प्रक्रिया के तहत घर-घर जाकर बूथ स्तर के अधिकारी (बीएलओ) मतदाताओं से नाम, आयु, पता और पहचान पत्र से संबंधित जानकारी लेते हैं। फार्म 6, 7 और 8 के माध्यम से नये नाम जोड़ने, पुराने नाम हटाने अथवा किसी भी प्रकार की सुधार करने की व्यवस्था होती है। इस पूरी प्रक्रिया में जाति या धर्म से संबंधित कोई भी जानकारी नहीं ली जाती, जैसा कि कुछ विपक्षी दलों द्वारा आरोप लगाया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि इस कार्य का उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ मतदाता सूची को सटीक और अद्यतन बनाना है, ताकि भविष्य के चुनाव निष्पक्ष और भरोसेमंद तरीके से कराये जा सकें।

### विपक्ष के आरोप आधारहीन और पूर्वनियोजित

विपक्ष ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग एसआइआर की आड़ में जातीय और धार्मिक आंकड़े एकत्र कर रहा है। उसका यह भी दावा है कि इस आंकड़े का इस्तेमाल राजनीतिक लाभ के लिए किया जायेगा, लेकिन ये आरोप तथ्यहीन प्रतीत होते हैं। बिहार में तो 2023 में सरकार ने जातीय जनगणना करा कर जातीय और धार्मिक आंकड़ा एकत्र किया था। तब राजद और कांग्रेस ने उस पहल का समर्थन किया था और उस समय इस प्रक्रिया को सामाजिक न्याय का कदम कहा



गया था। इसके बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी बार-बार देश भर में जातीय जनगणना कराने की बात कह रहे हैं। अब जब चुनाव आयोग एक वैधानिक, नियमित और तकनीकी प्रक्रिया चला रहा है, तो वही दल इसे साजिश बता रहे हैं। यह विरोधाभास साफ संकेत देता है कि कहीं न कहीं यह बयानबाजी राजनीतिक लाभ-हानि की गणना से प्रेरित है, न कि किसी लोकतांत्रिक या संवैधानिक चिंता से।

### युवा मतदाताओं का डर सता रहा विपक्ष को

बीते कुछ वर्षों में युवा और पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं के तौर पर एक नयी वर्गीय पहचान ने उभरना शुरू किया है। ये मतदाता विकास, रोजगार, शिक्षा और सुशासन जैसे मुद्दों को महत्व देते हैं और जाति-धर्म आधारित राजनीति से ऊब चुके हैं। 2024 के लोकसभा चुनावों में इसका असर स्पष्ट रूप से देखा गया। आगामी विधानसभा चुनावों से पहले इस पुनरीक्षण में इन नये युवा मतदाताओं की भागीदारी निर्णायक साबित हो सकती है। यह वर्ग किसी पार्टी का पारंपरिक वोट बैंक नहीं है और मुद्दों पर आधारित मतदान करता है। यह स्थिति उन दलों के लिए असहज है, जो अब भी जातीय ध्रुवीकरण के बलबूते राजनीति करना चाहते हैं।

### चुनाव आयोग की साख और संविधान की मर्यादा

भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत की गयी थी, जिसका उद्देश्य स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराना है। यह संस्था दशकों से अपनी निष्पक्षता और पारदर्शिता के लिए जानी जाती रही है। जब-जब लोकतंत्र पर संकट आया, चुनाव आयोग ने अपनी भूमिका दृढ़ता से निभायी है। यदि अब कोई राजनीतिक दल उस संस्था की निष्पक्षता पर प्रश्न उठाता है, तो यह केवल चुनाव आयोग पर ही नहीं, बल्कि पूरे संवैधानिक ढांचे पर सवाल उठाने जैसा है। लोकतंत्र का मतलब केवल अधिकारों की मांग नहीं, बल्कि संस्थाओं पर भरोसा और नागरिक जिम्मेदारी का निर्वहन भी है। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि पुनरीक्षण प्रक्रिया में कोई नयी तकनीक का इस्तेमाल नहीं हो रहा है और सर्वे या गोपनीय जानकारी नहीं मांगी जा रही है। बीएलओ वही जानकारी मांग रहे हैं, जो हर बार मांगी जाती है, जैसे नाम, उम्र, पता और पहचान पत्र की जानकारी। जाति या धर्म की जानकारी लेना न केवल अनधिकृत है, बल्कि चुनाव आयोग की निर्देशिका के खिलाफ भी है।

### राजनीतिक शिगूफा और पूर्व-निर्मित हार का बहाना

राजनीतिक विश्लेषकों का एक वर्ग मानता है कि विपक्ष द्वारा इस समय जो आक्रोश प्रदर्शित किया जा रहा है, वह दरअसल एक रणनीतिक बचाव है। बिहार में मिली करारी हार के बाद निराशा के गर्त में डूबा विपक्ष पहले से ही एक नैरेटिव तैयार कर रहा है, जिससे अगर परिणाम अनुकूल न आयें, तो चुनाव आयोग या केंद्र सरकार को दोषी ठहराया जा सके। यह बात सही है कि कोई भी स्वस्थ लोकतंत्र आलोचना और प्रतिप्रश्नों से डरता नहीं है, लेकिन आलोचना तथ्यों और प्रमाणों के आधार पर होनी चाहिए। यदि विपक्ष के पास कोई ठोस प्रमाण होता कि मतदाता सूची में धर्म या जाति के आधार पर आंकड़ा एकत्र किया जा रहा है, तो उसे इसका सबूत देना चाहिए, न कि केवल बयानों से काम चलाना चाहिए। जबकि सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण की अनुमति दे दी है।

### विपक्ष को असली डर तो अपनी गलती का है

दरअसल विपक्ष का एसआइआर का विरोध केवल सियासी नहीं है। यह उसके द्वारा की गयी गलती के सामने आने का डर है। भाजपा की मानें तो विपक्षी दलों ने राज्यों में अपने शासनकाल में जम कर घुसपैठियों को पनाह दी है। एसआइआर के जरिये अब उनकी पहचान सामने आने लगी है। यूपी में तो सरकार ने डिटेंशन सेंटर स्थापित करने की तैयारी कर ली है, जिनमें मतदाता सूची से हटाये जानेवाले लोगों को रखा जायेगा। विपक्षी दलों को डर है कि यदि एसआइआर हुआ, तो उनके वोट बैंक पर प्रभाव पड़ेगा। एसआइआर को लेकर बंगाल में सियासत जोरों पर है। भाजपा का आरोप है कि टीएमसी सरकार ने वोट के लिए बड़े पैमाने पर घुसपैठ होने दी। वहीं टीएमसी ने कहा कि केंद्र असुरक्षित समुदायों को डरा रही है और एसआइआर को हथियार बना रहा है।

### 99 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं को दिये गये फॉर्म: इसीआइ

वहीं चुनाव आयोग के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के फेज 2 के तहत 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूची अपडेट करने की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। चुनाव आयोग के अनुसार अब तक 99 प्रतिशत से अधिक यानी 50.47 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं को एसआइआर फॉर्म मिल चुके हैं। इनमें से 20 करोड़ से अधिक फॉर्म, लगभग 40 प्रतिशत, पहले ही डिजिटाइज कर लिये गये हैं। आयोग का कहना है कि डिजिटल प्रोसेसिंग से सत्यापन और अपडेट कार्य की गति बढ़ी है। लक्ष्य है कि पात्र मतदाताओं के नाम समय पर सूची में शामिल हों और त्रुटियों को न्यूनतम किया जाये। चुनाव आयोग ने एसआइआर को लेकर राज्यवार सूची भी जारी की है।

### विश्वास, भागीदारी और विवेक की मांग

यह भी ध्यान देने वाली बात है कि मतदाता सूची में अद्यतन प्रक्रिया केवल किसी सरकार के लिए नहीं, बल्कि लोकतंत्र की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए होती है। यह वह प्रक्रिया है, जिसके आधार पर प्रत्येक नागरिक को निर्णय लेने का अधिकार प्राप्त होता है। इस पर अविश्वास जताना लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों को कमजोर करने जैसा है। विपक्ष की भूमिका भी लोकतंत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन जब वह संस्थाओं की साख पर बिना प्रमाण हमला करने लगे, तो यह भूमिका स्वाभाविक आलोचक की नहीं, बल्कि विध्वंसक की हो जाती है। कुल मिलाकर मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर उठाये गये विपक्षी दलों के सवाल केवल भ्रम फैलाने की कोशिश प्रतीत होते हैं। भारत निर्वाचन आयोग की पारदर्शिता, प्रक्रिया की नियमितता और कानूनी संरचना को देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि यह पूरा विवाद विपक्ष की असुरक्षा और आगामी चुनावों में हार के भय से उपजा हुआ है।

---

# कुडू में एनएच का मुआवजा लेने के लिए फर्जी दस्तावेज बनवाया

## वंशावली-मतदाता पहचान से लेकर आधार तक में हेराफेरी का आरोप

**पीड़ित पक्ष ने डीसी, एसपी से जांच कर कार्रवाई की मांग की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुडू-लोहरदगा।** एक ओर जहां अपने ही अपनों से दूर होते जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर कुडू में फर्जी रिश्तेदार बनने का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। मौजा कुडू के खाता संख्या 152, प्लॉट संख्या 278 की लगभग 27 डिसमिल जमीन को लेकर चल रहा विवाद अब फर्जी रिश्तेदारी के बड़े मामले में बदल गया है। आरोप है कि एनएच चौड़ीकरण में मिलने वाले भारी मुआवजे की लालच में एक पक्ष जाली कागजात और फर्जी वंशावली तैयार कर खुद को जमीन मालिक पक्ष का रिश्तेदार सिद्ध करने की कोशिश कर रहा है। कूडू निवासी बुल्ला साहू ने इस मामले में उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, एआरडीसी, सीओ से लेकर कुडू थाना तक कई आवेदन देकर विस्तृत जांच की गुहार लगायी है। लेकिन कई स्तरों पर शिकायत देने के बावजूद अब तक किसी ठोस कार्रवाई का इंतजार है, लेकिन मामला और उलझता नजर आ रहा है। पीड़ित पक्ष इंसाफ के लिए प्रतिदिन अंचल, थाना से लेकर जिले तक कि खाख छान रहा है।

### रांची के अनगड़ा प्रखंड के युवक ने जमीन पर दावा किया

**बुल्ला साहू के मुताबिक उनके दादा 1932 के खतियानी रैयत हैं। मूल वंशावली में उनके तीन पुत्र देवचरण साहू, रामचरण साहू और शिवचरण साहू का नाम दर्ज हैं। इनमें शिवचरण के पुत्र स्व. डोमन साहू की कोई संतान नहीं थी। वहीं देवचरण और रामचरण के परिवार आज भी कूडू में निवास करता है और उक्त जमीन पर वर्षों से उनका ही जोत-कोड़ और कब्जा रहा है। इनका आरोप है कि रांची जिले के अनगड़ा प्रखंड अंतर्गत सिकीदिरी निवासी गणेश प्रसाद साव ने अपने दिवंगत पिता स्व. बिगन साव को स्व. डोमन साव का पुत्र दिखाकर जाली दस्तावेज तैयार करवाये हैं। आरोप के अनुसार इसके लिए बीते वर्ष 20 दिसंबर को जाति प्रमाणपत्र जेएचसीबीसी / 2024/981341 एवं आवासीय प्रमाणपत्र जेएचएलआरसीओ / 2024/756950 फर्जी वंशावली के आधार पर निर्गत कर दिये गये हैं और प्रमाणपत्र बनवाने के लिए दी गयी वंशावली में शिवचरण साहू के भाई देवचरण साहू का बेटा और राजेंद्र साहू और डोमन साहू दोनों को शिवचरण का बेटा दिखा दिया गया, और समर्थन में राजेंद्र साहू के पुत्र अमित के दस्तावेज संलग्न कर दिये गये जो उनके अनुसार पूरी तरह फर्जी हैं। बुल्ला साहू का आरोप है कि कुछ अधिकारी मिलकर सुनियोजित तरीके से गणेश प्रसाद को गोतिया साबित करने पर तुले हैं, ताकि वह एनएच मुआवजे में हिस्सा प्राप्त कर सके।**

### पहचान पत्रों में भी बदलाव का लगाया आरोप

जालसाजी को मजबूत करने के लिए गणेश प्रसाद द्वारा पहचान पत्रों में भी हेरफेर किये जाने का दावा बुल्ला साहू ने किया है। पुराने मतदाता पहचान में इपिक बीबीडी3484458 में पिता का नाम बिगन साव है और नये इपिक बीबीडी 8389421 में पिता का नाम डोमन साव करवाया गया है, जबकि आधार कार्ड 443871213099 में भी पिता का नाम बदल दिया गया है। इधर गणेश प्रसाद की मां यमुना देवी, जो विद्युत विभाग से पेंशन ले रही हैं, उनकी फाइल में पति का नाम अभी भी बिगन साव पिता कारू साव ही दर्ज है। इसके अलावा सिकीदिरी में खाता 45 के 42 डिसमिल जमीन जिसपर गणेश प्रसाद रहते हैं उस जमीन में भी बिगन साव पिता कारू साव के नाम पर निबंधित है।

---

# पाकुड़ में चोरी की 12 बाइक बरामद, तीन अपराधी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**पाकुड़।** पाकुड़ जिले की पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 12 चोरी की बाइक के साथ तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सभी बरामद गाड़ियों का सत्यापन पूरा कर लिया गया है और इन्हें जल्द ही वास्तविक मालिकों को सौंप दिया जायेगा। गिरफ्तार आरोपितों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की प्रक्रिया जारी है।

गिरफ्तार अपराधियों में रमजान अंसारी उर्फ ओखनु, अब्दुल सुभान अंसारी उर्फ मोटरू और लतीफ अंसारी शामिल हैं। रमजान अंसारी के खिलाफ महेशपुर, शमशेरगंज (पश्चिम बंगाल) और पाकुड़ नगर थाना में चोरी, डकैती की तैयारी और अवैध कारोबार के कई मामले दर्ज हैं, जबकि लतीफ अंसारी पर भी पाकुड़ थाना में गंभीर धाराओं के तहत मुकदमे दर्ज हैं।



पुलिस अधीक्षक (एसपी) निधि द्विवेदी ने बताया कि अन्नपूर्णा कॉलोनी से 7 नवंबर 2025 को चोरी हुई होंडा साइन (जेएच 04टी-6515) की तलाश के लिए गठित विशेष अनुसंधान दल (एसआइटी) ने तकनीकी साक्ष्यों, मोबाइल लोकेशन और गुप्त सूचना के आधार पर तेजी से कार्रवाई की।

अमित कुमार के आवेदन पर दर्ज पाकुड़ थाना कांड संख्या 281/2025 के आधार पर पुलिस लगातार जांच कर रही थी। एसआइटी ने छापेमारी अभियान चलाकर तीनों अपराधियों को पकड़ा और उनकी निशानदेही पर कुल 12 बाइक बरामद कीं। इनमें हीरो स्प्लेंडर प्लस, हीरो सुपर स्प्लेंडर, होंडा शाइन, हीरो ग्लैमर, बजाज पल्सर समेत कई मॉडल शामिल हैं। कई बाइक बिना नंबर प्लेट के मिलीं, जिससे स्पष्ट होता है कि चोरी के बाद इनकी पहचान छिपाने की कोशिश की गयी थी।

पुलिस की जांच में सामने आया कि यह गिरोह पिछले कई वर्षों से पाकुड़ और आसपास के इलाकों में बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम देता रहा है। पुलिस के अनुसार गिरोह की सक्रियता के कारण जिले में चोरी की घटनाएं बढ़ रही थीं, जिन पर अब प्रभावी अंकुश लगा है।

एसआइटी की इस सफलता में पाकुड़ नगर थाना प्रभारी बबलू कुमार, अमड़ापाड़ा थाना प्रभारी मदन शर्मा, लिट्टीपाड़ा थाना प्रभारी विनय कुमार, अभिषेक कुमार, बलवंत दुबे, जेना बलमुचु, शाहिद, सोनालाल पहाड़िया, अवधेश कुमार, संतोष मरांडी और सशस्त्र पुलिस बल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। एसपी द्विवेदी ने कहा कि जिले में यह बड़ी सफलता बाइक चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने में मदद करेगी। पुलिस ऐसे अपराधियों के खिलाफ आगे भी विशेष अभियान चलायेगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 23.6 °c | 11.1 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.02 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.09 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 26 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in


## सहकारिता समिति के पदाधिकारी मुर्गी फीडिंग और नयी बर्ड खरीदने के लिए दिखाते हैं मोटी राशि का हिसाब

# फार्म की महिला कृषकों को एक अंडे के एवज मिलते हैं 27 से 35 पैसे

■ मुर्गी शेड के निर्माण के लिए कृषक महिलाओं के नाम है ऋण, विवरण पूछने पर बगलें झांकते हैं समिति के पदाधिकारी

## एक दर्जन अंडा खरीदने के लिए अंडा कृषकों को देनी पड़ती है एक दिन की मजदूरी

आफताब अंजुम/ हिमांशु रंजन

**बसिया (आजाद सिपाही)।** गुमला जिला का बसिया प्रखंड इन दिनों अंडा उत्पादन के लिए चर्चा में है। ग्रामीण अंडा उत्पादक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड गुमला के द्वारा बसिया में बड़े पैमाने पर अंडा उत्पादन हो रहा है। आठ रुपये में बिकने वाले एक अंडे से अंडा उत्पादन में लगे कृषकों को महज 35-40 पैसे ही दिये जाते हैं। अगर अंडे का उत्पादन औसत से कम हुआ तो यह राशि घट कर 27 पैसे हो जाती है। कृषकों के इस दोहन पर 'आजाद सिपाही' की टीम ने की है पूरी पड़ताल। आइये देखते हैं आखिर क्या है पूरा माजरा।





### 1550 रुपये प्रति पेटी हो रही है थोक बिक्री:

अंडे का बाजार खुदरा मूल्य वर्तमान में कहीं 7.50 तो कहीं 8.00 रुपये है। समिति इन दिनों प्रति पेटी अंडा 1550 रुपये की दर से थोक व्यापारियों को दे रही है। एक पेटी में कुल सात ट्रे अंडे आते हैं। प्रत्येक ट्रे में 30 अंडे होते हैं। कुल मिलाकर एक पेटी में 210 अंडे होते हैं। यानी प्रति अंडा पर सहकारिता समिति को 7 रुपया 38 पैसे मिलते हैं।

### एक अंडे की लागत 5.67 रुपये:

अब यह जानना और दिलचस्प हो गया है कि वर्तमान में 7 रुपया 38 पैसे में थोक बिकने वाले अंडा के उत्पादन में कितना खर्च आता है। सहकारिता कार्यालय में कार्यरत कर्मियों के बताये अनुसार एक अंडा पर लेबर को 02 पैसा, मुर्गी के खाने यानी फीड में 3.23 रुपये, दवा में 70 पैसा, सुपरवाइजर को 3 पैसा, ट्रे में 16 पैसा, काईन में 7 पैसा, चूजा से लेकर अंडा उत्पादन तक 1.07 रुपया, ट्रांसपोर्ट में दो पैसा, ऑफिस खर्च दो पैसा और सदस्यों को उनके कड़ी मेहनत का 35 पैसे की लागत है। इस प्रकार एक अंडे पर 5.67 रुपये की लागत आती है। सारे खर्च को काट कर अभी भी प्रति अंडा 1.71 रुपये का लाभ सहकारिता के पास मौजूद है।

### कृषकों के ऋण और अनुदान से बना है मुर्गी शेड:

अंडा देने वाली मुर्गियों के पालन के लिए शेड का निर्माण कराया गया है। बताया गया कि इस शेड के निर्माण में प्रति शेड 1 लाख 20 हजार रुपये की लागत आयी है। जिसमें 77 हजार 200 रुपये का अनुदान सरकार द्वारा दिया गया है। शेष लगभग 40000 रुपये ऋण में है, जो उन कृषकों की मजदूरी से काटा जा रहा है जिन्हें एक अंडे के बदले महज 35 पैसे दिये जा रहे हैं। जो अभी तक खत्म नहीं हुआ है।

### मात्र 100 रुपये प्रतिदिन ही हो पाती है कमाई

बाजार में अंडा का चाहे सबसे उच्च दर हो या निम्न दर, मजदूरों को प्रति अंडा 35 पैसा मिलना तय है। हालांकि प्रति अंडा मजदूरी 40 पैसा दर रखा गया है लेकिन यह किसी को मिलता ही नहीं है। अमूमन एक महिला कृषक के मुर्गी शेड में प्रतिदिन 11 से 12 ट्रे अंडा यानी 330 से 360 अंडा का उत्पादन होता है। कभी-कभी अंड़ों की संख्या कम भी हो जाती है। औसतन एक महिला कृषक को प्रति दिन मात्र 97 से 100 रुपये की कमाई होती है। यानी लगभग 3000 रुपये की आय होती है। इस राशि के बदले महिलाओं को सुबह उठकर मुर्गियों को दाना देने से लेकर साफ-सफाई तक का काम करती है। जिस में उनका अच्छा खासा समय लगता है। कहने को तो वो महिलाएं संस्था की सदस्य हैं, पर उन्हें सम्मानजनक मजदूरी तक नहीं मिल पाती है।

### क्षमता से 85 प्रतिशत कम हो रहा है उत्पादन:

संस्था शायद कृषकों को जानबूझ कर ऋणी बनाये रखना चाहती है। क्योंकि वर्तमान में अंडे का उत्पादन केवल 17000 हो रहा है। जबकि संस्था अगर पूरे संसाधनों का उपयोग करे तो एक लाख दस हजार उत्पादन करने की क्षमता है। इस प्रकार अपनी क्षमता का केवल 15 फिसदी ही उपयोग संस्था के द्वारा किया जा रहा है। प्रखंड में कुल अंडा उत्पादन के 300 सेंटर हैं जिसमें संस्था के 300 सदस्य को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। 300 सेंटरों में 196 सेंटरों में बर्ड उत्पादन में हैं। 25 में प्रिलेयर यानी अंडा उत्पादन होने वाला है। 79 में लेयर यानी मुर्गी डालना है।

### घटता बढ़ता रहता है अंडे का मूल्य:

कुछ विशेष अवसरों पर अंडा का दाम घट भी जाता है। पूजा सीजन में अंडा का दाम कम जबकि जाड़ा और बरसात के मौसम में अंडा की कीमत काफी बढ़ जाती है। बाजार की मांग को देखते हुए मूल्य में उतार चढ़ाव होते रहता है। हालांकि एक बात कटु सत्य है कि मांग कम होने के बावजूद उत्पदन की लागत में लाभ जोड़ कर ही बेचा जाता है। समिति के रिकार्ड के अनुसार वित्तिय वर्ष 2024 -25 में कुल 1,96,31,197 अंडे 10,55,67,828 रुपये में इस समिति द्वारा बेचे गये।

### कहां खर्च होता है लाभांश:

लाभांश के रूप में सभी सदस्य को मिलाकर एक प्रतिशत दिया जाता है। मुर्गियों द्वारा अंडा उत्पादन बंद होने के बाद संस्था उन मुर्गियों को बेच देती है और बेची गयी मुर्गियों से मिले पैसे में लाभांश को मिला कर पुनः अंडा देने वाली नयी मुर्गियां खरीदती है।

### ऐसे दिखाया जाता है लाभांश का खर्च

सहकारिता समिति के संचालक तो यह कहते हुए नजर आते हैं कि हमारा सारा कामकाज पारदर्शी है। लेकिन बर्ड फीडिंग के लिए खर्च की गयी राशि 2.23 रुपये का विस्तृत ब्योरा मांगने पर मैंनेजर दायें-बायें झांकने लगते हैं। वहीं, कुछ कृषकों की मानें, तो नया बर्ड की खरीदारी का मूल्य भी बाजार कीमत से ज्यादा दिखाया जाता है। इन दोनों बिंदुओं पर खर्च का पूरा ब्यौरा मांगे जाने पर कोई कर्मी बात करने को तैयार नहीं है। सहकारिता समिति द्वारा कृषकों को महज 27 से 35 पैसे तक की मजदूरी देकर उन के अधिकारों पर डाका डाला जा रहा है। वहीं उत्पादन क्षमता से कम उत्पादन करके कृषकों को ऋणी बनाये रखा जाता है, ताकि कृषक इस धंधे को कहीं छोड़ न दें। जबकि इतने कम पैसे पर काम मिलने से कई कृषकों ने अपने शेड में अंडा उत्पादन बंद कर दिया है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा, यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा।

**वृष** राजनीतिक लाभ, कर्मक्षेत्र में सहयोगियों से अनुकूलता, प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

**मिथुन** इच्छित कार्य सफल होगा, लाभकारी वातावरण की शुरूआत है, नये काम में लाभ मिलेगा।

**कर्क** शुभ कार्य का संपादन करेंगे, सद्भावनाएं और शुभ संदेश प्राप्त होगा।

**सिंह** सामाजिक संपर्क प्रभाव का लाभ उठा सकते हैं, आदर-सम्मान एवं कर्मबल की वृद्धि होगी।

**कन्या** नयी आशाओं का उदय होगा,धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे,धनागम के अवसर बढ़ेंगे।

**तुला** -विविध समस्याओं का समाधान,परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे।

**वृश्चिक** राजनीतिक संपर्क प्रभाव बढ़ेगा, चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी। बिजनेस में शुभ परिवर्तन।

**धनु** सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

**मकर** आजीविका संबंधी चिंता दूर होगी, साहसिक कार्य में सफलता, पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि।

**कुंभ** लाभकारी प्रयास सफल होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग, स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा।

**मीन** चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# अति कुशल श्रेणी की लिस्ट में नर्स, लैब टेक्नीशियन, पैरामेडिकल स्टाफ का कोई जिक्र नहीं: प्रतुल शाहदेव

**कहीं इन्हें सामान्य वर्ग का पेमेंट मिलता है तो कहीं इन्हें कुशल श्रेणी का**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर बड़ा हमला करते हुए कहा कि 11 मार्च 2024 को झारखंड के श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा प्रकाशित गजट के 11 नंबर पृष्ठ पर अति कुशल श्रेणी का जिक्र किया गया है। इसमें राजमिस्त्री, ईंट पारने वाले और बावर्ची तक सम्मिलित हैं। लेकिन दूसरी ओर इसी अति कुशल श्रेणी के लिस्ट में कई वर्ष की पढ़ाई करके आने वाले स्टाफ नर्स, एक्स-रे टेक्नीशियन, लैब फार्मासिस्ट एवं अन्य पैरामेडिकल कोर्स किये लोगों का कोई जिक्र नहीं है। प्रतुल ने कहा यह युवाओं के साथ क्रूर मजाक है। 3 वर्ष की पढ़ाई करके लाखों रुपये खर्च करके जो लोग आते हैं उसे झारखंड सरकार ने अति कुशल या कुशल श्रेणी में भी जिक्र करना जरूरी नहीं समझा। अब विभिन्न विभागों और अस्पतालों या आउटसोर्सिंग एजेंसी के रहमों करम पर यह लोग आ जाते हैं। कहीं इन्हें सामान्य वर्ग का पेमेंट मिलता है तो कहीं इन्हें कुशल श्रेणी का। अति कुशल श्रेणी में इन्हें कोई जगह नहीं दी जाती।

### समानता सिक्योरिटी पर इतनी मेहरबानी क्यों?

प्रतुल ने कहा कि रांची के सदर अस्पताल में वर्षों से आउटसोर्सिंग का काम सामानता सिक्योरिटी एजेंसी कर रही है। 600 से ज्यादा लोग इस आउटसोर्सिंग एजेंसी ने संविदा पर सदर अस्पताल रांची में रखा है। सरकारी फाइलों में पारा मेडिकल स्टाफ का मानदेय 805 रुपये प्रतिदिन है। जबकि इनका 514



रुपये प्रतिदिन एजेंसी के द्वारा भुगतान किया जाता है। यहां भी इन पैरामेडिकल स्टाफ को कुशल श्रेणी के नाम पर भुगतान किया जाता है। जबकि तकनीकी रूप से इन्हें अति कुशल श्रेणी में आना चाहिए। सरकार के द्वारा एजेंसी को पूरे महीने का 18138 रुपये का भुगतान किया जाता है। जबकि एजेंसी इन संविदा कर्मियों को 26 दिन का वेतन 14704 रुपये मात्र देती है। सिविल सर्जन का ऑफिस पूरे महीने का पेमेंट करता है। जबकि एजेंसी सिर्फ 26 दिन का पेमेंट संविदा कर्मियों को करती है। प्रतुल ने कहा सरकार संविदा कर्मियों के लिए 18 प्रतिशत अलग से जीएसटी की व्यवस्था करती है। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से आउटसोर्सिंग एजेंसी संविदा कर्मियों की तनख्वाह से ही अतिरिक्त 18 प्रतिशत जीएसटी काटती है। प्रतुल ने कहा कि इपीएफ का नियम है कि 12 प्रतिशत संविदा कर्मी,12 प्रतिशत एजेंसी मिलकर लगभग 25 प्रतिशत काटा जाता है। लेकिन यहां इन संविदा कर्मियों से पूरा 25 प्रतिशत उनके तनख्वाह से काटा जाता है और एजेंसी का इसमें कोई योगदान नहीं रहता। प्रतुल ने कहा कि इस पूरे प्रकरण में करोड़ रुपये के महीने का घोटाला हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी संविदा कर्मियों के मुद्दे पर बहुत संवेदनशील है और सरकार अगर हठधर्मिता पर लगी रही तो भाजपा इस मुद्दे को सड़क से लेकर विधानसभा तक ले जाने में सक्षम है।

# भाजपा बेबुनियाद आरोप लगाती रहे, अबुआ सरकार काम करती रहेगी : विनोद पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने भाजपा के आरोपों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि झारखंड की अबुआ सरकार को बदनाम करने का भाजपा का सिलसिला अब बेतुके आरोपों के नये अध्याय पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का पूरा बयान तथ्यों से रहित, भ्रामक, आधा-अधूरा ज्ञान और पूरी तरह राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित है। भाजपा को पैरामेडिकल स्टाफ की चिंता तब क्यों नहीं हुई जब केंद्र में उनकी सरकार ने इन्हें उपेक्षित रखा? विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा जिन पैरामेडिकल स्टाफ की आज अचानक चिंता कर रही है, उन्हीं वर्गों को लेकर केंद्र सरकार ने कभी न्यूनतम वेतन, सुरक्षित कार्य वातावरण और पुरानी पेंशन जैसी मांगों पर कोई कदम नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने शासनकाल में स्वास्थ्य ढांचे को जर्जर करने और संविदा कर्मचारियों को शोषण के अंधेरे में



धकेलने के लिए कुख्यात रही है।

### गजट की गलत व्याख्या कर रही है भाजपा

विनोद पांडेय ने साफ कहा कि श्रम विभाग की गजट अधिसूचना को भाजपा नेता चुनिंदा रूप से पढ़ रहे हैं, जबकि सरकार पैरामेडिकल स्टाफ के वेतनमान, कौशल श्रेणी और मानदेय संरचना को अपडेट करने की प्रक्रिया पर पहले से काम कर रही है। भाजपा को यह भी बताना चाहिए कि उनके शासन में स्वास्थ्य कर्मियों की वेतन संरचना किस हालत में थी? वे क्यों 17-18 वर्षों तक चुप बैठे रहे?

### समानता सिक्योरिटी को लेकर भाजपा का आरोप राजनीतिक नौटंकी

विनोद पांडेय ने आगे कहा कि सदर अस्पताल रांची में आउटसोर्सिंग व्यवस्था भाजपा शासनकाल से ही चलती आ रही है और उस दौरान भारी घोटाले, दलाली तंत्र और भ्रष्ट एजेंसियों को भाजपा नेताओं के संरक्षण में फलने-फूलने दिया गया था। उन्होंने कहा कि आज जब अबुआ सरकार आउटसोर्सिंग एजेंसियों के पूरे सिस्टम की ऑडिट और रिव्यू कर रही है, तब भाजपा बौखला गयी है। विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा संविदा कर्मियों की संवेदना की नहीं, बल्कि उनकी पीड़ा को राजनीतिक लाभ में बदलने की राजनीति करती है। अगर भाजपा सच में संविदा कर्मियों के लिए संवेदनशील होती तो देशभर में इनके लिए एक समान नीति बनाती, लेकिन आज तक कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार सभी स्वास्थ्य कर्मियों के मानदेय, सेवा शर्तों और सुरक्षा को लेकर सुस्पष्ट नीति पर काम कर रही है। पांडेय ने कहा कि झारखंड में भाजपा की राजनीति अब तथ्यहीन आरोपों और झूठे आंकड़ों का खेल बन चुकी है। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा के पास कोई ठोस दस्तावेज है तो वह सरकार को दें, सिर्फ कैमरे के सामने कहानी गढ़ने से भाजपा को राजनीतिक ऑक्सीजन तो मिल सकता है, सच नहीं। अबुआ सरकार श्रमिकों, युवाओं और स्वास्थ्य कर्मियों के हित में प्रतिबद्ध है। पांडेय ने कहा कि हेमंत सोरेन और अबुआ सरकार ने नर्सों की भर्ती, लैब टेक्नीशियन की बहाली, जिला स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और संविदा कर्मियों की सुरक्षा पर ऐतिहासिक कदम उठाये हैं, जो भाजपा के समय कभी संभव नहीं था।

# झारखंड का पहला ग्लोबल डांस इवेंट अगले साल

**सम्सकृतिकी और नृत्यशाला करेंगे 10 मई 2026 को आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सम्सकृतिकी और नृत्यशाला मिल कर 10 मई 2026 को रांची में पहला ग्लोबल डांस इवेंट करने जा रहे हैं। इस डांस इवेंट में जितने भी शास्त्रीय नृत्य हैं, सभी को शामिल किया गया है। इंडिया इंटरनेशनल डांस फेस्टिवल विश्वविख्यात है और अब 2026 में पहली बार झारखंड के लोग भी इस इवेंट का आनंद ले सकेंगे। आइआइडीएफ की पैरेंट बॉडी का नाम सम्सकृतिकी है। झारखंड की प्रतिष्ठित नृत्य संस्था नृत्यशाला, ये दोनों मिल कर कर रहे हैं यह



इवेंट। नृत्यशाला की कर्ता-धर्ता मोनिका डे आइआइडीएफ की झारखंड की कॉर्डिनेटर बनायी गयी हैं। यहां जारी बयान में मोनिका डे ने कहा कि अगर कोई प्रतिभागी इसमें भाग लेना चाहता है तो वह शास्त्रीय, लोक, जनजातीय और समकालीन नृत्य में भाग ले सकता है। प्रतिभागी ग्रुप और सोलो, दोनों विधाओं में अपनी कला का प्रदर्शन कर सकता है। उन्होंने बताया कि बेस्ट परफार्मर को फ्यूचर फेस अवार्ड दिया जायेगा। मोनिका डे ने दावा किया कि झारखंड में इस तरह का ग्लोबल इवेंट पहली बार हो रहा है। इसमें देश-विदेश से प्रतिभागी भाग लेंगे। स्थानीय कलाकारों के लिए यह बहुत बड़ा मौका है। रजिस्ट्रेशन के लिए दो विकल्प हैं। पहला है वाट्सएप नंबर 8763865855 पर प्रोफाइल और अपने प्रदर्शन का वीडियो भेजें और दूसरा विकल्प है प्रोफाइल और प्रदर्शन का वीडियो ranchiiidf@gmail.com पर भेजें।

## कांग्रेस के मीडिया टैलेंट हंट के लिए पर्यवेक्षकों को 27 और 28 नवंबर को प्रेस कांफ्रेंस करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा झारखंड में गतिशील प्रवक्ताओं, मीडिया पैनलिस्ट, रिसर्च कोऑर्डिनेटर, प्रचार कोऑर्डिनेटर के लिए मीडिया टैलेंट हंट चलाया जा रहा है, 8 जोन में झारखंड को विभक्त किया गया है प्रत्येक जोन के लिए नियुक्त पर्यवेक्षकों की बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में जूम के माध्यम से हुई। बैठक में विशिष्ट रूप से टैलेंट हंट के पूर्वी जोन प्रभारी अतुल लोधे पाटिल कोऑर्डिनेटर हामिद हुसैन उपस्थित थे। बैठक में झारखंड टैलेंट हंट के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए किये जा रहे हो प्रयासों पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि आगामी 27 एवं 28 नवंबर को प्रत्येक जोन के लिए नियुक्त पर्यवेक्षकों को संवाददाता सम्मेलन कर कार्यक्रम के संदर्भ में



लोगों को विस्तृत रूप से जानकारी देने का निर्देश दिया गया ताकि आवेदन की अंतिम तिथि 5 दिसंबर तक अधिक से अधिक आवेदनों की प्राप्ति हो सके। बैठक में प्रमुख रूप से रविंद्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, शमशेर आलम, ज्योति मथारू, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुजनी, सोनाल शांति, अमूल्य नीरज खलको, लाल किशोर नाथ शाहदेव, गजेंद्र सिंह, नलिन मिश्रा, एम तौसीफ, अनिल ओझा, राकेश किरण महतो, सुनील सिंह, अख्तर अली, चैतू उरांव, शशि भूषण राय, दयामणि बारला, अवधेश प्रजापति, शबाना खातून प्रशांत पांडेय उपस्थित थे।

# पुआल में आग लगने से दो बच्चे जले, हालत गंभीर, रिम्स रेफर

## दो अलग-अलग स्थानों पर पुआल में लगी आग

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले के दो अलग-अलग स्थानों में पुआल के गांज में आग लगने से दो बच्चे जलकर गंभीर रूप से घायल हो गये। पहली घटना कामडारा थाना क्षेत्र के सरिता गांव की है। जहां गांव के जुलियस लुगून का डेढ़ वर्षीय पुत्र नमन लुगून मंगलवार की दोपहर तीन बजे घर के पास धान के खलिहान के पास बने पुआल का कुंबा (रूम) में लेटा हुआ था। जहां आग लग गयी और बच्चा बुरी तरह से जल गया। जिसे परिजनों के द्वारा अनन-फानन में कामडारा सीएचसी लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गुमला सदर अस्पताल लाया गया। जांच के उपरांत डॉ राहुल देव ने बच्चे के 90 प्रतिशत शरीर के हिस्सा को जला पाया। जिसके बाद बच्चे को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरी घटना पालकोट प्रखंड के बिलिंगबीरा की है। जहां गांव के ही कन्हैया साहू की एक साल नौ माह आयु की पुत्री शोभा कुमारी पुआल से जल गयी।

जिसे परिजनों के द्वारा गुमला सदर अस्पताल लाया गया। जहां उसका शरीर का 80 प्रतिशत हिस्सा जला पाया गया। जिसे डॉक्टर ने रांची रिम्स रेफर किया। जानकारी के अनुसार शोभा अपने दोस्तों के साथ पुआल में खेल रही थी उसी दौरान पुआल में आग लग गयी और बच्ची डर से भाग नहीं पायी जिस कारण वो जल गयी। बताते चलें कि दोनों मामले में बच्चे के परिजन सदर अस्पताल में एंबुलेंस के लिए परेशान नजर आये। घटना के बाद डाक्टर के द्वारा दोनों बच्चों को रांची रिम्स रेफर कर दिया गया था। जिसके बाद परिजन एंबुलेंस के लिए संपर्क किया। जिसके आधा घंटा के बाद एंबुलेंस अस्पताल पहुंची। जिसके बाद परिजन बच्चे को लेकर रांची के लिए निकले। लोगों ने दो एंबुलेंस सदर अस्पताल में 24 घंटा तैनात रखने की प्रशासन से मांग की है।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 26 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in
04

## केरेडारी के तीन पंचायतों में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत केरेडारी प्रखंड के हेवई, सलगा और बेलतू पंचायत में शिविर का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीण जनता ने अपने आवेदन जमा किये। हेवइ पंचायत में कुल 357 आवेदन आये जिसमें 338 मामलों का निष्पादन किया गया जबकि कुल 17 मामलों को लंबित किया गया और 1 आवेदन अस्वीकृत किया गया। इसी प्रकार सालगा पंचायत में कुल 333 आवेदन जमा हुए जिनमें 321 आवेदन निष्पादित किये गये व जबकि 12 मामलों को लंबित किया गया। वहीं बेलतू पंचायत में कुल 383 आवेदन जमा हुए जिसमें 373 मामलों का निष्पादन किया गया है और कुल 10 मामलों को लंबित किया गया। तीन पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में लोक कल्याणकारी योजनाओं, आय प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, जाती प्रमाण पत्र, नया राशन कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, वृद्धा पेंशन योजना, विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन और स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र सहित कई अन्य विभागों के भी स्टाल लगाये गये थे। इस कार्यक्रम में प्रखंड सह अंचल कार्यालय के कर्मी व जनप्रतिनिधि व सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

## मरकच्चो प्रखंड में एलसीडीसी कार्य का निरीक्षण



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** आज जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ रमण कुमार ने मंगलवार को मरकच्चो प्रखंड के आयुष्मान आरोग्य मंदिर नवलशाही और खेशमी ग्राम में एलसीडीसी कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान सहिया द्वारा लाए गये कुष्ठ के संदेहास्पद व्यक्तियों की जांच की गयी, जिसमें चार लोगों में कुष्ठ रोग की पुष्टि हुई। खेशमी ग्राम में सहिया द्वारा किये गये मार्किंग, सर्वे सूची और संदेहास्पद व्यक्तियों की सूची की भी जांच की गयी। इस दौरान एमपीडब्लू जावेद अंसारी और सहिया को संदेहास्पद व्यक्तियों की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान एक मरीज, जिसमें कुष्ठ की पुष्टि पहले ही हो चुकी थी, द्वारा एमडीटी दवा लेने से इनकार करने की जानकारी मिली। इस पर डॉ रमण कुमार ने उसके घर जाकर परिजनों से मुलाकात की और काउंसलिंग करते हुए बताया कि कुष्ठ का एकमात्र इलाज एमडीटी है, जो सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर निःशुल्क उपलब्ध है। साथ ही एमपीडब्लू जावेद अंसारी को निर्देश दिया गया कि ग्रेड-टू मरीज को एमसीआर और सेल्फ-केयर किट नियमित रूप से उपलब्ध करायें। मौके पर फिजियोथैरेपिस्ट राजीव रंजन, जावेद अंसारी, सहिया चंदा देवी और ग्रामीण उपस्थित थे।

## डीएवी कोडरमा के वाद विवाद टीम की शानदार उपलब्धि



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** पीवीएसएस डीएवी पब्लिक स्कूल कोडरमा की अंग्रेजी वाद-विवाद टीम ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रौशन किया है। कोडरमा स्कूल सहोदय कॉम्प्लेक्स के तत्वावधान में 22 नवंबर 2025 को आयोजित जिला स्तरीय इंटर-स्कूल अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम ने समग्र रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में कक्षा 9 की छात्रा अभया श्री ने अपनी प्रभावशाली अभिव्यक्ति, सशक्त भाषा-शैली और मंच पर अद्भुत आत्मविश्वास का परिचय देते हुए प्रथम पुरस्कार (फॉर द मोशन स्पीच) अपने नाम किया। विद्यालय प्रशासन ने टीम की अन्य प्रतिभावान प्रतिभागियों रागिनी कुमारी, जिन्होंने विपक्ष पक्ष के वक्ता के रूप में शानदार तर्क प्रस्तुत किये, और महेविश फातिमा, जिन्होंने इंटरजेक्टर के रूप में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई - की सराहना की। सभी प्रतिभागियों की कड़ी मेहनत और नियमित अभ्यास ने टीम को प्रतिस्पर्धा में मजबूती से खड़ा किया विद्यालय के प्राचार्य कृष्णा कुमार सिंह ने इस उल्लेखनीय सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय की अंग्रेजी वाद-विवाद क्लब की यह उपलब्धि विद्यालय की उत्कृष्टता, वाक्पटुता और टीमवर्क की मिसाल है। अभ्यासी का प्रथम पुरस्कार उनकी प्रतिभा, समर्पण और हमारे शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। विशेष रूप से यह मानता हूं कि कुमार सतीश सिंह तथा ज्योति ने प्रतिभागियों को देर शाम तक निरंतर अभ्यास कराया। विद्यालय के डिबेट क्लब इंचार्ज कुमार सतीश सिंह और उनकी टीम विशेष बधाई के पात्र हैं। विद्यालय परिवार ने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के देवीपुर, मुर्कमनाय और नावाडीह1 पंचायत में मंगलवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो और अंचलाधिकारी परमेश्वर कुशवाहा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राशन कार्ड, पेंशन योजना, बाल विकास परियोजना, पशुपालन विभाग, राजस्व, स्वास्थ्य समेत विभिन्न विभागों के स्टाल लगाये गये। तीनों पंचायत में विशेष कर महिलाओं व युवतियों की भीड़ सबसे अधिक देखने को मिली। मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना के लिए सबसे ज्यादा लोग आवेदन करने पहुंचे। शिविर में स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, आधार संशोधन, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, नया राशनकार्ड, दाखिल खारिज वादों का निष्पादन, भूमि की मापी, भूमि धारण प्रमाण पत्र समेत विभिन्न प्रकार के सामाजिक सुरक्षा पेंशन से संबंधित आवेदन लिए गए। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने कहा कि यदि तय समय में सेव नहीं मिल पाती है तो आवेदक उच्च अधिकारियों के पास अपील कर सकते है। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो, अंचल अधिकारी परमेश्वर कुशवाहा, देवीपुर पंचायत के मुखिया बेबी साहू, नावाडीह 1 पंचायत की मुखिया वैजयंती देवी, समाजसेवी बसंत साव, मुरकमनाय पंचायत की मुखिया उषा देवी, विजय यादव, अरविंद यादव, एई चितरंजन कुमार, जेई कर्ण मेहरा, निखिल महतो, राजेश कुमार, दीपक कुमार समेत प्रखंड और अंचलकर्मी उपस्थित रहे।

# प्यार में बांग्लादेश की सरहद पार कर भारत आयी युवती

## धर्म बदला, शादी की फिर भी पति ने छोड़ दिया

**बांग्लादेश के ढाका से मुंबई के बार तक..प्यार, धोखे और लड़ाई की दर्दभरी दास्तां**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** बांग्लादेश के ढाका जिला बोरिसल की रहने वाली मीतू अख्तर बिस्ती की कहानी किसी दर्दनाक दास्तां से कम नहीं। फेसबुक पर हुई एक दोस्ती ने उन्हें सरहद के पार भारत तक ला दिया, लेकिन आज वही प्यार उनके लिए एक लंबा संघर्ष बन गया है। साल 2022 में हजारीबाग के चौपारण प्रखंड के एक युवक से मीतू की दोस्ती हुई। ऑनलाइन शुरू हुई बातचीत कुछ ही महीनों में प्यार में बदल गयी। प्यार के अंधे विश्वास में युवक ने जुगाड़ कर उनके लिए पहचान पत्र बनवाया और उन्हें बांग्लादेश से पहले कोलकाता और फिर मुंबई ले आया। मुंबई पहुंचने के बाद हालात इतने खराब हुए कि मीतू को बार डांसर बनकर अपनी जिंदगी चलानी पड़ी। आर्थिक तंगी के बीच भी दोनों साथ रहे, किराये के कमरे में रहकर किसी तरह अपना जीवन संभालने की कोशिश करते रहे। मीतू बताती हैं कि वे मुस्लिम समुदाय से आती थीं, लेकिन युवक के परिवार ने इस रिश्ते का विरोध किया। जनवरी 2023 में उनका धर्म परिवर्तन कराया गया और फरवरी 2023 में दोनों ने हिंदू रीति-रिवाज से शादी कर ली। शादी के बाद वे फिर मुंबई लौट आए और अपनी नयी जिंदगी शुरू की। मुंबई में मीतू ने कड़ी मेहनत कर अपने पति के लिए गाड़ी तक खरीद दी, ताकि वह काम कर सकें और घर में मदद हो। लेकिन उनके मुताबिक पति हर दिन नशे में ही डूबा रहता था और किसी जिम्मेदारी को नहीं समझता था। फरवरी 2025 में युवक अपने घर चौपारण जाने की बात कहकर निकला और कहा कि कुछ दिनों में वापस आ जायेगा। लेकिन उस दिन के बाद वह कभी नहीं लौटा। मीतू ने लगातार फोन किये, घर वालों से बात करनी चाही, लेकिन किसी ने उनका फोन तक नहीं उठाया। कुछ दिनों पहले मीतू किसी तरह चौपारण पहुंच गयीं, तो उनके पति और परिजनों ने उन्हें घर से बाहर निकाल दिया। मीतू का कहना है कि यह उनके लिए सबसे बड़ा सदमा था, क्योंकि वह सिर्फ अपने पति से मिलने और सच्चाई जानने गयी थीं।

मीतू का कहना है कि वे स्थानीय प्रशासन से कई बार मदद की गुहार लगा चुकी हैं, लेकिन कहीं भी उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। वह कहती हैं कि अब वे पूरी तरह टूट चुकी हैं और सिर्फ न्याय चाहती हैं। पति के पक्ष को भी जानने की कोशिश की गयी मगर, पति और उसके परिजनों ने फोन नहीं उठाया।

# चोरी की घटनाओं से परेशान लोगों ने आपसी चंदा कर पूरे मुहल्ले में लगवाये सीसीटीवी कैमरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर के कानी बाजार न्यू कॉलोनी में चोरी की घटना से परेशान मोहल्लेवासियों ने आपसी चंदा कर पूरे मुहल्ले में सीसीटीवी कैमरा लगवा दिया है। गत दिन पूर्व दो घरों में चोरी की घटना हुई थी, जिसके बाद मोहल्लेवासियों ने यह फैसला लिया था कि चोरी छिनतई जैसी घटनाओं को रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाया जायेगा। चोरों के आतंक से बचने के लिए कानी बाजार विकास समिति ने न्यू कॉलोनी में कम्युनिटी सीसीटीवी कैमरा लगवा दिया। अभी तक 23 कैमरा अलग अलग स्थानों पर लगा पूरे मुहल्ले पर नजर रखी जा रही है। रुद्र राज ने बताया कि मोहल्ले में 35 घर हैं, नए घर बन रहे हैं। मोहल्ले की एंट्री और एग्जिट पर पांच मेगापिक्सल के डे नाइट कैमरे लग रहे हैं। इसमें ऑडियो भी रिकॉर्ड होता है। जिसमें लगभग ढाई लाख के आसपास खर्च हो गया है। 3 माह पूर्व मोहल्ला वासियों ने मोहल्ले के डेवलपमेंट के लिए कानी बाजार विकास समिति का निर्माण किया था। इस समिति का उद्देश्य स्थानीय समस्याओं का समाधान, समुदाय को संगठित करना, कानून-व्यवस्था में सहयोग, विकास कार्यों की निगरानी, सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन करना है। इसके अंतर्गत एंटी-सोशल गतिविधियों, चोरी, झगड़ा, नशाखोरी आदि पर नजर रखेगा। 9 कैमरा और लगाया जायेगा, जिसके लिए स्थान चिन्हित किया जा रहा है। कानी बाजार से लगे जितने भी मोहल्ले है उनके एंट्री और एग्जिट पर अधिक कैमरे लगाये गये हैं। दूरी ज्यादा होने के वजह से क्वालिटी में कमी आई थी जिसे दूर करने के लिए 5 स्थानों में पीओई स्विच लगाया गया है जिससे क्वालिटी इंप्रूव होगा। वहीं रुद्र राज ने बताया कि इसकी निगरानी पुलिस कंट्रोल रूम हजारीबाग में होगी और दूसरा मोहल्ले के अध्यक्ष अधिवक्ता रुद्र राज के कार्यालय में कंट्रोल यूनिट बनाया गया है। स्थानीय लोगों ने इस योजना के लिए एक कार्यकारिणी बनाई थी जिसमें अध्यक्ष रुद्र राज, उपाध्यक्ष निशांत जैन, उपाध्यक्ष मनीष कुमार, सचिव राजन जायसवाल, महासचिव ज्ञान चंद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सरोज कुमार झा, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में पवन केशरी, शुभम वर्मा, सुमन अग्रवाल को शामिल किया गया था।

## लोन से महिला परेशान, पति अन्य के साथ फरार

**सतगावां(आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र ग्राम पोखरडीहा में युवती सरस्वती देवी पति संजीत राजवंशी की समस्या लगातार बढ़ते जा रही है। एक ओर जहां महिला का पति पत्नी छोड़कर अन्य युवती के साथ फरार हो गया है। वहीं दूसरी ओर लोन कंपनी वाले लोन के पैसे को लेकर सरस्वती देवी पर दबाव बना रहा है।लोन कंपनी वाले का कहना है कि सरस्वती देवी 45 हजार रुपया लोन ली थी जहां 6 किस्त और बाकी है जहां लगभग 2100 प्रत्येक महीना के हिसाब से देना होता है। लोन रिकवरी करने वाले कर्मी ने बताया कि हमें ऊपर से दबाव होता है, रात 10 बजे तक यही बैठकर लोकेशन दिखायेंगे और पैसा हर हाल में लेकर जायेंगे। जबकि युवती के पास खाने के तक के पैसे नहीं है। इस मामले को लेकर सरस्वती देवी ने बताया कि हमारा पति अपने बहन की शादी को लेकर हमसे लोन लेने पर मजबूर कर दिया। लोन लेने के बाद पति अन्य युवती के साथ फरार हो गया। लोन कंपनी बराबर हमारे ऊपर पैसे देने को लेकर दवाब बना रहे हैं। सरस्वती देवी अपने दो बच्चों को पालने को लेकर इधर-उधर भटक रही है और अपने पिता के घर पर किसी प्रकार से रहकर अपने बच्चों का पालन पोषण कर रही है।**

# निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड हॉस्पिटल द्वारा चुरचु प्रखंड के जरवा अवस्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में मंगलवार को निःशुल्क दंत जांच शिविर का आयोजन हुआ। इसमें दांत और सामान्य स्वास्थ्य का जांच और उपचार निशुल्क किया गया। विद्यालय के बच्चे, शिक्षकगण और कर्मचारीगण सहित कई जरूरतमंद मरीजों ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। जिसमें 117 जनों ने निः शुल्क दंत शिविर में जांच और उपचार करवाकर उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श प्राप्त किया। इस दौरान चिकित्सकों ने बच्चों को स्वच्छता के प्रति आदतें विकसित करना और स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित किया। शिविर के आयोजन में विद्यालय प्रबंधन ने विधि- व्यवस्था और सहयोग में अपना सरहानीय योगदान दिया। साथ ही हजारीबाग डेंटल कॉलेज द्वारा लगाये गये निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर की प्रशंसा कर चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति कृतज्ञ व्यक्त किया। मौके पर हजारीबाग डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि बुनियादी उपचार जरूरतमंदों को निःशुल्क उपलब्ध कराना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना मुख्य उद्देश्य है। मौके की पर नेशनल पब्लिक स्कूल के प्राचार्य कृष्णा कुमार, शिक्षक ओम प्रकाश साव, निशिकांत, पूनम, गुलशन खातुन, दीपक विश्वकर्मा, सुमित्रा देवी, सोनु सिंह सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# आजीविका कर्मचारी संघ के धरना को सीटू ने दिया समर्थन

**जेएसएलपीएस कर्मियों की ताकत को कम आंकने की भूल न करे हेमंत सरकार : संजय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाइटी अंतर्गत कार्यरत कर्मियों को राज्य कर्मी का दर्जा देने सहित पांच सूत्री मांगों को लेकर झारखंड राज्य आजीविका कर्मचारी संघ के बैनर तले समाहरणालय पर पांच दिन से चल रहे बेमियादी धरना को सीटू ने समर्थन दिया। मंगलवार सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने आंदोलनरत कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि समान काम का समान वेतन मिलने का अधिकार सभी कर्मियों को है। जेएसएलपीएस का गठन हुए 16 वर्ष हो गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार 10 साल तक लगातार काम करने वाले कर्मियों को स्थायी करना है। लेकिन इन्हें सोसाइटी एक्ट में रखकर राज्य कर्मी होने का अधिकार से वंचित किया जा रहा है। झारखंड के हर गांव में आजीविका महिला समूह है, जो जेएसएलपीएस से संचालित होती है। राज्य में इनकी संख्या लगभग 50 लाख है, जो किसी भी सरकार की बुनियाद को हिला सकती है। इसलिए जेएसएलपीएस कर्मियों की ताकत को कम आंकने की भूल न करे हेमंत सरकार। इन कर्मियों को तुरंत नियमित करने की पहल करनी चाहिए। ये लोग राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका संवर्धन और महिला सशक्तिकरण के लिए सतत काम कर रहे हैं। इन सभी कार्यों को पूर्णतः जिम्मेदारियों का वहन करते हुए सरकार के अन्य योजनाओं और सौंपे गये जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वाहन करते आ रहे हैं और सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू कर वंचितों तक सुविधाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जेएसएलपीएस कर्मचारी राजकर्मी और न्यूनतम वेतन के हकदार है। उन्होंने केन्द्र सरकार के एनएमएमयू पॉलिसी के अंतर्गत लाने की वकालत की। धरना को अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के जिला सचिव शशि कुमार पांडेय ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अमरदीप कुमार और संचालन बिनोद राम ने किया। धरना में डीएम शशांक भदानी, विपुल, मनोज यादव, राहुल कुंडू, प्रतीक कुजूर, बिनोद राम, बीपीएम एडमिन, सीसी कर्मी नितेश कुमार, आलोक नाथ, शिखा वर्मा, सुधीर कुमार, सेतु, पंकज, अंजनी कुमार, गौरी, मनीष, प्रदीप, अमरदीप, रंजीत, संजीव सहित दर्जनों जेएसएलपीएस कर्मी मौजूद थे।

## एनटीपीसी में श्रम संहिताओं के प्रभावित क्रियान्वयन के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया गया



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में चार नवीन श्रम संहिताओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत टीएसएमपीएल वर्कर्स कॉलोनी में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अगुवाई खान सुरक्षा विद्युत के उपनिदेशक शेख मिन्हाजुद्दीन एसईजेड रांची द्वारा की गयी। कार्यक्रम के दौरान श्री मिन्हाजुद्दीन ने नई लागू चारों श्रम संहिताओं के महत्वपूर्ण प्रावधानों, विशेषताओं और उनके लाभों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस दौरान परियोजना के अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों, विभिन्न परिचालन इकाइयों के श्रमिकों और संविदा कर्मियों ने सहभागिता की। इस जागरूकता सत्र का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों में कानूनी समझ को सुदृढ़ करना, श्रम सुधारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और कार्यस्थल पर नयी श्रम संहिताओं का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करना था। प्रतिभागियों को श्रमिक अधिकारों, नियोक्ता की जिम्मेदारियों, व्यावसायिक सुरक्षा मानकों और कल्याणकारी प्रावधानों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गयी। सत्र के अंत में प्रतिभागियों से प्रतिक्रिया भी प्राप्त की गयी। उपस्थित श्रमिकों और कर्मचारियों ने भारत सरकार के श्रम हितैषी सुधारों की सराहना करते हुए कहा कि ये संहिताएं श्रम कानूनों को सरल बनाने, पारदर्शिता बढ़ाने और श्रमिक कल्याण को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत टाटीझरिया प्रखंड की डहरभंगा पंचायत में मंगलवार को शिविर का सफल आयोजन किया गया। पंचायत भवन परिसर में आयोजित इस शिविर की अध्यक्षता मुखिया रेखा देवी ने की। शिविर का शुभारंभ प्रमुख संतोष मंडल, बीडीओ सह सीओ रश्मि खुशबू मिंज, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष रवि सिंह, पंसस पुष्पा देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुधीर राय ने कार्यक्रम का कुशल संचालन किया। शिविर में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों पर ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी। प्राप्त आवेदनों की संख्या के लिहाज से मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना और अबुआ आवास योजना के स्टॉलों पर सबसे अधिक लोग जुटे। बड़ी संख्या में लोगों ने इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन दिए। प्रमुख संतोष मंडल ने इस अवसर पर कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को सभी सरकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर सुविधाजनक तरीके से उपलब्ध कराना है। इस दौरान ग्रामीणों के बीच सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना के तहत वस्त्र, आय-जाति-आवासीय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, नौनिहालों को गर्म कपड़े आदि का वितरण किया गया। शिविर में स्वास्थ्य, मनरेगा, शिक्षा, पेंशन, आपूर्ति, जेएसएलपीएस, कृषि, पशुपालन सहित विभिन्न सरकारी विभागों के स्टॉल लगाये गये थे ताकि लोग आसानी से अपनी समस्याओं का समाधान करा सकें और योजनाओं की जानकारी ले सकें। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि रवींद्र यादव, परमेश्वर प्रसाद यादव, बीपीओ अफरोज अख्तर, सुनिल कुमार, मो. मोईनुद्दीन, अनिल कुमार राणा, रोजगार सेवक अरूण कुमार, नेमचंद कुमार, सुरेंद्र प्रसाद, संजय साव, रामाशीष साव, गोपाल साव, इरफान अंसारी, सुकेश राम, ममता कुमारी, राकेश कुमार सिंह, अमित मोहन सहित बड़ा डहरभंगा, छोटा डहरभंगा, ऐंटा, केसडा, घुघुलिया, गोधिया, बौधा, हटवे के बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## नयाटांड, चंदौल, सिंदवारी पंचायत में 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** नयाटांड, चंदौल, सिंदवारी पंचायत में मंगलवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत भव्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नयाटांड पंचायत में आयोजित शिविर का उद्घाटन भू-अर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार, अंचलाधिकारी मनोज कुमार और मुखिया लीलावती देवी, चंदौल पंचायत में प्रमुख फुलवा देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, मुखिया एतवारिया देवी और सिंदवारी पंचायत में मुखिया और अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया। सभी जगह आयोजित शिविरो में पंचायत प्रतिनिधियों ने अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया। मौके पर प्रमुख फुलवा देवी ने झारखंड सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ऑन द स्पॉट आवेदन को स्वीकृत कर सौंपा। कई मामलों का तत्काल समाधान किया गया, जबकि शेष को संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। मनरेगा जॉब कार्ड, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण हेतु सहायता, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, बालिकाओं की शिक्षा और स्वावलंबन के लिए सर्वजन पेंशन योजना, वृद्ध, विधवा और दिव्यांग पेंशन, अबुआ आवास योजना, राशन कार्ड, एलपीजी गैस, जन्म और मृत्यु प्रमाण-पत्र, आवास प्रमाण-पत्र, टीकाकरण जैसी सेवाएं भी उपलब्ध कराई गयी थी। मौके पर मुख्य रूप से भू अर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार, प्रखंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, अंचलाधिकारी मनोज कुमार, कल्याण पदाधिकारी भास्कर राज, कृषि प्राधिकारी पंकज गुप्ता, आशीष पासवान, मुखिया प्रतिनिधि अजीत महतो, बीपीओ अरुण पासवान, हीरो महतो सहित अन्य लोग शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** चंदवारा थाना अंतर्गत ढाब थाम भट्ठबिगहा स्थित क्रशर के पास सड़क हादसा में बोलेरो की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल की पहचान मुकेश कुमार (25 वर्ष, पिता सहदेव प्रजापति), पिंटू कुमार (22 वर्ष, पिता सहदेव प्रजापति), कुंदन कुमार (20 वर्ष, पिता राजदेव प्रजापति) के रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार तीनों युवक मोटरसाइकिल से चौपारण दहर शादी समारोह में शामिल होने चंदवारा आ रहे थे। इसी दौरान भट्ठबिगहा क्रशर के समीप विपरीत दिशा से आ रही बोलेरो ने तेज रफ्तार में उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में मोटरसाइकिल सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही चंदवारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तुरंत सदर अस्पताल भेजा, जहां उनका इलाज चल रहा है।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 26 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in



## दस लाख मुआवजा के बाद मृतका चंचला देवी की परिजनों को बनी सहमति

टंडवा(आजाद सिपाही)। बीते दिन कल सोमवार को विभागीय कार्य के लिए प्रखंड कार्यालय जा रही आंगनबाड़ी सेविकाओं से भरी ऑटो को बेकाबू कोयला लदे हाइवा ने टक्कर मार दी, इस हादसे में कामता पंचायत काठमदीरी निवासी बीरेंद्र पांडेय की पत्नी सेविका 46 वर्षीय चंचला देवी चपेट में आने से मौके पर मौत हो गयी थी, और अन्य घायल हो गये थे। आक्रोशित परिजनों ने नौकरी मुआवजा की मांग को लेकर ट्रांसपोर्टिंग सड़क को जाम रखा। घटना के बाद कोयला ट्रांसपोर्टिंग कंपनियों को सिर दर्द होने लगा, थाना परिसर में रात्रि 10 बजे तक वार्ता जारी रहा, लेकिन सहमति नहीं बन पायी, मंगलवार को सुबह 10 बजे ट्रांसपोर्टर और प्रशासन मृतिका के परिजन, जन प्रतिनिधियों के बीच थाना परिसर में वार्ता शुरू हुई, इस वार्ता के परिणाम स्वरूप मृतक के स्वजन को कोयला ट्रांसपोर्टर द्वारा नौ लाख रुपये, जिसमें 3 लाख नगद और 6 लाख का चेक दिया गया। वहीं हिट एंड रन से एक लाख रुपए मुआवजा दिया गया। इसके बाद 24 घंटे से जाम में फंसे वाहनों को मुक्त किया गया। यह घटना समुदाय और जन प्रतिनिधियों के लिए महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है। जिसमें मृतक सेविका चंचला देवी की स्वजन को मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर ग्रामीणों जन प्रतिनिधियों की एकजुटता को दर्शाया गया है। इस दुर्घटना में बीरेंद्र पांडेय अपने पत्नी को खोने के बाद हर ओर चीत्कार फैल गई,उन्होंने चतरा सांसद और सिमरिया विधायक, ग्रामीणों और जन प्रतिनिधियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इस घटना की सूचना पाकर विधायक उज्ज्वल दास ने बीरेंद्र पांडेय को सांत्वना और ढाढस दिलाया। मौके पर बीडीओ देवलाल उरांव, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अनिल उरांव, नीलेश ज्ञानसेन उर्फ सोनू सिन्हा, ईश्वर दयाल पांडेय, सुभाष यादव, संजीव पांडेय, मिथलेश कुमार गुप्ता, सुभाष दास, अक्षयवट पांडेय, विकास मालाकार, राहुल मुखिया विश्वजीत, उदय अन्य उपस्थित थे।

### रामगढ़ न्यायालय में पेशी देने के बहाने घुसे थे श्रीवास्तव और पांडे गिरोह के शूटर

# शूटर रियाज अंसारी और शिवेंद्र के साथ 24 अपराधी भेजे गये जेल

- सरकारी काम में बाधा पहुंचाने और धोखा देकर कोर्ट में घुसने का लगा आरोप
- एसपी अजय कुमार के बुने जाल में फंसे सभी अपराधी
- एसपी के सूझबूझ से टला बड़ा हादसा, अपराधियों के मंसूबों पर फिरा पानी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ व्यवहार न्यायालय में तांडव मचाने वाले श्रीवास्तव गिरोह के कुख्यात शूटर रियाज अंसारी और कुमार शिवेंद्र के साथ 24 अपराधियों को मंगलवार को रामगढ़ पुलिस ने जेल भेज दिया है। एसपी अजय कुमार ने आपराधिक गिरोह के इस वर्चस्व की लड़ाई का पूरा खुलासा किया। उन्होंने बताया कि रामगढ़ जिले के अलावा रांची, हजारीबाग और गढ़वा जिले से अपराधियों को जुटाया गया था। गिरोह का एक दूसरा कुनबा कुमार शिवेंद्र के नेतृत्व में बिहार राज्य के बेगूसराय जिले से रामगढ़ पहुंचा था। इन दोनों के बीच पिछले कई वर्षों से सीनियर और जूनियर अपराधी को लेकर वर्चस्व की जंग चल रही थी। रियाज अंसारी से खफा कुमार शिवेंद्र सोमवार को रामगढ़ व्यवहार न्यायालय में पेशी देने के बहाने से घुसा था। लेकिन उसका कोई भी तारीख किसी भी कोर्ट में नहीं था। वह सिर्फ रियाज अंसारी को अपना दबदबा दिखाने पहुंचा था। लेकिन रामगढ़ पुलिस ने अपराधियों के मंसूबे को पहले ही भांप लिया था। एसपी अजय कुमार ने रामगढ़ व्यवहार न्यायालय परिसर में ही एक ऐसा जाल बिछाया, जहां श्रीवास्तव और पांडे गिरोह के कई कुख्यात अपराधी एक साथ गिरफ्तार कर लिए गये। उनके पास ना तो भागने का कोई मौका था और ना ही सफाई देने के लिए कोई दलील बची थी। आपस के झगड़े में वह इतने उलझे थे कि पुलिस की योजना को भांप नहीं पाये।

**सरकारी काम में बाधा पहुंचाने और धोखा देकर कोर्ट में घुसने का लगा आरोप :** श्रीवास्तव और पांडे गिरोह के कुख्यात अपराधियों पर पुलिस ने कई गंभीर आरोप लगाये हैं। रामगढ़ पुलिस की ओर से व्यवहार न्यायालय में पदस्थापित कोर्ट प्रभारी सब इंस्पेक्टर सूबेदार यादव ने अपराधियों के खिलाफ थाना कांड संख्या 317/25 दर्ज कराया है। उनके बयान पर यह स्पष्ट हुआ है कि संगठित आपराधिक गिरोह के सदस्यों के द्वारा पेशी के नाम पर धोखा देकर न्यायालय में प्रवेश किया गया। उन लोगों ने वहां हल्ला हंगामा किया, साथ ही अमन श्रीवास्तव गिरोह का सदस्य होकर न्यायालय जैसे सुरक्षित परिसर में धोखे से प्रवेश कर न्यायिक प्रक्रिया को बाधित किया। सरकारी कार्य कर रहे पुलिस पदाधिकारियों, पुलिस कर्मियों से जान मारने की नीयत से धक्का मुक्की की। उन लोगों ने सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की।

### न्यायालय से इन लोगों को किया गया गिरफ्तार

गिरफ्तार अपराधियों में श्रीवास्तव गिरोह का मुख्य सरगना माना जाने वाला पतरातू थाना क्षेत्र के रोचाप निवासी रियाज अंसारी, पालू गांव निवासी अफसर खां, हफुआ गांव निवासी रमीज राजा, टोकी सूद गांव निवासी नीतीश कुमार, आशेश्वर कुमार, जितेंद्र कुमार, रेलवे स्टीम कॉलोनी निवासी दीपक कुमार, भुरकुंडा ओपी के शास्त्री चौक निवासी सुजीत कुमार गोस्वामी, बिहार राज्य के बेगूसराय जिले के मझौली थाना क्षेत्र अंतर्गत सिउड़ी गांव निवासी कुमार शिवेंद्र, सन्नी कुमार, प्रिंस कुमार, चेरिया थाना के मंजहौल गांव निवासी रूपेश कुमार, नरेंद्र कुमार, भागलपुर जिले के कहलगांव निवासी आशीष कुमार, रांची जिले के कोकर सरना टोली निवासी सोनू सिंह, बांधगाड़ी निवासी कृष्ण कुमार, पर्वतपुर विहार कॉलोनी मोरहाबादी निवासी रतन कुमार, कोकर तिरला टोला निवासी साहिल सिंह, बूटी मोड़ निवासी विकास सिंह, मांडर थाने के सकरा निवासी दीपांशु सिंह, नामकुम निवासी आनंद कुमार, लालपुर नया नगराली निवासी राहुल वर्मा, हजारीबाग जिले के बड़ी बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत जसवंत नगर निवासी अमन चंद्र और गढ़वा जिले के मरटिया गांव निवासी कुमार दीपू शामिल हैं। इधर, पुलिस जांच कर रही है कि कौन अपराधी श्रीवास्तव और पांडे गिरोह में शामिल है।

### न्यायालय, पुलिस, प्रशासन का बोर्ड गाड़ी में लगाकर घूम रहे थे अपराधी

झारखंड के अलावा बिहार राज्य से कंट्रोल हो रहा पांडे और श्रीवास्तव गैंग के सदस्य अपने आप को हर तरीके से सुरक्षित मान चुके थे। उनकी गाड़ियों के काफिले में ऐसी कई गाड़ियां थी, जिस पर न्यायालय, पुलिस और प्रशासन का बोर्ड लगा हुआ था।

### फर्जी नंबर प्लेट के सहारे चल रही थी गाड़ी

श्रीवास्तव गिरोह के मुख्य सरगना बनने की होड़ में रियाज अंसारी और कुमार शिवेंद्र ने अपने काफिले में महंगी गाड़ियों को शामिल कर रखा था। लेकिन उनकी गाड़ियां फर्जी नंबर प्लेट पर चल रही थी। रामगढ़ व्यवहार न्यायालय में जब तांडव मचाने के लिए दो गुट आपस में भिड़े तो पुलिस ने उनके भागने के सारे संसाधन को जाम कर दिया। पुलिस उन गाड़ियों को भी पहले ही कब्जे में ले चुकी थी, जिससे अपराधी भागते।

### छावनी में तब्दील रहा रामगढ़ थाना परिसर

रामगढ़ व्यवहार न्यायालय परिसर में रियाज अंसारी और कुमार शिवेंद्र की गुट के बीच हुई मारपीट के बाद गिरफ्तार लोगों को सीधे रामगढ़ थाने ले आया गया। इसके बाद रामगढ़ थाना परिसर को सुरक्षा के दृष्टिकोण से छावनी में तब्दील कर दिया गया। मुख्य द्वार से अंदर आने वाले हर व्यक्ति कि पहले ही पूछताछ की गई। इसके अलावा थाने के अंदर आने वाले हर व्यक्ति का प्रवेश बंद कर दिया गया। जो लोग अपनी फरियाद लेकर भी पहुंचे, उनकी समस्या सुनने के बाद पुलिस उन्हें बाहर ही समय दे रही थी। जिन लोगों की समस्या आपातकालीन नहीं थी, उन्हें बाद में आने को कहा गया।

## 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में बाल विवाह के खिलाफ व्यापक जागरूकता अभियान



**चतरा (आजाद सिपाही)।** ज़िला प्रशासन द्वारा आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार सेवा का सप्ताह कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह के खिलाफ व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान की अगुवाई समाज कल्याण विभाग द्वारा की जा रही है। जिसका उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को बाल विवाह के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और समाज को इस कुप्रथा से मुक्त करना है। जिले के सभी पंचायतों में आयोजित शिविरों में समाज कल्याण विभाग के प्रतिनिधि, स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविकाएं, और विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्य सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से लोगों को बताया जा रहा है कि बाल विवाह न केवल एक कानूनी अपराध है, बल्कि यह बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, और उनके भविष्य पर गहरा नकारात्मक प्रभाव डालता है। अभियान का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी परिवार अपने बच्चे के भविष्य से समझौता न करे तथा समाज में बाल विवाह के विरुद्ध एक सामूहिक जागरूकता और प्रतिबद्धता विकसित हो। चतरा जिला प्रशासन का यह प्रयास बाल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिले के सभी विकास खंडों में इस पहल को सफल बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है ताकि चतरा जिला बाल विवाह मुक्त जिला बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सके।

## बौधाडीह में मेगा शिविर का आयोजन



**कुंदा /चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के बौधाडीह पंचायत सचिवालय में मंगलवार को झारखंड सरकार की अति महत्वाकांक्षी पहल आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मेगा शिविर का भव्य आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रमुख कमला देवी, मुखिया अनिता देवी, अंचलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा, बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा और बीपीओ राजेश कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों—जेएसएलपीएस, मनरेगा, विद्युत विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, सहकारिता विभाग, श्रम और नियोजन विभाग, मत्स्य विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि और पशुपालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पेयजल और स्वच्छता विभाग, बाल विकास परियोजना, आधार और आयुष्मान कार्ड सहित कई अन्य विभागों—द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनता को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं—जाति, आवासीय और आय प्रमाण पत्र, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड और अन्य सेवाओं—का लाभ सुगमता और पारदर्शिता के साथ उपलब्ध कराना है। शिविर में महिलाओं और युवतियों की सबसे अधिक भीड़ देखी गयी। विशेष रूप से मंईयां सम्मान योजना, आबुआ आवास और पीएम आवास योजना के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं पंजीकरण कराने पहुंचीं। शिविर के दौरान अनेक लाभुकों के बीच जॉब कार्ड, श्रम कार्ड, राशन कार्ड, धोती-साड़ी, सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत स्वीकृति पत्र और अन्य लाभों का वितरण किया गया। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती, मुखिया प्रतिनिधि बिनोद साव, अर्जुन पासवान, चिकित्सा प्रभारी डॉ. कुमार संजीव, सभी रोजगार सेवक, पंचायत सचिव और प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## सड़क किनारे मिला अधेड़ का शव

**चतरा (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के उंटा मोड़ स्थित लक्षणपुर गांव के समीप मुख्य सड़क किनारे आज सुबह एक 45 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। मृतक की पहचान भूपेंद्र कुमार यादव (पिता: स्व. बालदेव यादव) के रूप में हुई है। मृतक के भतीजे टिंकू यादव ने बताया कि भूपेंद् यादव शराब का अत्यधिक सेवन करते थे। कल शाम वह नशे की हालत में सड़क किनारे पड़े थे, जिसे उठाकर टिंकू ने किनारे सुला दिया था। हालांकि, आधे घंटे बाद उन्हें चाचा की हत्या की सूचना मिली। टिंकू यादव ने आरोप लगाया कि उनके चाचा के सिर को पत्थर से कुचला गया है। उन्होंने आपसी दुश्मनी के चलते हत्या किए जाने की आशंका जतायी है। क्योंकि कुछ दिन पहले भूपेंद्र का किसी के साथ नोंक-झोंक भी हुआ था। सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। उन्होंने कहा कि मामला की जांच किया जा रहा है और परिजनों के बयान लिए जा रहे हैं। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## डीडीसी ने जिला गंगा समिति की बैठक की



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** डीडीसी आशिष अग्रवाल ने अपने कार्यालय कक्ष में मंगलवार को जिला गंगा समिति की बैठक की। इस दौरान बैठक में डीडीसी ने सर्वप्रथम जिला गंगा समिति की पूर्व की बैठक में दिये गये निर्देश के आलोक में किये गये कार्यों की जानकारी समिति के सदस्यों से ली। मौके पर डीडीसी ने आगामी नव वर्ष के अवसर पर बड़ी संख्या में पर्यटकों के जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर पहुंचने के मद्देनजर विभिन्न पर्यटन स्थलों पर नमामि गंगे योजना के उद्देश्यों, साफ-सफाई बनाये रखने और लोगों में जागरूकता लाने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर, गंगा समिति सदस्य गोविंद मेवाड, डीपीओ नमामि गंगे चंदन कुमार सहित अन्य एजेंसियों के प्रतिनिधि, अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

## श्री राम विवाह महोत्सव का आयोजन



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड अंतर्गत के जयनगर गांव स्थित नलकारी नदी के समीप मंगलवार को श्रीराम विवाह महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और भक्त हनुमान की प्रतिमा पूजन आचार्य दिवाकर मिश्रा के द्वारा विधि विधान से सम्पन्न करायी गयी। मंगलवार को दिन भर पूजा के साथ-साथ भगवान राम की स्तुति, भजन आदि गाये गये। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरण भी किया गया। इस आयोजन से जयनगर गांव सहित आस पास के क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया। आयोजन को सफल बनाने में संचित पाठक, रवि पाठक, प्रदीप पाठक, अविनाश कुमार, हर्षित पाठक, मोनू कुमार, विनोद कुमार, प्रिया सोनी, नीतीश पाठक आदि महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## झारखंड राज्य आजीविका कर्मचारी संघ का धरना पांचवे दिन भी जारी



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य आजीविका कर्मचारी संघ के तत्वावधान में मंगलवार को जेएसएलपीएस के एल-8 से एल-5 स्तर तक के सभी कर्मचारी 21 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये। जिसके तहत राज्य के जिले में स्थित जेएसएलपीएस कार्यालय के समक्ष धरना देकर संगठन ने अपनी प्रमुख मांगों को पुरजोर तरीके से उठा रहे हैं। जिलाध्यक्ष प्रेमचंद कोटवार ने बताया कि सरकार हम सबों के साथ अन्याय कर रही है। हमारी मांगे लंबे समय से लंबित है। इससे पहले भी राज्य सरकार को अपनी मांगों से अवगत करा चुके हैं। लेकिन सरकार हमारी मांगों पर उचित निर्णय नहीं ले रही है। जेएसके कारण हम सभी बाध्य होकर आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब हमारी मांगें नहीं मानी जाती हैं तबतक आंदोलन जारी रहेगा। कर्मचारी संघ विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। जिसमें राज्य कर्मी का दर्जा देने, एनएमएमयू की नियमावली लागू करने, ऑतरिक प्रोन्नति, 10 प्रतिशत वार्षिक इंक्रीमेंट एवं अन्य सुविधाओं की मांग शामिल है। धरना में लखन शर्मा, देवनारायण महतो, सिकंदर महतो, विपिन कुमार, भास्कर महापात्र, अजय कुमार, रेखा कुमारी, अनुपमा सिंह, प्रीति टोप्पो आदि कर्मी शामिल थे।

# जनता सेवा ही मूल मंत्र है, हर लाभुक को मिलेगा अधिकार : ममता देवी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रजरप्पा।** दुलमी प्रखंड अंतर्गत होन्हे पंचायत और सिकनी पंचायत सचिवालय में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम और सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक ममता देवी जी ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश सीओ किशोरी यादव सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। शिविर में बड़ी संख्या में आये ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत और उपयोगी जानकारी प्रदान की गयी।

मुख्य अतिथि ममता देवी ने कहा सरकार का उद्देश्य है कि प्रत्येक जनसेवा अब आपके द्वार पर उपलब्ध हो। इस शिविर के माध्यम से ग्रामीणों की जरूरतों और समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। आम जनता को योजनाओं का लाभ बिना किसी परेशानी के मिले यही हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जॉब कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आय और निवास प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, दाखिल-खारिज, वृद्धा-विधवा-दिव्यांग पेंशन सहित अनेक सेवाओं से संबंधित आवेदनों का ऑन-द-स्पॉट निवारण किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को बार-बार प्रखंड कार्यालय नहीं जाना पड़े। मौके पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी शशि सिन्हा उपमुखिया उमाशंकर महतो, पंचायत सेवक शिवशंकर महतो, प्रकाश चटर्जी, खखु महतो, महेंद्र ओहदार, राजकुमार महतो, हेमलाल महतो, बालकृष्ण ओहदार, विनोद नायक, मिनहाज अंसारी, सुदर्शन महतो सावित्री देवी, अंजू कुमारी, सुदामा कुमारी सहित पंचायत प्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे और शिविर का लाभ उठाया। चितरपुर प्रखंड क्षेत्र के मारग मर्चा पंचायत सचिवालय और भूचुग डीह में भी जनता दरबार का आयोजन हुआ। मुखिया भानु प्रकाश महतो मुखिया बसंती देवी मुखिया सुनीता देवी सहित भारी संख्या में दर्जनों योजनाओं के लिए ग्रामीणों ने आवेदन प्रपत्र भर कर पंचायत सचिवालय में जमा किया।

## वन विभाग ने तीन हजार सेफ्टी भंडारण बालू किया जब्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पतरातू।** पतरातू वन क्षेत्र अंतर्गत टोकीसूद जंगल में खनन विभाग पतरातू थाना व वन प्रमंडल की टीम ने टास्क फोर्स गठन कर छापामारी अभियान चलाकर अवैध रूप से बालू जब्त की है। वन विभाग के पदाधिकारीयो ने बताया की पतरातू के टोकीसूद क्षेत्रों में बालू माफियाओं द्वारा जंगल के सुरक्षित पेड़ पौधे और झाड़ी को काटकर सड़क बना कर बालू तस्करी धुलाई के लिए बना रखी है। और बालू का भंडारण कर बालू का अवैध परिवहन हो रहा है। मंगलवार को वन क्षेत्र के पदाधिकारी पतरातू राकेश कुमार सिंह द्वारा गठित गश्ती दल में खान निरीक्षक रामगढ़ राहुल कुमार थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता वनपाल उत्तम कुमार संतोष कुमार शर्मा साकिर हुसैन शंकर कुमार के द्वारा टोकीसूद के जंगल से 3000 सेफ्टी भंडारण बालू को जब्त किया है। इस संबंध में वन विभाग के कर्मियों ने बताया की फिलहाल जब्त बालू को देख रेख की जा रही है। इस संबंध में वन क्षेत्र पदाधिकारी पतरातू राकेश कुमार सिंह ने बताया की वन क्षेत्र से बालू की अवैध उठाव और तस्करी के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जायेगी।

# बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए डालसा ने किया स्टेकहोल्डर कार्यक्रम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** बाल विवाह मुक्त भारत बनाने के लिए रामगढ़ में डालसा और अग्रगति संस्था के द्वारा संयुक्त रूप से 100 दिनों का कैंपेन शुरू किया गया है। बाल विवाह मुक्त भारत के अंतर्गत जिला स्तरीय स्टेकहोल्डर कार्यक्रम का उद्देश्य बाल विवाह रोकथाम के लिए संवेदनशील बनाना है। साथ ही जिला प्रशासन के संयुक्त सहयोग से बाल विवाह मुक्त जिला बनाने की दिशा में कार्य करना है। अग्रगति के परियोजना प्रभारी किरण शंकर दत्त ने कार्यक्रम के उद्देश्यों को उजागर करने के साथ साथ अग्रगति द्वारा बाल सुरक्षा पर किये जा रहे कार्यों से अवगत कराया। कार्यक्रम में दो ऐसे सर्वाइवर को भी शामिल किया गया। जिसका बाल विवाह अग्रगति संस्था के द्वारा रोका गया था। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के बीच अपनी बात रखी।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डालसा सचिव अनिल कुमार, बाल संरक्षण पदाधिकारी, प्रोटेक्शन ऑफिसर दुखहरन महतो, जिला समन्वयक, नीति आयोग राजनंदनी जिसमन्वयकला उपस्थिति रही।

**बाल विवाह समाज की बड़ी कुरीतिः अनिल :** डालसा सचिव अनिल कुमार ने कहा कि बाल विवाह समाज में एक कुरीति ही नहीं बल्कि, देश की भविष्य को नष्ट करता है। जब बच्चे खेलने, पढ़ने और सपने देखने की उम्र में होते हैं, तब उन पर शादी का बोझ डाल देना उनके बचपन, उनकी शिक्षा और उनके आत्मविश्वास को छीन लेता है। बाल विवाह से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ती हैं, लड़कियों की शिक्षा रुक जाती है और समाज में गरीबी का चक्र भी गहरा होता जाता है। बाल संरक्षण पदाधिकारी शांति बागे ने कहा कि सौभाग्य से हमारा संविधान और हमारे कानून इस कुरीति के खिलाफ खड़े हैं। सरकार द्वारा बाल विवाह प्रतिरोध अधिनियम, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना जैसी कई पहलें बच्चों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से चलाई जा रही हैं। लेकिन केवल कानून और योजनाएं काफी नहीं हैं, समाज की सोच को बदलना जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन बेलाल अंसारी ने किया। अग्रगति की ओर से मो कासिफ इकबाल, मो इस्तियाक आलम, अनीता देवी, हरीनाथ महतो और डालसा के पीएलवी विनोद रजक, अशोक ठाकुर, किशोर कुमार मुंडा, मीना देवी, सरिता कुमारी, प्रमिला कुमारी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति के तरफ के निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। (1) ई-निविदा सं०: ईसीआर-सीएओ-सी-एस-एटेन-गया-03, **कार्य का नाम:** पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद डिवीजन के तहत करैला रोड और शक्तिनगर के बीच Km 30.790 और Km 29.652 (खड़िया साइडिंग) के बीच रेलवे के स्पेसिफिकेशन और स्टैंडर्ड के अनुसार पत्थर के गिट्टी की सप्लाई, स्टैकिंग और फेलाना, P.Way मटीरियल के ट्रांसपोर्टेशन सहित परमानेंट रास्ते को जोड़ना, मौजूदा आर्च ब्रिज नंबर 66 का जैकेटिंग का काम और दूसरे जुड़े हुए काम। **आंकलित मूल्य (रू):** 2,83,71,999.63, **बेली प्रतिभूति (रू):** 2,91, 900 .00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 06 (छह) महीने
उप मुख्य अभियंता (निर्माण)
पूर्व मध्य रेल, गया
पीआर/1338/सीओएन गया/सीओएन गया/टी/25-26/24

दक्षिण पूर्व रेलवे निविदा
**खुली निविदा सूचना सं.: सीकेपी-डब्ल्यूएस-सिनी-2025-26-02, दिनांक 24.11.2025।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से उप मुख्य अभियंता/डब्ल्यूएस/सिनी द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है तथा इस तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** इंजीनियरिंग वर्कशॉप, दक्षिण पूर्व रेलवे, सिनी में ब्रिज गर्डरों तथा विभिन्न पुर्जों की ग्रिट/सैंड ब्लास्टिंग, मेटलाइजिंग एवं पेंटिंग। **निविदा मूल्य:** रु. 76,10,956.77; **बयाना राशि:** रु. 1,52,200; **निविदा प्रपत्र की लागत:** रु. 0.00; **समापन अवधि:** 24 महीने। **खुलने की तारीख:** 18.12.2025; निविदा वेबसाइट **https://www. ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होने चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन पंजीकृत होने चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। **(PR-878)**

पूर्व तट रेलवे
निविदा सूचना सं.SBP-ELECT-2025-T-264
**कार्य का नाम :** कम घनत्व वाले नेटवर्क पर स्वदेशी ट्रेन टक्कर से बचने का प्रणाली (KAVACH) की व्यवस्था से संबंधित विद्युत कार्य।
**कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में) :** 94,77,611.68, EMD/बिड सिक्युरिटी (रुपये में) : 1,89,600/-, कार्य पूरा होने की अवधि : स्वीकृति पत्र जारी होने की तारीख से 06 महीने।
**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक : 04.12.2025 को 1530 बजे।
ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।
उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं। निर्देशानुसार ई-निविदा मे भाग लेते समय सभी प्रासंगिक पेपर अवश्य अपलोड होना चाहिए।
**द्रष्टव्य :** प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम 15(पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन:अवलोकन करें।
मण्डल रेलवे प्रबन्धक (Elect-G), सम्बलपुर
PR-827/Q/25-26

## ‘माऊस’ के सामने पेन को भूल गये छात्र

पिछले दिनों अमेरिका में पढ़ाने वाले एक प्रोफेसर ने दिलचस्प किस्सा बताया। उन्होंने अपने विद्यार्थियों को निबंध लिखने के लिए एक विषय दिया। वह यह देखकर हैरान रह गये कि सभी विद्यार्थियों ने एक जैसा लिखा था। यहां तक कि प्रारंभ और अंत भी लगभग एक जैसे थे। उन्हें समझते देर न लगी कि विद्यार्थियों ने विषय को चैट जीपीटी में फीड किया होगा और वहीं से नकल करके लिख दिया। इससे उनके कान खड़े हो गये। इस तरह तो छात्र कुछ सीख ही नहीं रहे। न उन्हें कुछ याद हो रहा है। इसके बाद उन्होंने बच्चों से कहा कि टेस्ट से पहले वे अपने मोबाइल और लैपटॉप जमा करा दें और निबंध हाथ से लिखें। लेकिन छात्रों को यह तरीका कतई पसंद नहीं आया। उनका कहना था कि वे हाथ से लिखना नहीं जानते। वे कंप्यूटर पर ही लिख सकते हैं। इन प्रोफेसर महोदय का कहना था कि बचपन में वह गांव के स्कूल में पढ़े थे, जहां जोर-जोर से गाकर पहाड़े याद कराये जाते थे, जो आज तक उन्हें याद हैं। बड़ी कक्षाओं में बताया जाता था कि सवालों के उत्तरों को बार-बार लिखकर याद करें। अच्छे हस्तलेख पर भी जोर दिया जाता था। लिखने की खूब प्रैक्टिस करनी होती थी जिससे कि निर्धारित समय में पूरा प्रश्नपत्र खत्म हो सके। कोई सवाल छूट न जाये। लेकिन पहले छात्रों के जीवन में कंप्यूटर ने प्रवेश किया। माऊस के सामने वे पैन को भूल गये। टैबलेट और लैपटॉप में तो माऊस की जरूरत भी नहीं रही। और अब जब से आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस या कृत्रिम बुद्धिमता का जीवन में प्रवेश हुआ है, तब से बच्चों के सीखने में भारी कमी दर्ज की गयी है। हाथ से लिखना तो भूल ही गये हैं। कुल मिलाकर यह कि दुनियाभर में हाथ से लिखना जो कि एक कला ही मानी जाती रही है, लोग भूल रहे हैं। लिखना तो दूर चीजें याद भी नहीं रहतीं। पिछले दिनों स्वीडन से एक दिलचस्प खबर आयी थी। बताया गया था कि 15 साल पहले वहां के स्कूलों से किताबों और कापियों को पूरी तरह से विदा कर दिया गया था। बच्चों को पढ़ने के लिए लैपटॉप थमा दिये गये थे। शिक्षा का प्रारंभ से ही डिजिटलीकरण कर दिया गया था, लेकिन तमाम सर्वेक्षणों में यह बात सामने आयी कि बच्चे कुछ भी नया नहीं सीख रहे। उनमें इनीशिएटिव लेकर कुछ नया सीखने की भावना कम हो रही है। वे न पढ़ना चाहते हैं न लिखना। इसके अलावा रात-दिन कंप्यूटर पर काम करने के कारण उन्हें तरह-तरह के रोग हो रहे हैं। सर्वाइकल, गठिया, आंखों की कमजोरी, चिड़चिड़ापन, अवसाद आदि के वे शिकार हो रहे हैं। सारी बातों पर गौर करके स्वीडन की सरकार ने तय किया कि अब बच्चे लैपटॉप, टैबलेट आदि से नहीं पढ़ेंगे। वे वापस किताबों, कापियों से ही पढ़ेंगे। वे पढ़ने की पुरानी पद्धतियों की तरफ ही वापस लौटेंगे।

**शिक्षा का प्रारंभ से ही डिजिटलीकरण कर दिया गया था, लेकिन तमाम सर्वेक्षणों में यह बात सामने आयी कि बच्चे कुछ भी नया नहीं सीख रहे। उनमें इनीशिएटिव लेकर कुछ नया सीखने की भावना कम हो रही है। वे न पढ़ना चाहते हैं न लिखना।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**कार विस्फोट में आत्मघाती बने उमर उन नबी के जम्मू-कश्मीर अनंतनाग के काजीगुंडा के गिरफ्तार साथी जसीर बिलाल वानी उर्फ दानिश से पता चला है कि हमास द्वारा 7 अक्तूबर, 2023 को इसराईल पर किए गए ड्रोन और रॉकेट से हमले की पुनरावृत्ति करने की भी तैयारी थी। उसे छोटे ड्रोन हथियार बनाने और उन्हें मॉडिफाई करने का तकनीकी अनुभव है। उसने डॉ उमर को तकनीकी मदद दी और वह भीड़-भाड़ वाले इलाके में ड्रोन से बम गिराने की योजना को साकार करने के लिए ड्रोन और रॉकेट बनाने की कोशिश कर रहा था।**

# आतंकवाद के ऐसे व्यापक तंत्र से कैसे निपटें

अवधेश कुमार

दिल्ली लाल किला आतंकवादी कार विस्फोट की छानबीन से आ रही जानकारियों ने पूरे देश में भय और सनसनाहट पैदा की हुई है। अभी तक की जानकारियां बता रही हैं कि अगर आतंकवाद का यह मॉड्यूल सफल हो गया होता तो देश में जगह-जगह अनगिनत विस्फोट होते और उसमें होने वाली मानवीय एवं संपत्तियों की क्षति का तो आकलन भी नहीं किया जा सकता। सच कहें तो आतंकवाद के दौर की शुरूआत से अब तक पूरे देश में विध्वंस पैदा करने का यह सबसे बड़ा तंत्र सामने आया है। बताया गया है कि विस्फोट के लिए 32 कारों की व्यवस्था थी जिनमें से कई बरामद हो चुकी हैं। इन कारों के अलावा अलग-अलग तरीकों से भी विस्फोटों की तैयारी थी। उनकी तैयारियों का एक उदाहरण देखिए। कार विस्फोट में आत्मघाती बने उमर उन नबी के जम्मू-कश्मीर अनंतनाग के काजीगुंडा के गिरफ्तार साथी जसीर बिलाल वानी उर्फ दानिश से पता चला है कि हमास द्वारा 7 अक्तूबर, 2023 को इसराईल पर किए गए ड्रोन और रॉकेट से हमले की पुनरावृत्ति करने की भी तैयारी थी। उसे छोटे ड्रोन हथियार बनाने और उन्हें मॉडिफाई करने का तकनीकी अनुभव है। उसने डॉ उमर को तकनीकी मदद दी और वह भीड़-भाड़ वाले इलाके में ड्रोन से बम गिराने की योजना को साकार करने के लिए ड्रोन और रॉकेट बनाने की कोशिश कर रहा था। विस्फोट में इस्तेमाल कार खरीदने के लिए दिल्ली आया राशिद अली भी जम्मू-कश्मीर का रहने वाला है। वास्तव में अब तक की छानबीन हमें कई पहलुओं पर गंभीरता से विचार करने को भी विवश करती है। अभी तक इस भयानक आतंकवादी मॉड्यूल में 6 ऐसे सम्मिलित डाक्टर गिरफ्तार किए गए हैं जिनका दिमाग चिकित्सा में अच्छा करने की जगह मजहब के नाम पर हमला, हत्या और विध्वंस पैदा करने की दिशा में ही लगा था। इन्होंने अचानक कार विस्फोट नहीं किया बल्कि पहले से कोशिश चल रही थी। 6 दिसंबर को अयोध्या से लेकर अनेक स्थलों पर विस्फोट करने और उसके बाद इसकी श्रृंखला कायम रखने की तैयारी थी।

**बगैर स्थानीय और परिवार के लोगों के सहयोग के इतना बड़ा तंत्र खड़ा हो ही नहीं सकता।**



**उमर उन नबी, डॉ मुजम्मिल गनई और डॉ शहीन शाहिद ने स्विट्जरलैंड के थ्रीमा नाम के एन्क्रिप्टेड ऐप से बातचीत की थी। इसी ऐप के जरिए वे धमाके की योजना, नक्शे सहित आवश्यक दस्तावेज व जानकारियां सांझा कर रहे थे। थ्रीमा ऐप फोन नंबर या ईमेल के बिना काम करता है और हर यूजर को एक यूनीक आइडी देता है, जिससे उसका पता लगाना मुश्किल हो जाता है।**

अल-फलाह यूनिवर्सिटी से गिरफ्तार डॉ मुजम्मिल गनई के मोबाइल फोन से प्राप्त डंप डाटा से पता चला है कि उसने और उमर ने इस वर्ष जनवरी में लाल किला क्षेत्र की भी कई बार रेकी की थी। यह रेकी गणतंत्र दिवस पर इसको निशाना बनाने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थी। उस समय क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के कारण ये ऐसा नहीं कर सके। उच्च शिक्षित होने के कारण ये किस तरह हर प्रकार की तकनीक को समझ कर उसका उपयोग कर पाते थे इसका प्रमाण भी देखिए।

उमर उन नबी, डॉ मुजम्मिल गनई और डॉ शहीन शाहिद ने स्विट्जरलैंड के थ्रीमा नाम के एन्क्रिप्टेड ऐप से बातचीत की थी। इसी ऐप के जरिए वे धमाके की योजना, नक्शे सहित आवश्यक दस्तावेज व जानकारियां सांझा कर रहे थे। थ्रीमा ऐप फोन नंबर या ईमेल के बिना काम करता है और हर यूजर को एक यूनीक आइडी देता है, जिससे उसका पता लगाना मुश्किल हो जाता है। हम और आप में से कितने लोगों ने थ्रीमा ऐप का नाम सुना है या उपयोग किया है? पता नहीं अभी इसमें और क्या-क्या जानकारियां सामने आएंगी। डाक्टर बनने वाला कोई व्यक्ति छात्र के रूप में थोड़ा मेधावी तो होगा ही।

इमरान मसूद जैसे नेता इनको भटका हुआ बता दें या हुसैन दलवई जैसे मुस्लिम नेता कहें कि चुनाव के पहले ही विस्फोट क्यों होता है, यह कहा जाए कि आप इसको इस्लामी आतंकवाद न कहिए तो क्या उत्तर दिया जा सकता है? पुलिस की छानबीन में उनके पहले किसी अपराधी से संपर्क आदि की भी जानकारी नहीं है। एक डाक्टर को समाज में इज्जत मिलती है और उसकी गतिविधियों पर सहसा संदेह नहीं किया जा सकता। आखिर कानपुर में किसने सोचा होगा कि डाक्टर शाहीन शाहिद जैश-ए-मोहम्मद की इतनी बड़ी आतंकवादी होगी और उसके पास एके-47 जैसा हथियार होगा? सामने आया है कि धमाके के लिए 20 से 25 लख रुपये इकट्ठा करने में उसकी प्रमुख भूमिका थी। इसमें हरियाणा और पंजाब से लेकर दिल्ली, गुजरात, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश तक आसानी से लोग आतंकवादी बन जाते हैं तो इसका कारण समझने के लिए अंतरिक्ष विज्ञानी होना आवश्यक नहीं है।

बगैर स्थानीय और परिवार के लोगों के सहयोग के इतना बड़ा तंत्र खड़ा हो ही नहीं सकता। फरीदाबाद के धौज मस्जिद के इमाम इश्तियाक और सिरोही मस्जिद के इमाम इमामुद्दीन अगर आतंकवाद इस्लाम का काम या जिहाद मानकर उनकी मदद कर रहे थे तो क्यों? इन्होंने मिलकर पूरी अल-फलाह यूनिवर्सिटी को ही आतंकवाद के बड़े केंद्र में बदल दिया था। पठानकोट से गिरफ्तार डाक्टर रईस अहमद भी पहले अल-फलाह यूनिवर्सिटी में काम करता था। अभी एक मॉड्यूल हमारे सामने आया है। निश्चित मानिए ऐसे कई मॉड्यूल देश की अलग-अलग जगहों में सक्रिय होकर साजिशों को अंजाम देने में संलिप्त होंगे। किसी तरह वे कुछ करने में सफल हुए या साजिश को अंजाम देने के पहले पकड़े गए तब भी सामूहिक प्रतिक्रिया ऐसी ही होगी।

## कोल्हान की खबरें

### पानी कनेक्शन काटने पर विरोध



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शहर के भुईयांडीह कल्याण नगर में टाटा स्टील यूआईएसएल की जल आपूर्ति टीम द्वारा पानी कनेक्शन काटने की कार्रवाई का स्थानीय लोगों ने विरोध जताया। मंगलवार को कई परिवारों के आवेदन लंबित होने के कारण तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी। सूचना मिलते ही विधायक पूर्णिमा साहू के हस्तक्षेप से स्थिति नियंत्रित हुई। विधायक ने यूआईएसएल के वाटर डिपार्टमेंट हेड और एसडीओ से वार्ता कर तत्काल कार्रवाई रुकवायी। इसके बाद स्थानीय लोगों के साथ वार्ता कर विवाद शांत हुआ। निर्णय लिया गया 25 दिसंबर तक किसी का भी पानी कनेक्शन नहीं काटा जायेगा। जिन लोगों ने आवेदन किया है, उन्हें दस्तावेज सत्यापन के बाद वैध कनेक्शन दिया जायेगा। वहीं जिन परिवारों के आवेदन बाकी हैं, उनके लिए कल्याण नगर में एक सप्ताह का विशेष कैंप लगाया जायेगा। गुरुवार से माइकिंग कर लोगों को इसकी सूचना दी जायेगी। विधायक पूर्णिमा साहू ने जुस्को व जमशेदपुर अक्षेस द्वारा अलग काउंटर लगाने का निर्देश दिया ताकि गरीबों को अतिरिक्त दौड़-भाग न करनी पड़े। मौके पर भाजपा कार्यकर्ता व स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

### टाटा स्टील फाउंडेशन के राम हेंब्रम को बेसिक माउंटेनियरिंग कोर्स में मिला द्वितीय स्थान



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा स्टील फाउंडेशन का प्रतिनिधित्व करने वाले आउटडोर लीडरशिप कोर्स के प्रतिभागी राम हेंब्रम ने अरुणाचल प्रदेश के दिरांग स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग एंड एडवेंचर स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित बेसिक माउंटेनियरिंग कोर्स में 104 प्रतिभागियों में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। फाउंडेशन ने इसे समुदाय की प्रेरणा, प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन और प्रतिभागियों की टीम भावना का सामूहिक परिणाम बताया। इस वर्ष टीएसएफ के पांच प्रतिभागियों ने कोर्स में हिस्सा लिया। फाउंडेशन उम्मीदवारों के चयन के लिए तीन-स्तरीय प्रक्रिया अपनाता है, जिसमें तुमुंग और डिमना में स्क्रीनिंग, उत्तरकाशी में दस दिवसीय आउटडोर लीडरशिप कोर्स और अंत में 28 दिवसीय बेसिक माउंटेनियरिंग कोर्स शामिल है। युवा नेतृत्व, निर्णय, क्षमता और आउटडोर सर्वाइवल स्किल्स विकसित करने वाली यह पहल समुदाय में एडवेंचर-आधारित शिक्षा को बढ़ावा देती है। राम हेंब्रम की उपलब्धि युवाओं को नई संभावनाएं तलाशने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

## सरायकेला में ‘सेवा का अधिकार’ सप्ताह में बड़ी भागीदारी, 19 पंचायतों में लगे विशेष शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** सेवा का अधिकार सप्ताह के चौथे दिन सरायकेला-खरसावां जिले के 19 पंचायतों और नगर निकाय के वार्डों में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। मंगलवार को शिविर में ग्रामीणों की व्यापक भागीदारी देखी गयी। अब तक 15,000 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। डीसी ने सभी विभागीय अधिकारियों, बीडीओ और सीओ को आवेदनों के समयबद्ध और पारदर्शी निष्पादन का निर्देश दिया। शिविरों में आय, जाति, आवासीय प्रमाणपत्र, राशन कार्ड, पेंशन, भूमि मापी सहित कई योजनाओं के लिए आवेदन दी गयी। मौके पर एसएचजी सदस्यों को आईडी कार्ड वितरित किये गये। नीमडीह के बाड़ेदा पंचायत के शिविर में इचागढ़ विधायक सविता महतो ने कहा इस पहल का उद्देश्य ग्रामीणों को उनकी समस्याओं का सरल और समय पर समाधान उपलब्ध कराना है। विधायक ने लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया। यह अभियान 29 नवंबर तक चलेगी।



## विधायक ने 36.78 लाख की सात विकास योजनाओं का किया शिलान्यास

**ग्रामीणों ने पारंपरिक नृत्य-संगीत व नगाड़ा बजाकर किया विधायक का स्वागत**

**जनता की मांग ही हमारी योजनाओं का आधार : संजीव सरदार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पोटका।** पोटका विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में कुल 36.78 लाख की लागत से स्वीकृत 7 विकास योजनाओं का विधायक संजीव सरदार ने विधिवत शिलान्यास किया। मंगलवार को शिलान्यास कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अथिति पोटका विधायक संजीव सरदार के द्वारा पारंपरिक पूजा-अर्चना व नारियल फोड़कर की गयी। शिलान्यास योजनाओं में हाथीबिंधा पंचायत के कोकदा मुंडा टोला में पेबर्स ब्लॉक पथ, आसनबनी पंचायत के दिगारसाई में पेबर्स ब्लॉक पथ, कुलडीहा पंचायत में कालापाथर में पेबर्स ब्लॉक पथ, भाटीन पंचायत में एनपीएस हरिजन बस्ती से पुलिया तक पक्का नाली, हाड़तोपा पंचायत के मुगार्धुटू पल्ली समिति में किचन शेड, माटकु पंचायत में खिकड़ीघुटू में पेबर्स ब्लॉक पथ औरशंकरदा पंचायत के भुटका में भोदो मार्डी के तालाब में स्नान घाट निर्माण शामिल है। विधायक निधि से संचालित इन योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना है। मौके पर ग्रामीणों ने पारंपरिक नृत्य-संगीत और नगाड़ा बजाकर विधायक का स्वागत किया। विधायक श्री सरदार ने कहा योजनाओं का चयन जनता की मांग और जनभागीदारी को ध्यान में रखकर किया गया। विधायक ने कहा पूर्ववर्ती भाजपा सरकार की योजनाएं पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से बनती थीं। लेकिन हेमंत सोरेन सरकार जनता को प्रत्यक्ष लाभ देने के लिए योजनाएं लाती है। उन्होंने ग्रामीणों सेह्यआपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम (21 नवंबर से 15 दिसंबर) में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। श्री सरदार ने कहा कार्यक्रम के दौरान अधिकारी गांवों तक पहुंचकर योजनाओं की जानकारी और लाभ दोनों उपलब्ध करायेंगे। इस अवसर पर पूर्व पार्षद चंद्रावती महतो, हीरामोनी मुर्मू, सुधीर सोरेन, सुनील महतो सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

### कोल्हान विवि का छठा दीक्षांत समारोह आज

**चाईबासा(आजाद सिपाही)। कोल्हान विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी। उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का प्रवेश सुबह 9 बजे से दीक्षांत मंडप में शुरू होगा। अभिभावकों के लिए विश्वविद्यालय परिसर स्थित केनरा बैंक पास अलग पंडाल और प्रवेश द्वार बनाया गया। जहां उनका प्रवेश 10 बजे तक होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल उपस्तित होंगे। उनके लिए परिधान कक्ष तैयार किया गया। कक्ष के सामने से शोभायात्रा आरंभ होगी। मंगलवार को शोभायात्रा का अंतिम रिहर्सल किया गया। जिन सीनेट-सिंडिकेट सदस्यों ने अभी तक उत्तरीय नहीं लिया उन्हें 9 बजे ही वितरित किया जाएगा। तीनों जिलों के पत्रकारों के लिए जनसंपर्क उपनिदेशक के द्वारा पास जारी कर दिए गए। सभागार में पत्रकारों, सीनेट-सिंडिकेट सदस्यों, अकादमिक काउंसिल, विभागाध्यक्षों, प्राचार्यों और अन्य आमंत्रितों के लिए अलग-अलग पंक्तियां निर्धारित की गयी।**

### गुवा सेल में मजदूर संघर्ष संघ का प्रदर्शन



**गुवा (आजाद सिपाही)।** गुवा सेल सिविल अभियंत्रिकी विभाग में श्रमिक और कर्मचारियों के क्वार्टरों की मरम्मती लंबे समय से बंद होने के विरोध में झारखंड मजदूर संघर्ष संघ ने मंगलवार को जोरदार प्रदर्शन किया। संघ का आरोप है मजदूरों और सेल कर्मियों के जर्जर क्वार्टरों की मरम्मत ठप है। जबकि अधिकारियों के आवासों की मरम्मत तेजी से कराई जा रही है। केंद्रीय अध्यक्ष रामा पांडे ने कहा कई बार लिखित आवेदन देने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। जिससे मजदूर परिवार परेशान हैं। मौके पर मुख्य महाप्रबंधक सीबी कुमार ने यूनियन प्रतिनिधियों से मुलाकात कर आश्वासन दिया एक सप्ताह में मरम्मती कार्य शुरू कर दिया जायेगा। सभी क्वार्टरों में टाइल्स लगाने का कार्य भी कराया जायेगा। प्रबंधन से मिले आश्वासन के बाद यूनियन ने आंदोलन वापस ली। मौके पर रामा पांडे, अंतयार्मी महाकुड़, सिकंदर पान, रोहित पांडे, किशोर सिंह, राजेश यादव, चंद्रिका खण्डाईत, संजय सांडिल सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### फायरिंग मामले में तीन गिरफ्तार

**चांडिल (आजाद सिपाही)।** चांडिल थाना क्षेत्र के आसनबनी स्थित होटल टाटा हाईवे में हुई फायरिंग मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया। मंगलवार को घटना में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तार किये गये आरोपी हैं शाहबाज आलम, शहीद रजा और मोहम्मद फैजान आलम उर्फ मठा शामिल है। पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर गठित विशेष दल ने तकनीकी साक्ष्य और मानव सूचना के आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी की। घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस अधीक्षक ने कहा फायरिंग में शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। छापेमारी दल में चांडिल थाना प्रभारी डिल्सन बिरुवा, चौका थाना प्रभारी सोनू कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी और सशस्त्र बल शामिल रहे।

### पुंगा गांव में दंपत्ति की निर्मम हत्या

**गुवा (आजाद सिपाही)।** पश्चिमी सिंहभूम क्षेत्र गुवा थाना क्षेत्र के दिरीबुरु पंचायत के लिपुंगा गांव में सोमवार देर रात एक वृद्ध दंपति की टांगी से गला रेतकर हत्या कर दी गयी। मृतकों की पहचान 72 वर्षीय सर्गिया बालमुचू और उसकी 65 वर्षीय पत्नी मुक्ता बालमुचू के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है। मंगलवार सुबह जब एक ग्रामीण खेत की ओर जा रहा था, तभी उसने दंपति को घर के आंगन में खटिया पर लेटा देखा। दो घंटे बाद लौटने पर जब दंपति को आवाज देने पर भी कोई जवाब नहीं मिला तो उसने चादर हटाई, जहां दोनों खून से लथपथ मृत पाए गये। इसके बाद गांव में अफरा-तफरी मच गयी और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जुट गये। ग्रामीणों का कहना है कि हत्या डायन-बिसाही के शक को लेकर की गयी हो सकती है। वहीं, गुवा थाना प्रभारी नीतिश कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी के अनुसार मृतक सर्गिया बालमुचू का गांव के ही कुछ लोगों के साथ पिछले दिनों विवाद चल रहा था। रविवार को इसी विवाद को लेकर गांव में बैठक हुई थी, जिसमें दंपति पर पेनल्टी लगाई गयी थी। संदेह है कि पेनल्टी नहीं देने के विवाद में ही दोनों की हत्या की गयी है। पुलिस ने कहा कि जांच पूरी होने पर वास्तविक कारण स्पष्ट होगा। प्रारंभिक जानकारी में यह भी सामने आया है कि दंपति की हत्या टांगी से गला काटकर की गयी है। घटना ने पूरे गांव को सन्न कर दिया है और लोग भयभीत हैं। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में उमड़ी लोगों की भारी भीड़, मिले 1308 आवेदन



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर प्लस टू उच्च विद्यालय के खेल मैदान में मंगलवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसकी शुरूआत प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, बीडीओ नंदजी राम, सीओ शंभू राम, जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, मुखिया बेबी देवी, उप मुखिया समलेश राउत और बीडीसी सरिता देवी ने संयुक्त रूप से किया। इस शिविर में अंचल, बाल विकास परियोजना, शिक्षा, पेंशन, आवास योजना, स्वास्थ्य, पशुपालन, बैंकिंग सेवाएं, कृषि विभाग, 15वां वित्त आयोग, समाज कल्याण, ई-श्रम पोर्टल, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना समेत विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक इन स्टॉलों पर पहुंचकर अपनी समस्याएं रखीं और संबंधित योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आवेदन जमा किया। इस दौरान शिविर में कुल 1308 आवेदन प्राप्त हुए। वहीं, शिविर में अन्नप्राशन एवं महिलाओं का गोद भराई रसम भी आयोजित की गई। कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र में सिलाई मशीन में प्रशिक्षण प्राप्त 10 लोगों को सर्टिफिकेट एवं 16 लाभुकों को साड़ी धोती का वितरण प्रखंड प्रमुख, बीडीओ, सीओ, जिला परिषद सदस्य, मुखिया, उप मुखिया ने संयुक्त रूप से किया। वहीं, कार्यक्रम का संचालन रोजगार सेवक तहमिद ने किया। इस मौके पर श्रम विभाग के नंदू राम, सीआई इंतखाब आलम, बीटीएम राकेश कुमार, एई प्रिंस कुमार, जेई प्रमेंद्र विश्वकर्मा, चंदन कुमार, पंचायत सेवक सतीश सिंह, विकास चौबे, नवनीत कुमार, राजगीर कुमार, रोजगार सेवक जयराम, परमानंद ठाकुर, दयानंद प्रजापति, पंकज कुमार, जयराम, शशि कुमार, पिनाकी चतुर्वेदी, किशोर कुमार, मनोज गुप्ता, कौशल सिंह, अनुज कुमार, धर्मेंद्र कुमार,नेहा चौरसिया, बिजली मिस्त्री उमेश कुमार, वीरेंद कुमार पासवान और ब्रजेश चन्द्रवंशी उपस्थित थे।

# आरके पब्लिक स्कूल के अंतर-सदनीय बालिका क्रिकेट टूर्नामेंट में 'कावेरी सदन' बना चैंपियन



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की महिला क्रिकेट विश्व कप में हालिया ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाने के लिए मंगलवार को आरके पब्लिक स्कूल उचरी में एक अंतर-सदनीय बालिका क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। कावेरी सदन ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। कावेरी सदन ने 8 ओवरों में 35 रन बनाए। गंगा सदन लक्ष्य का पीछा करते हुए केवल 23 रन ही बना सका। इस तरह कावेरी सदन ने विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। विभा गुप्ता को 'गर्ल ऑफ द मैच' घोषित किया गया, जिन्होंने 3 चौकों की मदद से 16 रन बनाए। प्रधानाचार्य श्री के.आर. झा ने विजेता सदन को बधाई दी और सभी छात्रों से खेलों में गहरी रुचि और अपार उत्साह के साथ भाग लेने का आग्रह किया। प्रधानाचार्य ने आगे कहा कि खेलों में भागीदारी से टीम भावना, धैर्य, नेतृत्व, सहयोग और निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है, जो बच्चों के समग्र विकास में सहायक हैं। प्रसिद्ध शिक्षाविद्, समाजसेवी कार्यकर्ता और आर.के. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन श्री अलख नाथ पांडे ने अपनी खुशी व्यक्त की और छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह की गतिविधियों के आयोजन के लिए स्कूल के प्रयासों की सराहना की। मौके पर शारीरिक शिक्षा शिक्षक जय गोविंद ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम झारखंड की जनता के लिए झुनझुना : रितेश चौबे



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रितेश चौबे ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम झारखंड की गठबंधन सरकार के झूठ का पुलिंदा है। सिर्फ कागजी खानापूर्ति कर जनता को ठगने की मुहिम चलायी जा रही है। कहा कि वर्तमान सरकार की कोई भी एक योजना धरातल पर नहीं है। मंईयां सम्मान से लेकर अबुआ आवास तक का पोर्टल बंद है। मंईयां सम्मान योजना का पोर्टल पिछले साल भर से बंद है। मंईया सम्मान योजना और अबुआ आवास चुनावी पोर्टल था, जो जनता को ठगने के लिए लाया गया था। उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम जनता के लिए झुनझुना है। जब विभागों में फंड नहीं है तो स्पष्ट है कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अधिकारी पदाधिकारी कर्मचारी सिर्फ ड्यूटी कर रहे हैं। शिविर आयोजित कर सरकार जनता के पैसों का दोहन एवं जनता का शोषण कर रही है। कागजी खानापूर्ति कर विकास का झूठा ढिंढोरा पीटा जा रहा है। कहा कि झामुमो सरकार की गलत नीतियों के कारण झारखंड 20 साल पीछे चला गया। सरकार की गलत नीतियों के कारण खनिज संपदा से भरा झारखंड देश का सबसे पिछड़ा राज्य बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। झामुमो सरकार में जनता बालू के लिए त्राहि-त्राहि कर रही है। बालू के अभाव में दैनिक मजदूर-मिस्त्री को काम नहीं मिल रहा है। इस मौके पर भाजपा नेता नवीन जायसवाल, संजय जायसवाल और अविनाश पासवान आदि मौजूद थे।

# डीसी ने शिविरों का निरीक्षण कर सुनी लोगों की समस्याएं

**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** डीसी दिनेश यादव मंगलवार को अमहर खास पंचायत में लगे शिविर में पहुंचे और सभी विभाग के स्टॉल का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने डीसी के सामने अपनी समस्याओं को रखा। जिसमें बताया कि प्रखंड में लगा नल जल योजना बंद पड़ा है। पीएम किसान योजना से नाम कट जाने और विसुनपुरा के लाल चौक को अतिक्रमण मुक्त कराने की बात कही गई। इस पर डीसी ने कहा की नल जल योजना में शामिल एजेंसी और ठेकेदार के ऊपर कार्रवाई की जाएगी। उधर, सरांग पंचायत भवन में आयोजित शिविर का शुभारंभ मुखिया ब्यूटी सिंह, अंचल निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता एवं उप-मुखिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में डीसी विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने ग्रामीणों से पंचायत क्षेत्र की समस्याओं पर विस्तृत बातचीत की और आवश्यक निर्देश संबंधित विभागों को दिए। इस दौरान मुखिया प्रतिनिधि अशोक पासवान ने डीसी को प्रखंड के लगभग तीन हजार किसानों का नाम पीएम किसान सम्मान निधि योजना से काट दिए जाने की गंभीर समस्या से अवगत कराया। कहा कि लाभुकों के नाम बिना किसी जांच और सत्यापन के हटाने से किसानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है तथा तुरंत जांच कर सभी पात्र किसानों का नाम पुनः जोड़ना आवश्यक है। इस पर डीसी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को तुरंत पहल कर जांच रिपोर्ट पेस करने का निर्देश दिया।

## बीडीओ से पंडरिया के नवही नवाडीह आंगनबाड़ी केंद्र में निरीक्षण में पकड़ी गड़बड़ियां

# रजिस्टर में 15 बच्चों की उपस्थित मौजूद थे केवल चार, सेविका पर होगी कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** क्षेत्र से लगातार मिल रही शिकायतों के बाद बीडीओ नंदजी राम ने मंगलवार को पंडरिया पंचायत स्थित नवही नवाडीह आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई अनियमितताएं सामने आईं, जिससे बच्चों के पोषण एवं नियमित संचालन पर गंभीर सवाल खड़े हो गए। औचक निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने पाया कि केंद्र की सेविका रेखा कुंवर बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित थीं। वहीं, हाजिरी पंजी में 15 बच्चों की उपस्थिति दर्ज थी, लेकिन मौके पर केवल चार बच्चे ही उपस्थित मिले। इससे स्पष्ट हुआ कि हाजिरी में हेराफेरी की जा रही थी और बच्चों की वास्तविक



नवाडीह आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण में पहुंचे बीडीओ नंदजी राम।

उपस्थिति दर्ज नहीं की जा रही थी। निरीक्षण के क्रम में बीडीओ ने सहायिका सबरुण बीवी से केंद्र संचालन से संबंधित जानकारी ली। पूछताछ के दौरान सहायिका ने बताया कि सेविका पिछले तीन दिनों से केंद्र नहीं आ रही है, जिस कारण केंद्र में नियमित गतिविधियां बाधित हैं। इतना ही नहीं, बच्चों को मिलने वाला पोषण भोजन भी पिछले कई दिनों से उपलब्ध नहीं कराया जा रहा था। बीडीओ ने मौके पर ही सेविका की कार्यशैली पर नाराजगी व्यक्त की। कहा कि इस प्रकार की लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सेविका रेखा कुंवर के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी, ताकि भविष्य में ऐसी अनियमितताओं पर रोक लगाई जा सके। साथ ही उन्होंने सहायिका को भी निर्देश दिया कि केंद्र की गतिविधियों को सुचारू रखने में सहयोग करें और बच्चों को नियमित रूप से भोजन उपलब्ध कराया जाए। बीडीओ ने यह भी कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण समय-समय पर किया जाएगा और जहां भी गड़बड़ी मिलेगी, वहां कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। औचक निरीक्षण के बाद ग्रामीणों में भी उम्मीद जगी है कि अब आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्था में सुधार होगा और बच्चों को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिलेगा।

# यातायात पर अपनी जिम्मेवारी तय करे प्रशासन : मिथिलेश ठाकुर

**सड़क दुर्घटना में मृत युवकों के घर पहुंचे पूर्व मंत्री, दिलाई पांच लाख रुपए की सहयोग राशि**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर मंगलवार को रंका प्रखंड के मानपुर गांव पहुंचे। वहां विगत दिनों रंका रमकंडा रोड में हुई सड़क दुर्घटना में मृत मानपुर निवासी दो किशोर अनिल राम (20) और राजू राम (22) के परिजनों से मुलाकात की। मृत युवकों के परिजन से मिलकर हाल-चाल लिया एवं पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। साथ ही पूर्व मंत्री ने पहल कर क्रशर मालिक एवं वाहन मालिक से मृतकों के परिजनों को ढाई- ढाई लाख रुपये सहयोग राशि दिलाया। कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार दुख की इस घड़ी में हमेशा खड़ा है। उधर, खबर मिलने के



बाद पूर्व मंत्री के साथ एएसपी राहुल देव, डीटीओ धीरज कुमार, रंका अनुमंडल पदाधिकारी रूद्र प्रताप सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह, थाना प्रभारी रवि केशरी दल बल के साथ मानपुर मृतक के परिजनों के घर पहुंचे। पूर्व मंत्री ने दोनों मृतक के परिवार से मिल उन्हें तत्काल ढाई-ढाई लाख रुपये परिवार को दिलाने की बात कही। साथ ही सरकारी प्रावधान के तहत सभी लाभ तत्काल दिलवाने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को निर्देशित किया। कहा कि पुलिस प्रशासन एवं परिवहन विभाग यातायात के सुगम संचालन एवं सड़क दुर्घटना पर नियंत्रण के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाएं। इसके लिए विभागीय अधिकारी मिलकर बेहतर रणनीति के साथ कार्य करें। ताकि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो। गांव के सभी गणमान्य लोगों एवं परिजनों ने पूर्व मंत्री एवं प्रशासन के पदाधिकारियों को इस कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। वहीं, मुखिया हासिम अंसारी ने कहा कि मिथिलेश ठाकुर जीवंत और नेकदिल नेता हैं। उनके जैसे जनप्रतिनिधि की बदौलत ही इंसानियत जिन्दा है। मौके पर झामुमो के केंद्रीय सदस्य नितेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष रौशन पाठक, देवेंद्र तिवारी, जिला सह सचिव आशीष गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष जैनुलाह अंसारी, प्रखंड सचिव रतन सिंह पूर्व सचिव इरफान अंसारी, जिला परिसद प्रतिनिधि राहुल तिवारी, गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष फुजैल अहमद, झामुमो नेता अहमद अली, धर्मेंद्र पाठक, कार्तिक पाण्डेय, पपु यादव, अनिल चंद्रवंशी, सलीम,अनिल राम, विक्की पाण्डेय, आशीष सिंह, मुन्ना सिंह, मुकेश तिवारी, मोहन यादव, पूर्व मुखिया मानपुर असमुद्दीन अंसारी आदि थे।

# 551 कन्याओं की डोली सजाने की तैयारी

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास कुमार माली ने अपने संस्था की आगामी योजनाओं, सामाजिक गतिविधियों और सामूहिक विवाह आयोजन को लेकर विस्तृत जानकारी मीडिया को दी। बताया कि संस्था लगातार तीसरे वर्ष जिले की बेटियों का सामूहिक विवाह कराने जा रही है। इस वर्ष संस्था ने 551 कन्याओं की डोली सजाने का लक्ष्य रखा है। बताया कि पिछले वर्षों की तरह इस बार भी आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों की शादी धूमधाम से कराई जाएगी। इसके लिए पात्र कन्याओं के चयन के लिए सर्वे कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की इस वर्ष भी सामूहिक विवाह को सफल बनाने में अपना योगदान दें।

# झामुमो नेता के पुत्र का निधन, शोक

**धुरकी (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के सगमा ग्राम पंचायत में मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड समिति सदस्य विजय पासवान के 30 वर्षीय पुत्र शुभाष पासवान का इलाज के दौरान रांची स्थित मेदांता अस्पताल में निधन हो गया। इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है। जानकारी के अनुसार शुभाष पासवान कुछ दिनों से बीमार था। बेहतर उपचार के लिए मेदांता हॉस्पिटल रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान निधन हो गया। यह खबर फैलते ही स्थानीय जनप्रतिनिधि, झामुमो कार्यकर्ता और ग्रामीणों में शोक फैल गयी।**

## विधायक ने किया सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

# अमहर खास के लोग जमीन उपलब्ध करायें एक माह के भीतर बनेगी सड़क: अनंत देव

आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत विशुनपुरा-रमना मुख्य सड़क माझीगवां से दरजिया गांव तक तीन किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक अनंत प्रताप देव ने किया। उक्त सड़क करीब तीन करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होगी। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि अमहर खास पंचायत टांडी मोहल्ला के लोग वर्षों से सड़क की मांग कर रहे हैं, लेकिन भूमि उपलब्ध न होने के कारण निर्माण बाधित है। कहा कि जिस दिन ग्रामीण जमीन उपलब्ध करा देंगे, उसके एक महीने के भीतर सड़क निर्माण का कार्य पूरा कर दिया जाएगा। विधायक ने कहा कि नगर उंटारी गढ़ परिवार लेने का नहीं, देने का काम करता है। विशुनपुरा में करोड़ों की जमीन दान कर थाना एवं प्रखंड कार्यालय का निर्माण कराया गया है। उन्होंने बिजली समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अगले पांच दिसंबर को सदन में बीपीएल



धारियों को मुफ्त बिजली कनेक्शन देने की मांग मुख्यमंत्री के समक्ष रखी जाएगी। कहा कि जिस गांव में अब तक बिजली नहीं पहुंची है, आवेदन मिलते ही तुरंत बिजली बहाल कराई जाएगी। इस दौरान विधायक ने राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का जिक्र करते हुए कहा कि 18 से 50 वर्ष तक की महिलाएं मंइयां योजना में आवेदन करें, ताकि उन्हें 2500 रुपये प्रति माह का लाभ मिल सके। उधर, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी ने कहा कि जनता ने विधायक को पांच वर्षों के लिए चुना है और अभी एक वर्ष ही बीता है। आने वाले समय में विकास की गंगा बहेगी और प्रत्येक लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचेगा। वहीं, झामुमो केंद्रीय कार्य समिति सदस्य नेता ताहिर अंसारी ने कहा कि सरकार ने जो वादा किया है उसे पूरा किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने किया। इस मौके पर राजा सिंह, सुधीर सिंह, माणिक सिंह, संजय गुप्ता, अनिरुद्ध चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, दिनेश शर्मा,ललन गुप्ता, सचिन गुप्ता, ऐनुल अंसारी, लतीफ अंसारी, आलम बाबू, सुदामा राम आदि थे।

# विधायक ने किया 'स्वाद रसोई फैमिली ढाबा' का उद्घाटन



**श्री बंशीधर नगर/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत क्षेत्र के गोसाईबाग मैदान में 'स्वाद रसोई फैमिली ढाबा' का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन विधायक अनंत प्रताप देव ने किया। उन्होंने कहा कि शहर में एक स्वच्छ, पारिवारिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन स्थल का शुरू होना स्वागत योग्य है। उन्होंने ढाबा संचालक को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे उपक्रम स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा देते हैं और लोगों को बेहतरीन खानपान की सुविधा प्रदान करते हैं। वहीं, ढाबा संचालक सौरभ पांडेय ने बताया कि स्वाद रसोई फैमिली ढाबा में वेज और नॉन-वेज दोनों तरह के स्वादिष्ट व्यंजनों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध होगी। ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए होम डिलीवरी की भी व्यवस्था की गई है, जिससे शहर और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोग घर बैठे मनपसंद भोजन का आनंद उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि ढाबा का उद्देश्य ग्राहकों को साफ-सुथरे वातावरण में ताजा और गुणवत्तायुक्त भोजन की सुविधा देना है। बताया कि हमारे रसोई ढाबा में खीर सभी व्यंजनों में से एक है। वहीं, स्थानीय लोगों ने ढाबा खुलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। कहा कि गोसाईबाग क्षेत्र में पहली बार इतने अच्छे स्तर का फैमिली ढाबा शुरू हुआ है। इस मौके पर झामुमो युवा नेता मानवेंद्र प्रताप देव, जिला शिक्षा प्रतिनिधि कमलेश्वर पांडे, थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, झामुमो जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडे, अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन शिवधारी राम, कांग्रेस जिला महासचिव ओमप्रकाश चौबे, तारकेश्वर पांडे, कामता प्रसाद, कमलेश मेहता, अजय प्रसाद, डॉ संतोष कुमार, डॉ अभिमन्यु सिंह, शुभम प्रकाश, शमीम खान, धर्मप्रकाश कमलापुरी, अरविंद प्रसाद कमलापुरी, देव कुमार, भाजपा नेता ओम प्रकाश गुप्ता, रजनीकांत देव और प्रवीण मिश्रा आदि मौजूद थे।

# आरके पब्लिक स्कूल में वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी और खाद्य मेले का आयोजन

**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** स्थानीय अधौरा ग्राम में स्थित आरके पब्लिक स्कूल में वार्षिक विज्ञान प्रदर्शनी और खाद्य मेले का आयोजन हुआ। जिसमें उत्साही छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक अलख नाथ पांडे ने छात्रों की नवाचारी परियोजनाओं और स्कूल की उत्सुकता को बढ़ावा देने के लिए प्रशंसा की। साथ ही ऐसे कार्यों के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने प्रतिभागियों को बधाई दी और उन्हें विज्ञान के रहस्यों का अन्वेषण जारी रखने के लिए प्रेरित किया। वहीं, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पुलिस उप निरीक्षक अमित प्रशांत ने छात्रों और प्रिंसिपल के प्रयासों की सराहना की। कहा कि प्रिंसिपल डॉ पुइतांडी ने इस दिन को सफल बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने शिक्षकों, स्टाफ और अभिभावकों के सहयोग की भी प्रशंसा की, जिसने इस आयोजन को संभव बनाया। उधर, सरल भौतिकी प्रयोगों से लेकर जटिल रसायन विज्ञान प्रदर्शनों तक विभिन्न परियोजनाएं प्रदर्शित की गईं, जो छात्रों की रचनात्मकता और मेहनत को दर्शा रही थी। वैज्ञानिक प्रस्तुतियों के बाद, खाद्य मेले में छात्रों की ओर से तैयार घरेलू व्यंजनों का रंगीन प्रसार था, जिसमें पारंपरिक स्नैक्स से लेकर आधुनिक व्यंजन शामिल थे। इस मौके पर प्रतिभाशाली छात्रों को प्रमाण पत्र और पदक देकर सम्मानित किया गया।

# नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर में 40 लोगों की हुई जांच

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शहर के कचहरी रोड स्थित जनता डेंटल क्लिनिक में आयोजित निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर में मंगलवार को 11वें दिन 40 लोगों के दांतों की जांच की गई। मरीजों के दांतों की जांच गढ़वा के प्रसिद्ध दंत रोग विशेषज्ञ डॉ एमएन खान ने की। डॉ एमएन खान ने कहा कि जिले में दांतों से संबंधित बीमारियों के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। जिनमें पायरिया एक प्रमुख समस्या के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि पायरिया एक ऐसी बीमारी है। जिसे लोग अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन यह आगे चलकर गंभीर स्वरूप ले सकती है। समय पर इलाज नहीं होने पर मसूड़ों की कमजोरी, दांतों में दर्द, बदबू, खून आना और अंततः दांत गिरने तक की स्थिति बन सकती है। उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि पायरिया के शुरूआती लक्षण दिखने पर तुरंत दंत चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। सलाह दी कि सुबह-शाम ब्रश करना, नमक या माउथवॉश से गरारा करना, मीठे पदार्थों का कम सेवन और नियमित दंत जांच करवाना बेहद जरूरी है। अगर लोग दांतों-मसूड़ों की देखभाल में सतर्कता बरतें तो रोगों से बचा जा सकता है।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA**

**e-Procurement Tender Notice**

Tender Reference No: - WRD/MID/KODERMA/F2-19/2025-26
Letter no- 838 Date: - 25.11.2025
**Details of Works:-**

| Group No. | Scheme Name | Estimated Cost (In Lakh) | Time of Completion |
|---|---|---|---|
| 1. | बंदा आहर का जीर्णोद्धार कार्य। प्रखण्ड– डोमचॉच, जिला– कोडरमा। | 27.310 | 11 Months |
| 2. | राजारायडीह मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार कार्य। प्रखण्ड– मरकच्चो, जिला– कोडरमा। | 29.038 | 11 Months |
| 3. | घोघी आहर का जीर्णोद्धार कार्य। प्रखण्ड– मरकच्चो, जिला– कोडरमा। | 25.409 | 11 Months |
| 4. | पनसोती आहर का जीर्णोद्धार कार्य। प्रखण्ड– मरकच्चो, जिला– कोडरमा। | 33.783 | 11 Months |
| 5. | शिव मंदिर आहर का जीर्णोद्धार कार्य। प्रखण्ड– कोडरमा, जिला– कोडरमा। | 28.639 | 11 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of e-Tender on Website | 04.12.2025 at 3:00 P.M |
| 2. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 16.12.2025 up to 5:00 P.M |
| 3. | Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD | 16.12.2025 up to 5:00 P.M |
| 4. | Date of opening of e-Tender | 18.12.2025 at 3:00 P.M |
| 5. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma |
| 6. | Contact no. of e-Procurement officer | 9939193214 |
| 7. | E-mail of e-Procurement office | eemidkod-cemr-jhr@nic.in |

**Note: - 1) Only e-Tender will be accepted.**
**2) Published Estimated Cost May be Increased or Decreased.**
**3) Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD Through http://jharkhandtenders.gov.in**

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division, Koderma**

PR 367013 Minor Irrigation (25-26)_D

## अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस पर लगा जागरूकता शिविर




**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत अन्तर्गत अरु ग्राम में जिला सत्र न्यायाधीश सह नालसा एवं डालसा के अध्यक्ष राजकमल मिश्रा के निर्देशानुसार अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में पीएलवी पुनु देवी द्वारा महिलाओं के प्रति होने वाले हिंसा और उसे समाप्त करने के बारे में विस्तार पूर्वक बात गया। महिला हिंसा के लिये डोमिनिकन तानाशाह का शासन के दौरान तीन बहनों के हत्या के खिलाफ प्रत्येक वर्ष 25 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस मनाया जाता है। बाल विवाह,नशा उन्मूलन, डायन बिसाही जैसे कुप्रथाओं के प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया। लोगों से शिक्षित होने के लोय अपील किया गया। जिसे की शिक्षित हो कर महिलाओं के साथ होने वाले हिंसा को कानूनी तौर पर दुर किया जा सकता है। मौके पर पीएलवी प्रियांशु यादव के अलावे समिमा खातून, नसीम अंसारी, शायरा बीबी, रीना कुमारी, जाकिर अंसारी, नजमा बीबी, अनिता महतो, रुकाया परवीन, तेतरी उरांव, समीरा बीबी समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## महिलाओं ने हिंसा उन्मूलन के लिए ली प्रतिज्ञा



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार 25 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के मौके पर सुचना जनसंपर्क विभाग लातेहार के द्वारा नावागढ़ सखी मंडल के दीदियों, संकुल जेंडर रिसोर्स सेंटर के प्रतिनिधियों और सक्षम सेंटर के कर्मियों और पदाधिकारी के साथ एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन ने कहा कि 25 नवंबर महिलाओं के विरुद्ध हिंसा उन्मूलन दिवस है हम सभी को यह प्रतिज्ञा करनी चाहिए महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ किसी भी प्रकार की शारीरिक, मानसिक अथवा मौखिक हिंसा में शामिल नहीं होना है। भारत के संविधान के द्वारा समता का जो अधिकार दिए गए है इसे समग्रता से लागू करने की आवश्यकता है। समता, स्वतंत्रता का अधिकार केवल कानूनी रूप से लागू न होकर उसे सामाजिक स्तर पर भी लागू करने की आवश्यकता है, परिवार में हो रही महिला और पुरुष भेदभाव को मिटा कर ही एक सफल समाज का निर्माण किया जा सकता है समाज रूपी गाड़ी तभी अनवरत चल सकती है, जब महिलाओं के प्रति पुरुष के मानसिकता में अमूल परिवर्तन लाकर उनके समाज का दूसरे स्तंभ के रूप में मान्यता दिया जायेगा। 25 नवंबर का दिन हम सभी को यह स्मरण करने का दिन है कि एक सुरक्षित और सभ्य समाज का निर्माण महिलाओं का विरुद्ध हो रहे किसी भी प्रकार के हिंसा को समाप्त कर ही किया जा सकता है। उपस्थित महिला समूह को हिंसा उन्मूलन के लिए प्रतिज्ञा दिलाया गया। मौके पर डीपीएम जेएसएलपीएस संतोष कुमार जनसंपर्क विभाग के सूर्यतनय सिंह मुर्शीद अंसारी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।

## छठ घाट रास्ते से अतिक्रमण हटाने की मांग



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह मेदिनीनगर मुख्य पथ स्तिथ पुरानी बस्ती छठ घाट जाने वाले रास्ते मे अतिक्रमण को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी मुद्दे को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों ने बरवाडीह थाना प्रभारी को एक लिखित आवेदन सौंपा। आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि कई बार अंचल अधिकारी को आवेदन देने और शिकायत दर्ज कराने के बावजूद अब तक अतिक्रमण हटाने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गयी है। ग्रामीणों का कहना है कि उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश के बावजूद न तो अंचल प्रशासन कार्रवाई कर रहा है और न ही जनता दरबार में आये अधिकारियों द्वारा कोई निर्णायक कदम उठाया गया।वही इस सम्बंध में बरवाडीह के ग्राम प्रधान अयोध्या प्रसाद ने बताया कई बार कॉल किए जाने के बावजूद अंचलाधिकारी की ओर से कोई जवाब नहीं मिलने पर लोग नाराज हैं। वहीं, आरोप है कि अतिक्रमण करने वाला व्यक्ति तेजी से निर्माण कार्य आगे बढ़ा रहा है। ग्रामीणों ने आवेदन में स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि तत्काल अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं की गयी व जांच शुरू नहीं हुई तो वे मजबूरन सड़क जाम कर विरोध करेंगे। ग्रामीणों ने थाना प्रभारी से आग्रह किया है कि मामले में तुरंत हस्तक्षेप कर रास्ते को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाये। ताकि छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को घाट तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। वही दूसरी और बात की जाये तो ग्रामीणों ने कुछ दिन पूर्व इसकी जानकारी पीडब्ल्यूडी के स्कुटीव को दूरभाष पर इसकी जानकारी दी थी। जिसके बाद मामले को संज्ञान में लेकर पीडब्ल्यूडी के कनीय अभियंता को जांच करने का निर्देश दिया गया था। जिसके बाद स्थल पर मामले की पड़ताल की गयी और कहा गया कि एक से दो दिनों के अंदर मापी किया जायेगा और दाग लगा देंगे लेकिन अबतक तक उसपर कोई करवाई नही हुआ जिसके कारण अतिक्रमण कर रहे लोगो का मनोबल सर चढ़ कर बोल रहा है।और तेजी से कार्य किया जा रहा है। फिलहाल थाना में आवेदन दिए जाने के बाद कार्य बंद करने को कहा गया है।

## अपराधी राहुल और तेजलाल सिंह के घर चंदवा पुलिस ने चिपकाया इश्तिहार



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा थाना क्षेत्र के संगठित आपराधिक राहुल सिंह और तेज लाल सिंह उर्फ जीतू सिंह के घर चंदवा पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर इश्तेहार चिपकाए जिसमें चंदवा थाना कांड संख्या 17/ 24 दिनांक 15.11. 2024 धारा 109 /3(5) बीएनएस एवं 17 सीएलए एक्ट के अभियुक्त राहुल सिंह पिता कलेश्वर सिंह ग्राम चेतर चंदवा जीतू उर्फ तेजलाल सिंह ग्राम चिरो चंदवा जिला लातेहार के घर पर न्यायालय लातेहार द्वारा निर्गत इस्तेहार को चंदवा थाना के एएसआइ और पुलिस की टीम ने दोनों अभियुक्त के घर पहुंच कर डुगडुगी बजाकर इश्तिहार चिपकाये है। यह कार्य इसलिए माननीय न्यायालय के द्वारा आदेश कर इश्तिहार चिपकाये जाता है कि अपराधी जल्द ही न्यायालय के शरण में आये नहीं तो अगली कार्रवाई के लिए तैयार रहे। इस दौरान दोनों अपराधी के घर उनके घर वाले और आसपास के गांव वाले भी मौजूद थे।

# भ्रष्टाचार अब शिष्टाचार बन गया है : सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा है कि झारखंड में भ्रष्टाचार अब शिष्टाचार बन चुका है। जनता दरबार के नाम पर पिकनिक मना रही है सरकार। उन्होंने छात्रों-युवाओं से आह्वान किया कि नया झारखंड बनाने के लिए संघर्ष की तैयारी करें।

श्री महतो लातेहार नगर भवन में आयोजित मिलन समारोह सह कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की भूमिका तथा झारखंड के विकास से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में क्षेत्र भर से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिससे पूरे आयोजन में उत्साह और ऊर्जा का माहौल बना रहा।

मुख्य प्रवक्ता डॉ देव शरण भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर, केंद्रीय महासचिव संजय मेहता, जिलाध्यक्ष अमित पांडेय, ऋतुराज शाहदेव आदि ने भी मिलन समारोह को संबोधित किया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अमित पांडेय ने की, धन्यवाद ज्ञापन अभिषेक राज ने किया।

श्री महतो ने कहा कि वर्तमान सरकार में झारखंड में भ्रष्टाचार और माफिया का बोलबाला हो गया है। छात्रों एवं युवाओं के भविष्य की सरकार को चिंता नहीं। युवाओं को जागना होगा और अपने भविष्य के लिए लड़ाई लड़नी होगी।

इस मौके पर विभिन्न दलों के सैकड़ों कार्यकर्ता आजसू पार्टी में शामिल हुए, जिसमें दीपक पांडेय रूपेश अग्रवाल विनोद सिंह मुकेश यादव, नीरज यादव, श्रीकांत पासवान, पंकज प्रसाद, रितेश सिंह, उज्जवल गुप्ता, प्रभाष आनंद, प्रिंस ठाकुर, सोनू राणा, दिनेश यादव, प्रद्युम्न, मोनिका कुमारी, आंचल कुमारी, भारती, विनीता, चंचला, आरती आदि हैं। इस अवसर पर विजय मेहता, हरीश कुमार, प्रताप सिंह, बिकेश शुक्ला, चंद्रशेखर सिंह ,वसीम खान, राकेश सिंह, प्रमिला देवी , रीमा देवी, विजेंद्र दस अभिषेक राज, संजय मेहता, ऋतुराज सहदेव एवं दिलीप चौधरी उपस्थित रहे।

## पुटूवागढ़ जंगल से युवक का शव बरामद

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** पलामू व लातेहार जिला सीमा से सटे प्रखंड के थाना क्षेत्र के छेंचा पंचायत स्थित पुटूवागढ़ जंगल में सोमवार देर शाम एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। जिससे पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। घटना की सूचना मिलते ही बरवाडीह थाना प्रभारी अनुराग कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को बरामद कर मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। पुलिस जांच के दौरान मृतक की पहचान चंदन भुईयां, उम्र लगभग 27 वर्ष, पिता सुकन भुईयां, निवासी हुटार, थाना रामगढ़, जिला पलामू के रूप में हुई है। इस संबंध में बरवाडीह थाना अनुराग कुमार ने बताया प्राथमिक जांच में मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। सभी संभावित पहलुओं पर गंभीरता से जांच की जा रही कर रही। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल इस घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

# सशस्त्र सीमा बल 'जी' समवाय ने चलाया जागरूकता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** भारत सरकार गृह मंत्रालय तथा बल मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल के निर्देशानुसार 'जी' समवाय किस्को के द्वारा लोहरदगा जिले में विभिन्न स्थानों पर जागरूकता अभियान 24 नवंबर से 29 नवंबर तक किया जा रहा है। इसी क्रम में 24 नवंबर को किस्को प्रखंड अंतर्गत राजकीय अनुसूचित जनजाति अवासीय उच्च विधालय में नागरिकों में नागरिक भावना, व्यवहार में सुधार लाना, सार्वजनिक संपत्ति का रख रखाव, यातायात नियमों तथा स्वच्छता या पर्यावरण सुरक्षा के बारे में तथा 25 नवंबर को एसएस हाई स्कूल किसको में जिम्मेदार नागरिक विषय पर निबंध, चित्रकला, वाद -विवाद प्रतियोगिता के बारे में जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन



किया गया। यह कार्यक्रम 32वी वाहिनी के कमांडेंट राजेश सिंह के कुशल मार्गदर्शन में 'जी' समवाय किस्को के समवाय प्रभारी इंस्पेक्टर मनीष चौबे के नेतृत्व में किया गया। साथ ही विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक, और विद्यार्थी भी मौजूद रहे। इस मौके पर इंस्पेक्टर मनीष चौबे ने बताया कि 32वीं वाहिनी लोहरदगा एवं लातेहार जिले में नक्सल विरोधी अभियान के साथ-साथ समय समय पर पशु चिकित्सा शिविर, मानव चिकित्सा शिविर जैसे कार्यक्रम का आयोजन भी करते रहते हैं। इसके अलावा 32वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल लोगों के उत्थान और सामाजिक कल्याण के प्रति भी प्रतिबद्ध है।

# आइटीआइ टेक्निकल कॉलेज में छात्र-छात्राओं ने सीखे सुरक्षित यातायात के गुर

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** आइटीआइ टेक्निकल कॉलेज कुजरा में मंगलवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सड़क सुरक्षा टीम लोहरदगा द्वारा किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों और आम नागरिकों को दुर्घटनाओं से बचाव तथा सुरक्षित यातायात नियमों के प्रति जागरूक बनाना था। कार्यक्रम के दौरान टीम अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चालक हमेशा हेलमेट पहनें तथा चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगायें। निर्धारित गति सीमा का पालन, ट्रैफिक सिग्नल की समझ, मोबाइल फोन का उपयोग न करना और शराब पीकर वाहन न चलाना जीवन रक्षा के प्रमुख मंत्र हैं।

अधिकारियों ने वास्तविक घटनाओं और आंकड़ों का उदाहरण देकर बताया कि लापरवाही के कारण सड़क दुर्घटनाओं में हर वर्ष असंख्य लोगों की जान जाती है। इसलिए हर व्यक्ति को स्वयं जागरूक होने के साथ-साथ दूसरों को भी यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करना चाहिए। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा सड़क सुरक्षा पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी व स्लोगन प्रस्तुति भी की गयी, जिसमें सभी ने सक्रिय भागीदारी दिखलायी। इस दौरान सड़क सुरक्षा के संदेश वाले पंपलेट भी वितरित किये गये। कॉलेज प्रशासन की ओर से प्राचार्य ने छात्रों को सुरक्षित एवं जिम्मेदार नागरिक बनने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि युवाओं की जागरूकता ही दुर्घटना रहित समाज बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। अंत में सड़क सुरक्षा टीम लोहरदगा और कॉलेज प्रशासन ने संयुक्त रूप से धन्यवाद ज्ञापन देकर कार्यक्रम का समापन किया।

## आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वारा कार्यक्रम का आयोजन



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भीठा पंचायत में मंगलवार को आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत सेवा का अधिकार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेवा का अधिकार कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला पंचायती राज पदाधिकारी सह नोडल अंजना दास, प्रखंड प्रमुख बरिया देवी, जिला परिषद सदस्य राजमनी उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, सीओ शिव दुर्गा कुमार व पंचायत मुखिया टेले उरांव ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। मौके पर प्रखंड विकास पर पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने कहा कि प्रखंड प्रशासन ग्रामीणों की हर समस्याओं के निदान को लेकर तत्पर है।

# सेवा का अधिकार सप्ताह का लाभ उठायें : निशीथ जयसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** कुडू प्रखंड के लावागाईं, कोलसिमरी एवं टाटी पंचायत में मंगलवार को सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने कहा कि यह अभियान सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का सशक्त माध्यम है। झारखंड सरकार का उद्देश्य है कि राज्य का कोई भी नागरिक सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। यह पारदर्शी, सुगम और समावेशी प्रशासन की दिशा में उठाया गया ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर दस्तावेजों की कमी, जानकारी का अभाव एवं सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने जैसी समस्याओं के कारण लाभुक योजनाओं से वंचित रह जाते थे। लेकिन अब सरकार स्वयं जनता तक पहुँच रही है और स्थल पर ही समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि वे इस कार्यक्रम का अधिकतम लाभ उठायें और विकास योजनाओं से जुड़कर सशक्त बनें। कार्यक्रम में स्टॉल लगाकर विभिन्न सेवाएं उपलब्ध करायी गयी, जिनमें मंईयां सम्मान योजना, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, सावित्रीबाई फुले योजना, अबुआ आवास योजना आदि शामिल रहे। मौके पर कई लाभुकों को जॉब कार्ड प्रदान किया गया तथा कौशल विकास प्रशिक्षणार्थियों के बीच प्रशस्ति पत्र वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य रीना कुमारी, उपप्रमुख एनुल अंसारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष उरांव, नोडल पदाधिकारी अनुज मिंज, युवा अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, ललिता उरांव, सुखमनी उरांव, राजमणी उरांव, मो इकबाल, संजू तुरी, सज्जाद अंसारी, हफीजूल अंसारी, शकुंतला सुरिन, रामनाथ उराँव, सबरेज अंसारी, सुनील कुंवर, सुजीत अग्रवाल सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## कैरो प्रखंड के गजनी में सेवा का अधिकार सप्ताह शिविर का आयोजन



**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सरकार के निर्देशानुसार मंगलवार को प्रखंड के गजनी खेल मैदान में आपकी योजना आपकी सरकार आपकी द्वार सेवा का अधिकार सप्ताह शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में एलआरडीसी सुजाता कुजूर, सांसद प्रतिनिधि समीद अंसारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भटाचार्य, अंचलाधिकारी कुमारी शिला उरांव, मुखिया सुमन उरांव के द्वारा दीप प्रज्वलित कर और अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत करते हुए किया गया। मौके पर एलआरडीसी सुजाता कुजूर ने कहा कि सेवा का अधिकार सप्ताह शिविर के माध्यम से जनता के हित में अनेको जनहित के कार्य किये जा रहे हैं जिसका लाभ उठायें। सेवा का अधिकार के तहत सरकार के द्वारा दी जानी वाली सेवा का लाभ उठायें। सांसद प्रतिनिधि समीद अंसारी ने कहा कि झारखंड राज्य बनने के 25 वर्ष पूरे होने सेवा के अधिकार सप्ताह मनाया जा रहा जो 21 से 28 नवंबर तक चलेगा। सेवा के अधिकार अधिनियम के तहत मिलने वाली सुविधाओं को जन –जन तक पहुचाने का काम कर रही है। प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भटाचार्य ने कहा कि शिविर के माध्यम से लोग सरकारी आम जरूरतमंद लोगों को एक ही शिविर में समस्याओ का समाधान करने का पूरा पूरा प्रयास किया जा रहा है। शिविर में आएं और अपना काम कराएं। वर्तमान के साथ साथ आगे भविष्य को लेकर भी सोचे और कार्यक्रम का लाभ उठाएं। कार्यक्रम को अंचलाधिकारी कुमारी शिला उरांव, मुखिया सुमन उरांव,डॉक्टर ओम कुमार आदि के द्वारा भी संबोधित किया गया। मंच का संचालन प्रखंड प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी किशोर उरांव ने किया। शिविर में अंचल कर्मी प्रदीप कुजूर, रीना कुमारी, अधीश खाखा, विनय उरांव, आनंद सिंह, रामसहाय टाना भगत, अमन शिखर, दिनेश कुमार,अमित कुमार, प्रवेज अख्तर, पंचम उरांव, रशीद अंसारी, महबूब अंसारी,मुन्ना अंसारी आदि उपस्थित थे।

## आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो का कुडू में स्वागत



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो मंगलवार को लातेहार में आयोजित मिलन समारोह कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इसी क्रम में उनके कुडू (लोहरदगा) आगमन पर बस स्टैंड के समीप आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल समेत दिलीप साहू, मोहम्मद साजिद कलाल, कबीर अंसारी, सोनू कुमार, मुमतजीर अंसारी और ओमप्रकाश उर्फ.मुन्ना ने उनका जोरदार स्वागत किया।

## मनिका में समाजसेवी ने जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़े का किया वितरण



**मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** मनिका सर्दी की रातें गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती है उन्हें तलाश रहती है किसी ऐसे मसीहा की ओर आकर उनको ठंड से बचा सके। ठिठुरते हुई रात न गुजरानी पड़े। बहुत से गरीब इन सर्दी की रातों में खुले आसमान के नीचे कापते रहते हैं। जो गरीब की पीड़ा को समझते हुए नेक कार्य के लिए आये सतबरवा निवासी समाजसेवी निर्दोष कुमार उन्होंने मंगलवार को मनिका प्रखंड के रांकी कला पंचायत ग्राम नकटा ठंड को देखते हुए सैकड़ो गर्म कपड़े कंबल आदि गांव के बच्चे और बुजुर्गों के बीच का वितरण कर लोगों को मानव सेवा के लिए प्रेरित किया और शिक्षा के प्रति नशा से बचने के लिए जागृत किया। इस मौके पर समाजसेवी निर्दोष कुमार ने कहा कि गरीबों के लिए सर्दी का मौसम काफी कष्ट पद रहता है। गर्मी में तो काम चल जाता है, कहीं भी पड़े रहो कोई दिक्कत नहीं होती लेकिन सर्दी में उनके लिए भारी मुसीबत होती है। इन सभी को देखते हुए आज नये पुराने कपड़ों का बच्चे और बुजुर्गों के बीच वितरणकिया गया। ऐसे कार्य में हमें काफी खुशी होती है। मौके पर निर्दोष कुमार, गुड्डू सिंह मुरमा, मुकेश कुमार, सीताराम भुईयां, सुनील भुईयां, लालमोहन स्वदेशी भुईयां, मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## एकलव्य विद्यालय में बाल सुरक्षा और संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम




**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखण्ड स्तिथ मंगरा रोड में कल्याण विभाग द्वारा संचालित एकलव्य विद्यालय में मिशन वात्सल्य योजना अंर्तगत बाल सुरक्षा, संरक्षण एवं जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों को जेजे एक्ट 2015, पॉक्सो एक्ट 2012, चाइल्डलाइन 1098, साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग और बाल अधिकारों सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गयी। जंहा सभी विद्यालय के छात्र-छात्राओ को संबोधित करते हुए जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी रीना कुमारी ने कहा कि बच्चे उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की दिशा में हमारे विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि छात्र भविष्य के जागरूक नागरिक हैं, जो समाज में सकारात्मक बदलाव का आधार बनेंगे।आयोजित कार्यक्रम में बाल संरक्षण टीम ने बच्चों को बाल यौन शोषण, बाल विवाह, बाल श्रम एवं मानव तस्करी से सुरक्षा, अपराध की पहचान व रिपोर्टिंग और आपातकालीन सहायता में चाइल्डलाइन 1098 की भूमिका के बारे में जानकारी दी। भूत प्रेत व डायन बिसाही जैसी बातों को लेकर विस्तृत रूप से बताया और कहा कि ये सब अंधविश्वास है। इन सब बातों को लेकर आप सब भी लोगो को जागरूक करें। तभी समाज का विकास होगा। इस अवसर पर जिला बाल कल्याण समिति सदस्य कुंदन गोप, पीओ एनआइसी मो रजा, चाइल्ड लाइन कार्यकर्ता संगीता कुमारी समेत विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिक्षक कमेलश कुमार, शिक्षिका नेहा साहू, दीक्षा गुप्ता, उन्नति पाठक, मयंक कुमार और छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 26 नवंबर, 2025
www.azadsipahi.in



# पथरा पंचायत के चार घरों से लाखों की संपत्ति की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता



चोरों द्वारा बिखरा हुआ सामान को देखते ग्रामीण।

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद क्षेत्र में बीती रात चोरों का आतंक देखने को मिला। हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के पथरा पंचायत अंतर्गत चनकार कस्तूरी गांव के टोला नोनियाडीह और पथरा गांव में घरों का ताला तोड़कर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। । चोरों द्वारा चार घरों का ताला तोड़ने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है की घर मालिक कपिल चौहान अपने परिवार के साथ नातिन की शादी में गये थे, इसी बीच चोरों ने घर का ताला तोड़कर बक्सा व सूटकेस घर से करीब 500 मीटर दूर सोनगाहा आहर में ले जाकर उसका सामान निकाल लिया और खाली बक्सा, सूटकेस व अन्य सामग्री वहीं फेंक कर फरार हो गये। सुबह गांव वालों ने आहर में बक्सा व सूटकेस पड़े देख इसकी सूचना दी। इसी पंचायत के पथरा गांव में रमेश राम के परिवार जिस घर में सोये थे, उस घर के बाहर से कुंडी लगाकर पास के दूसरे घर का ताला तोड़कर लाखों की संपत्ति चोरी कर ली गयी। वहीं शादी समारोह में गये तीसरे घर के सुदामा चौहान के घर का ताला तोड़कर भी चोरों ने हाथ साफ किया। एक अन्य घर का ताला टूटा मिला है। बताया जा रहा है कि चोरों ने चारों घरों से मिलाकर लाखों रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ किया। पथरा पंचायत के मुखिया नरेश पासवान ने प्रशासन से अज्ञात चोरों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। घटना की सुचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस स्थल पर पहुंच कर छानबीन मे जुट गयी गयी है।

## ध्वजारोहण और शोभायात्रा ने देवघर को बनाया देवलोक

# बाबा बैद्यनाथ धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब, लोकनृत्यों ने किया मंत्रमुग्ध

आजाद सिपाही संवाददाता





**देवघर।** बाबा बैद्यनाथ धाम में मंगलवार का दिन अध्यात्म, परंपरा और भव्यता का अद्भुत संगम लेकर आया। ध्वजारोहण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ और पूरा शहर मंत्रोच्चारण की पवित्र ध्वनि से गूंज उठा। सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन ने कड़े इंतजाम किये थे। ड्रोन कैमरे और वॉकी-टॉकी के माध्यम से पूरे मार्ग पर चप्पे-चप्पे की निगरानी की गयी।

**संतों की भव्य उपस्थिति, हर कदम पर श्रद्धा का सागर उमड़ा :** शोभायात्रा में स्वामी हरिहरानंद सरस्वती जी महाराज स्वयं पैदल चलते नजर आये। मार्ग में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह फूलमालाओं, आरती और जयघोष के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी पंचमानंद सरस्वती जी महराज, स्वामी सर्वेश्वरानंद सरस्वती महाराज (गढ़मुक्तेश्वर), स्वामी विवेकानंद सरस्वती जी महाराज (फिरोजाबाद), भागवत कथा व्यास पंडित रामाकांत मिश्र जी महाराज, दिल्ली से सरमन स्वामी, मैनपुरी से भाई दीक्षित, सूर्यकांत त्रिपाठी और अमेरिका से पधारे संजीव चोपड़ा भी शोभायात्रा में शामिल रहे। संतों के इस विराट संगम ने शोभायात्रा को और अधिक पावन व भव्य बना दिया।

**लोकनृत्यों ने बांधा समां, पहली बार देवघर में हुआ अघोर नृत्य :** शोभायात्रा में पारंपरिक और लोक नृत्यों ने जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। अहीर नृत्य जो कि रावत यादव समाज का पारंपरिक लोकनृत्य है, ने लोगों को मोह लिया। छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध कर्मा नृत्य। उड़ीसा-बलांगीर की आदिवासी गंत पार्टी की विशेष प्रस्तुति। बनारस का अघोर नृत्य जो पहली बार देवघर की धरती पर मंचित हुआ। इन प्रस्तुतियों ने सांस्कृतिक विविधता का अद्भुत संगम पेश किया और भक्तों को देवत्व का अनुभव कराया। भव्य झांकियों से सजा मार्ग, मानो देवचरित्र सामने जीवंत हो उठे। शोभायात्रा के अग्रभाग में नगर आमंत्रण की टीम मार्ग प्रशस्त करती हुई चल रही थी। आगे-आगे बुलेट सवारों की टोली, महाराणा प्रताप के वीरता प्रतीक घोड़े, गणेश जी, ब्रह्मा जी, विष्णु जी, शिवजी, इंद्र देव, राम दरबार और श्याम बाबा की आकर्षक झांकियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। तांत्रिक, प्रेत व संतों की विशिष्ट प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को कुछ क्षणों के लिए देवलोक में होने का आभास कराया। पूरा शहर आस्था, उमंग और दिव्यता से सराबोर दिखायी दिया।

### आज का विशेष आकर्षण

भव्य कलश यात्रा और यज्ञ का शुभारंभ 26 नवंबर को सुबह 7:30 बजे गोपाल कृष्ण मंदिर, गीता देवी डीएवी स्कूल के बगल से भव्य कलश यात्रा निकलेगी, जिसमें लगभग 1000 महिलाएं कलश लेकर शोभायात्रा में शामिल होंगी। मुख्य मार्गों से होते हुए कलश यात्रा यज्ञस्थल पहुंचेगी, जहां पंचांग पूजन, देव आह्वान के पश्चात अरणी मंथन द्वारा अग्नि प्रज्वलन किया जायेगा। इसके साथ ही यज्ञ का औपचारिक उद्घाटन होगा। दोपहर 3:00 बजे से भागवत कथा का भी आयोजन किया जायेगा, जिसमें कथा वाचक दिव्य प्रवचन देंगे।

# छेछानी लूटकांड का खुलासा, चार गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** छेछानी स्थित पूनम तिवारी के घर पर अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा लूटपाट की घटना को कुछ दिन पहले अंजाम दिया गया। इस संबंध में शहर थाना में 19.11.2025, धारा 309(4) बीएनएस के तहत अज्ञात अपराधकर्मियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पलामू के निर्देश पर एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। अनुसंधान एवं तकनीकी अनुसंधान के क्रम में घटना में संलिप्त अपराधियों की पहचान कर बंदुआ, चैनपुर स्थित उनके घर से छापामारी कर आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। इस कांड संलिप्त अभियुक्त राजकुमार, सचिन कुमार, रोशन कुमार सिंह उर्फ करण सभी निवासी बंदुआ, चैनपुर, जिला पलामू एवं एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। सभी आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। अभियुक्तों के पास से लूटे गये अभूषण और मोबाइल बरामद किये गये हैं।

# अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा विरोधी पखवाड़ा शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**मधुपुर।** शहर के पथर चपटी स्थिति स्वयं सेवी संस्था प्रेरणा भारती कार्यालय सभागार आसरा में मंगलवार को 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक चलने वाले अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा विरोधी पखवाड़े का समारोह पूर्वक शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन संस्था सचिव कल्याणी मीना, सावित्री देवी, सुमन कुमारी, पूर्व प्रधानाध्यापिका वाणी मुखर्जी, सेवा निवृत प्रोफेसर डॉक्टर आशीष सिन्हा,ग्रामीण मोहम्मद हुसैन, आंगनबाड़ी सेविका नादिरा प्रवीण व संगीता कुमारी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर अपने उदगार व्यक्त करते हुए मधुपुर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर रत्नाकर भारती ने कहा कि स्त्री और पुरुष परिवार रूपी गाड़ी के दो पहिए हैं। इनमें से किसी के साथ भी असमानता का व्यवहार परिवार के और अंततः समाज और देश के विकास में बाधक बनता है। अतः इस असमानता के विरुद्ध व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। महाविद्यालय के ही डॉक्टर रंजीत कुमार ने कहा कि समानता तो बेहद जरूरी है लेकिन हमें मर्यादा का भी ख्याल रखना चाहिए।

महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका अनीता हेंब्रम और रजनी मुर्मू ने भी कहा कि हमें शिक्षित होकर स्वावलंबी व सशक्त बना होगा तभी इस समस्या का समाधान संभव है। पत्रकार अरुण कुमार निर्झर ने कहा कि जहां-जहां कानून और शिक्षा की रोशनी नहीं पहुंची है वहीं गांव-समाज में हमें महिला पुरुष असमानता देखने को मिलती है। लेकिन जहां-जहां कानून की रोशनी और शिक्षा का प्रकाश फैला है वहां से यह असमानता का अंधेरा अपनी चादर समेटते हुए दिखाई पड़ रहा है। अतः हमें बालक और बालिका की शिक्षा पर व्यापक ध्यान देने की जरूरत है। इसके अलावा वाणी मुखर्जी, डॉक्टर आशीष सिन्हा, मारवाड़ी महिला मंच की सचिव शालिनी गुटगुटिया, जेंडर सीआरपी चेतनारी अनिता कुमारी, पूजा कुमारी आदि ने भी महिला हिंसा पर अपने विचार रखे।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में वहीदा फिरोजी, आफताब आलम, सिमोती मुर्मू, मुनमुन कुमारी, माया देवी, अनुपम मरांडी, रुखसार परवीन, संतोषी कुमारी, कविता सोरेन, छोटी छोटू सिंह मुंडा का योगदान सराहनीय था।

# दहेज प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने लगायी फांसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** देवघर के जसीडीह थाना क्षेत्र के जगमनीया गांव में दहेज की मांग को लेकर एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की सनसनीखेज घटना सामने आयी है। मृतका की पहचान तनुजा खातून, पति शापजुल अंसारी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि तनुजा की शादी पिछले साल दिसंबर में हुई थी और अभी विवाह को एक वर्ष भी पूरा नहीं हुआ था। विवाहिता के हाथों की मेहंदी का रंग भी पूरी तरह नहीं उतरा था कि ससुराल पक्ष पर उस पर दहेज के लिए प्रताड़ना का आरोप लग गया। परिजनों के मुताबिक, शादी के बाद से ही तनुजा को लगातार दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था। इस संबंध में कई बार पंचायत भी बुलायी गयी, लेकिन ससुराल वालों के रवैये में कोई बदलाव नहीं आया। इसी बीच अचानक तनुजा की मौत की खबर ने मायके वालों को सदमे में ला दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मायके पक्ष ने पति शापजुल अंसारी सहित ससुराल के अन्य सदस्यों पर गंभीर आरोप लगाये हैं और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना से पूरे क्षेत्र में आक्रोश और शोक का माहौल है।

# महुअरी पंचायत सचिवालय भवन का विधायक संजय कुमार ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखंड के महुआरी पंचायत सचिवालय भवन का उद्घाटन विधायक संजय कुमार सिंह यादव, एसडीओ ओमप्रकाश गुप्ता, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, बीडीओ सुनील वर्मा, सीओ पंकज कुमार, मुखिया सरिता कुमारी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस मौके पर विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि पंचायत भवन को बनने से ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान और योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए प्रखंड में जाने की जरूरत नहीं रहेगी। सभी कार्य पंचायत भवन मे ही निष्पादित किये जायेंगे। उद्घाटन के दिन भी विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाये गये थे, जहां अधिकारियों ने आवेदन लेकर रजिस्ट्रेशन किया। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, अबुआ आवास, सर्वजन पेंशन, मईंया सम्मान योजना तथा केसीसी के सर्वाधिक आवेदन प्राप्त हुए। दर्जनों लोगों का आयुष्मान कार्ड रजिस्ट्रेशन भी किया गया। एसडीओ ने कहा कि पंचायत भवन सचिवालय का उद्देश्य पंचायत के ग्रामीणों के लिए बनाया गया है। उन्होंने अधिकारियों को सप्ताह मे एक दिन भी बैठकर कार्य संपादित करने को कहा है। जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने भी ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए पंचायत सचिवालय में बैठकर ग्रामीणों की छोटी-छोटी समस्याओं को पूरा करने को कहा है। तभी सरकार द्वारा बनाया गया भवन की वास्तविकता होगी। मौके पर मुखिया सरिता कुमारी ने कहा कि एक ही स्थान पर सभी सेवाएं मिलने से ग्रामीणों को बड़ी सुविधा हो रही है। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य बद्रीनारायण सिंह, उप मुखिया सुषमा देवी, मनरेगा वीपीओ चंद्रशेखर दुबे, सीआई आशिष रंजन कुमार, टुन टुन सिन्हा,पैक्स अध्यक्ष विमलेश कुमार पासवान, योगेंद्र सिंह, मनरेगा आपरेटर विनोद कुमार, शंकर पासवान, अंकित कुमार सिंह, वारिस हुसैन, अंचल अमीन आनंत कुमार सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# प्रिंस सिंह बने खनन विभाग के सांसद प्रतिनिधि



**पांकी/ पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी प्रखंड के समाजसेवी अविनाश सिंह उर्फ प्रिंस सिंह को चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने पांकी विधानसभा के खनन प्रतिनिधि मनोनीत किया है। सांसद प्रतिनिधि बनाये जाने पर भाजपा नेताओं ने इन्हें बधाई देते हुए मंगल कामना की है। इधर अविनाश सिंह उर्फ प्रिंस सिंह ने सांसद कालीचरण सिंह को आभार व्यक्त किया। कहा कि सांसद ने जो मुझे जिम्मेवारी सौंपी है। उसे इमानदारी पूर्वक निर्वाहन करने का भरपूर प्रयास करूंगा। पांकी विधानसभा मे अवैध हो रहे उत्त खनन पर रोक लगाने कि भरपूर प्रयास करूंगा ताकि सरकार के राजस्व का नुकसान नहीं हो सके।

## अनुमंडल अधिवक्ता संघ मधुपुर ऑफिस बीयरर्स चुनाव

# 14 प्रत्याशियों ने नामांकन प्रपत्र के लिए रसीद कटवाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**मधुपुर।** अनुमंडल अधिवक्ता संघ, मधुपुर ऑफिस बियरर्स का चुनाव सत्र 2025-27 के लिए मंगलवार नामांकन के दूसरे दिन 14 प्रत्याशियों ने नामांकन प्रपत्र हेतु रसीद कटाया और 10 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन प्रपत्र चुनाव पदाधिकारी सतीश चन्द्र मंडल व पंचम राय के समक्ष दाखिल किया। अध्यक्ष पद हेतु मुरारी प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष विंदेश्वरी प्रसाद शाही, महासचिव श्याम सुंदर भैया, संयुक्त सचिव प्रशासनिक जितेन्द्र कुमार और सरोज राम मिश्रा, संयुक्त सचिव लाइब्रेरी अनिल कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष पद के लिए धनंजय प्रसाद शाही तथा कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए राजीव कुमार सिंह, उमेश प्रसाद शाही एवं उमेश प्रसाद सिंह द्वारा अपना-अपना नामांकन पर्चा चुनाव पदाधिकारी के समक्ष दाखिल किया। ज्ञात हो नामांकन के प्रथम दिन सोमवार को किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन प्रपत्र दाखिल नहीं किया गया था।

# 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के उपलक्ष्य में प्रतियोगिताओं का आयोजन



**केंद्रीय संचार ब्यूरो के कार्यक्रम में विद्यार्थियों के रचनात्मकता का संगम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय डालटनगंज द्वारा मंगलवार को गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर में संविधान दिवस 2025, जनजातीय गौरव दिवस तथा पर्यावरण जागरूकता आधारित 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के उपलक्ष्य में रंगोली प्रतियोगिता, क्विज,भाषण एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संविधान निर्माताओं के योगदान को स्मरण करना, जनजातीय समुदायों की गौरवशाली परंपराओं एवं विरासत के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा छात्रों में पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा जगाना रहा है। विद्यालय परिसर पूरे दिन छात्र-छात्राओं के उत्साह, उनकी रचनात्मकता और देशभक्ति के रंगों से सराबोर रहा।

रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं ने संविधान की मूल भावना, जनजातीय संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण पर आधारित थीमों को आकर्षक रंगों के माध्यम से जीवंत किया। छात्र-छात्राओं ने सामूहिक भागीदारी से रंगोली बनाते दिखीं। किसी ने अंबेडकर के चित्र में रंग भरे, तो किसी ने संविधान दिवस को लेकर आकर्षक आकृतियां बनायी। क्विज प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने भारतीय संविधान, स्वतंत्रता संग्राम, जनजातीय नायकों आदि से जुड़े विभिन्न प्रश्नों के उत्तर उत्साहपूर्वक दिए। क्विज के दौरान छात्रों में अद्भुत प्रतिस्पर्धा और ज्ञान के प्रति जिज्ञासा देखने को मिली। भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने संविधान की मूल संरचना, मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों सहित अन्य जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान पर प्रभावशाली वक्तव्य प्रस्तुत किये। छात्र-छात्राओं की अभिव्यक्ति क्षमता और तर्कपूर्ण प्रस्तुति ने सभी को प्रभावित किया।

पेंटिंग प्रतियोगिता में संविधान दिवस, जनजातीय गौरव दिवस, एक पेड़ मां के नाम विषय को छात्र-छात्राओं ने अपनी कल्पनाशीलता और संवेदनशीलता के साथ उकेरा। पेंटिंग के माध्यम से प्रकृति, मातृत्व और पर्यावरण संरक्षण के संदेश दिये। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। केन्द्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें संविधान के मूल्यों के प्रति समर्पित रहने, जनजातीय विरासत का सम्मान करने तथा पर्यावरण संरक्षण को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। विद्यालय के प्रचार्य नीरज द्विवेदी एवं क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

# गीता देवी डीएवी स्कूल भंडारकोला की पूर्व अध्यक्षा को पुण्यतिथि पर किया गया याद



**देवघर (आजाद सिपाही)।** भंडारकोला स्थित गीता देवी डीएवी पब्लिक स्कूल में विद्यालय की पूर्व अध्यक्षा स्वर्गीय गीता देवी तुलस्यान के पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। आज का दिन स्मरणोत्सव के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य बलराम कुमार झा ने उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की और भव्य हवन का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य था गीता देवी के जीवन, उनके कार्यों और समाज तथा शिक्षा के क्षेत्र में दिये गये उनके अमूल्य योगदान को स्मरण करना तथा विद्यार्थियों को प्रेरणा प्रदान करना। विद्यालय के प्राचार्य बलराम कुमार झा ने कहा कि सामाजिक क्षेत्र में शिक्षा और नैतिक मूल्य तथा मानवता की जो अद्भुत मिसाल स्वर्गीय गीता देवी ने प्रस्तुत की वह अभी की पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत है उन्होंने विद्यार्थियों से उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने इस विद्यालय के रूप में शिक्षा का जो प्रकाश स्तंभ स्थापित किया था उससे बच्चों के भविष्य की राहें सदैव आसान होती रहेंगी ।

# पलामू में प्रतिभा को संवारने में जुटे कोचिंग संस्थान : अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** शिक्षा और चिकित्सा के मामले में लंबे समय तक पिछड़ा माना जाने वाला पलामू अब बदलाव की राह पर है। जहां एक ओर आर्थिक कमजोरी और पलायन जिले की बड़ी समस्या रही है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय प्रतिभाओं को संवारने के लिए कई कोचिंग संस्थान नयी उम्मीद बनकर उभर रहे हैं। संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि आज पलामू की कोचिंग संस्थाएं छात्रों को देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश दिलाने का सपना साकार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पलामू का शैक्षणिक इतिहास गौरवशाली रहा है। यहां के विद्वानों द्वारा लिखी किताबें इंग्लैंड तक पढ़ाई जाती हैं, लेकिन मेधावी छात्रों का पलायन हमेशा से चिंता का विषय रहा है। झारखंड-बिहार के कई प्रतिभाशाली छात्र दिल्ली और बंगलुरु के आकाश, एलेन, मेंटर्स जैसे संस्थानों में सेवा देकर अपनी पहचान बना रहे हैं, जबकि स्थानीय प्रतिभाओं को बाहर जाकर संघर्ष करना पड़ता है। इसी समस्या को देखते हुए देवम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की स्थापना की गयी है, ताकि पलामू के बच्चों को बेहतर और किफायती शिक्षा उनके ही जिले में उपलब्ध हो सके। अविनाश देव ने बताया कि आज छात्रों से बातचीत के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि गुणवत्ता के कारण देवम इंस्टीट्यूट विद्यार्थियों की पहली पसंद बनता जा रहा है। संस्थान के प्रमुख शिक्षक प्रवीण दुबे पहले आकाश-एलेन के विभिन्न ब्रांचों में कार्यरत थे, जिन्होंने अब पलामू की शिक्षा को नयी दिशा देने का संकल्प लिया है, वहीं मेंटर्स एड्यूसर्व के राहुल राजा सर और पूरी टीम के सहयोग से शिक्षा की एक नई मशाल जलाने की बातें कही गईं, जिसकी रोशनी में पलामू के बच्चे चमकेंगे। अविनाश देव ने कहा कि यह शुरूआत पलामू में शिक्षा के नए युग का सूत्रपात है, जहां से एक नयी पीढ़ी आत्मविश्वास और विश्वास के साथ आगे बढ़ेगी।

## विशुनपुर में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मिले 1600 आवेदन



**विशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चिरोड़ीह एवं हेलता पंचायत में मंगलवार को सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बीडीओ सुलेमान मुंडरी, चिरोड़ीह की मुखिया रतनी देवी एवं हेलता के मुखिया सुशील मुंडा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रखंड के सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए थे, जहां जमीन संबंधित मामले, आय-जाति-निवासी प्रमाणपत्र, वृद्धावस्था पेंशन, किसान सम्मान निधि, स्वास्थ्य योजना, मनरेगा जॉब कार्ड, पीएम आवास अबुआ आवास योजना से जुड़ी, उक्त दोनों पंचायतों में लगभग 900 ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन सौंपा। इससे पूर्व सोमवार को निराशि एवं घाघरा पंचायत में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां उक्त दोनों पंचायत में लगभग 700 ग्रामीणों ने अपनी योजना एवं समस्या से संबंधित आवेदन सौंपा। बीडीओ सुलेमान मुंडरी ने मुंडरी ने कहा कि सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना है और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। इस मौके पर बीपीआरओ जितेंद्र भगत, बीपीओ चंदेश्वर बड़ाईक, सीआई सुशील टोप्पो, अमीन प्रकाश कुमार, रवि कुमार, सहित विभिन्न विभाग के पदाधिकारी, कर्मी आदि उपस्थित थे।

## सरकार आपके द्वार का आयोजन, लोगों की समस्याओं का किया गया समाधान



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत मंगलवार को घाघरा प्रखंड के घाघरा, देवाकी एवं कुगांव पंचायत में शिविर लगाया गया। जिसमें बीडीओ दिनेश कुमार एवं सीओ खाखा सुशील कुमार के साथ विभिन्न विभागों के कर्मी अपने-अपने स्टॉल लगाकर मौजूद रहे। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और अपनी समस्याओं एवं आवश्यकताओं से संबंधित आवेदन जमा किए। ग्रामीणों ने राशन कार्ड, पेंशन, आवास, बिजली, पानी, सड़क, भूमि संबंधित कार्यों सहित कई मुद्दों पर आवेदन दिया। बीडीओ ने सभी विभागीय कर्मियों को निर्देश दिया कि प्राप्त सभी आवेदनों पर त्वरित और पारदर्शी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कहा कि सरकार की ओर से संचालित यह महत्वपूर्ण जनकल्याण कार्यक्रम का जनता तक सीधे लाभ पहुंचे, इस पर हर अधिकारी विशेष ध्यान दें कि किसी भी ग्रामीण को लाभ से वंचित न होना पड़े। जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनने के साथ कई मामलों का मौके पर ही समाधान भी किया गया।

## सिसई रोड पर पेड़ काटने-छांटने का कार्य संपन्न



**सिसई (आजाद सिपाही)।** सड़क किनारे लगे पेड़ों की कटाई एवं छंटाई का कार्य किया गया। स्थानीय प्रशासन के अनुसार, सड़क के दोनों ओर फैली पेड़ों की बढ़ी डालियों को छांटने से क्षेत्र की सौंदर्य-वृद्धि होगी और मार्ग अधिक सुव्यवस्थित दिखाई देगा। अधिकारियों ने बताया कि घनी टहनियों के हटने से स्ट्रीट लाइट की रोशनी सड़क पर बराबर फैलेगी, जिससे रात में दृश्यता बेहतर होगी। इस कारण दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी और पैदल यात्रियों एवं वाहनों के लिए सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित होगा। स्थानीय निवासियों ने इस पहल का स्वागत किया है। उम्मीद जताई कि भविष्य में भी ऐसे रखरखाव कार्य समय-समय पर होते रहेंगे, जिससे सड़क सुरक्षा और जनसुविधा में सुधार हो सके।

# युगल जोड़ी को मौत भी नहीं कर पायी जुदा

## एक सप्ताह से पेड़ पर लटक रहा युवक-युवती का शव बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सिसई थाना क्षेत्र के रेड़वा पंचायत स्थित लावागांई झेंगरिया टोंगरी में एक पेड़ के सहारे फांसी के फंदे में झूलता युवक-युवती का शव मंगलवार को बरामद हुआ। बताया जा रहा है कि शव सड़-गल गई है। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने इस दिन मौके पर पहुंच कर शव को पेट से नीचे उतारा।

### एक-दूसरे से लिपटे थे शव

पेड़ पर युवक-युवती का झूलता शव देख हर कोई हैरान था। सभी यही अंदेशा लगा रहे थे कि दोनों प्रेमी-प्रेमिका होंगे। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को पेड़ से नीचे उतरा और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस को अंदेशा है कि लगभग एक सप्ताह या उससे पहले युवक-युवती यहां आकर फांसी लगाकर आत्महत्या यि होंगें। क्योंकि पेड़ पर लटकी दोनों लाशें आपस में लिपटी हुई हैं। यह देख क्षेत्र में चर्चा है कि दोनों प्रेमी-प्रेमिका होंगे और आपसी सहमति से फांसी लगाई होगी।

### मृतक युवक चाइबासा और युवती ओड़िशा की रहने वाली



**समाचार लिखे जाने तक दोनों की पूरी पहचान नहीं हो पाई थी। हालांकि इतना पता चला है कि युवक चाईबासा का रहने वाला है, जबकि युवती ओडिशा की रहने वाली है। पुलिस को शवों की तलाशी में एक डायरी हाथ लगी है। जिसपर अंकित मोबइल फोन नंबर से संपर्क कर कुछ लोगों को शवों की पहचान के लिए बुलाया गया है। उनके आने के बाद ही शवों की पहचान हो सकेगी, क्योंकि शव सड़ जाने के कारण चेहरा साफ नहीं नजर आ रहा था।**

# झारखंड डिपा पहाड़ डोंगरी के पास कार पलटी, चार घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला-पालकोट रोड स्थित झारखंड डिपा पहाड़ टोंगरी के पास एक कार अनियंत्रित होकर पलटते हुए खेत में जा गिरी। इस घटना में बसिया थाना क्षेत्र के कुसुम टोली निवासी राजू बड़ाईक, निखिल कुमार, भागी डेरा निवासी मुकेश तिग्गा और सारुड़ा निवासी शिवराज उरांव घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक चारों कार में सवार होकर गुमला सदर अस्पताल एक मरीज को देखने गये थे। वहां से मंगलवार को अपराह्न तीन बजे अपने गांव वापस लौट रहे थे। तभी झारखंड डिपा पहाड़ टोंगरी के पास अचानक एक कुत्ता सड़क पर आ गया। जिसे बचाने के चक्कर में कार असंतुलित होकर सड़क पर पलटते हुए खेत में जा गिरी। जिससे कार में सवार चारों युवक अंदर फंस गए। राहगीर और स्थानीय लोगों की मदद से चारों को काफी मशक्कत के बाद कार से बाहर निकाला गया। इस दौरान चारों खेत के कीचड़ और पानी में बुरी तरह से भीग गए। खेत मालिक भी घटना स्थल पहुंचा और उनसे धान के फसल नुकसान का पैसा मांगने लगा। इसकी सूचना पाकर गुमला पुलिस भी मौके पर पहुंची और चारों को टेंपो से सदर अस्पताल भिजवाया। घटना में किसान के धान की कुछ फसल बर्बाद हो गयी। इधर, घटना में कुत्ते की मौत हो गई।



### दो बाइक की भिड़ंत में चाचा-भतीजा घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के फोरी तिगरा के समीप सोमवार की रात दो बाइक सवार की आपस में टक्कर हो गयी। इस घटना में विजय पन्ना (50) और उसका भतीजा मनीष पन्ना (17) गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सोमवार की रात नौ बजे सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक दोनों बाइक में सवार होकर अटरिया गांव मेहमान गए थे। रात में घर लौटने के क्रम में फोरी तिगरा के समीप सामने से आ रही एक बाइक से टक्कर हो गयी। इस घटना के बाद टक्कर मारने वाला बाइक सवार वाहन सहित मौके से फरार हो गया।**

# अवैध बालू भंडारण एवं तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई के लिए डीसी को ज्ञापन सौंपा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल एवं गुमला भ्रष्टाचार विरोधी मंच के वरिष्ठ नेता आदित्य सिंह और शंकर उरांव की अगुवाई में संयुक्त हस्ताक्षर कर डीसी को सौंपा गया। जिसमें घाघरा, गुमला, सिसई, चैनपुर और रायडीह सहित जिले के कई जगहों से जहां लीज नहीं होने के बावजूद वैसे स्थान से बड़े पैमाने पर बालू माफिया द्वारा प्रखंड स्तर के अधिकारियों की मिलीभगत कर जिले में बालू का भंडारण कर तस्करी की जा रही है। उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की गयी है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि एनजीटी के रोक के बावजूद यह बड़े पैमाने पर भंडारण और तस्करी की जा रही थी। चंद लोगों को छोड़ दिया जाए तो किसी अधिकारी पर कार्रवाई उस वक्त भी नहीं हुई जिस कारण आज भी बालू का अवैध कारोबार बदस्तूर जारी है। इससे स्पष्ट हो रहा कि प्रशासन की मिलीभगत के कारण बालू तस्करी की जा रही है। इसलिए अधिकारियों पर भी कार्रवाई हो। गुमला डीसी को यह भी कहा गया कि जवाबदेह प्रखंड स्तर के अधिकारियों पर कार्रवाई होने से बालू का भंडारण एवं तस्करी पर निश्चित रोक लगेगी। लगे हाथ झारखंड नवनिर्माण दल और भ्रष्टाचार विरोधी मंच ने चेतावनी दी कि बालू भंडारण एवं तस्करी करने वालों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन के लिए भी बाध्य होंगें। इसकी जानकारी झारखंड नवनिर्माण दल मजदूर यूनियन के जिला प्रभारी शंकर उरांव ने मंगलवार को दी।

# जिला स्तरीय जन शिकायत निवारण दिवस में 30 से अधिक नागरिकों ने रखी अपनी समस्याएं

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** डीसी प्रेरणा दीक्षित के निर्देश के आलोक में मंगलवार को डीडीसी दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में जिला स्तरीय साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न दूरदराज क्षेत्रों से 30 से अधिक नागरिकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याएं रखीं, जिन्हें डीडीसी ने गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। इस दौरान ग्राम लावागाई के कैलाश तिवारी की ओर से आवास उपलब्ध कराने से संबंधित महत्वपूर्ण आवेदन दिया गया। उन्होंने बताया कि उनका मिट्टी का घर गिर चुका है, जिस कारण उन्हें और उनके परिवार को काफी कठिनाई हो रही है। वृद्धावस्था और आर्थिक कमजोरी के कारण वे खुद नया घर बनाने में असमर्थ हैं। इसी तरह रायडीह प्रखंड के रायसा ग्राम के ग्रामीणों द्वारा खुरसूता पुल से रायसा गांव तक सड़क नहीं होने के कारण आवागमन में हो रही गंभीर समस्याओं का मुद्दा उठाया गया। ग्रामीणों ने मोरम पथ निर्माण की मांग की, जिस पर डीडीसी ने संबंधित विभाग को प्रस्ताव तैयार करने और तकनीकी जांच सुनिश्चित करने को कहा ताकि रास्ते की समस्या का समाधान जल्द हो सके। इस दौरान, घाघरा की एक महिला ने भी आवेदन देते हुए बताया कि उनके पति की मृत्यु उग्रवादी हिंसा में हुई थी, पर उन्हें अब तक अनुग्रह अनुदान की राशि नहीं मिली है। इस मामले को डीडीसी ने जिला सामान्य शाखा को अग्रसारित करते हुए लंबित भुगतान की प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने का निर्देश दिया। उधर, जन शिकायत दिवस में बसिया निवासी जनक साहू ने भूमि विवाद से जुड़ी समस्या रखी। बताया कि वर्ष 2015 में खरीदी गई जमीन पर पीएम आवास निर्माण करने में सीओ द्वारा रोक लगा दी गई है। उस जमीन को सरकारी भूमि बताया जा रहा है। इस पर डीडीसी ने सीओ एवं बसिया बीडीओ को भूमि संबंधी अभिलेखों की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा, ताकि मामले का उचित समाधान किया जा सके। इस दिन जन शिकायत निवारण दिवस में रोजगार, आवास योजना, भूमि विवाद, अनुकंपा आधारित नौकरी, पेंशन, प्रमाण पत्र निर्गमन एवं अन्य जनसमस्याओं से संबंधित कई आवेदन प्राप्त हुए। डीडीसी ने कहा कि जिला प्रशासन नागरिकों की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। प्रत्येक आवेदन पर नियमानुसार, पारदर्शी और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# सड़क सुरक्षा को लेकर चला अभियान 74 से अधिक लोगों को पकड़ा गया



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल के निर्देश पर मंगलवार को मोटरयान निरीक्षक (एमवीआइ) रॉबिन अजय सिंह, प्रदीप कुमार तिर्की की ओर से सिसई थाना क्षेत्र के कुम्हार मोड़ में सड़क सुरक्षा को लेकर बड़ा अभियान चलाया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाना था। इस अभियान का प्राथमिक लक्ष्य उन चालकों पर लगाम कसना था, जो लगातार यातायात नियमों को तोड़ रहे थे, जिससे दुर्घटनाएं हो रही थीं। इस जांच अभियान का मुख्य फोकस बिना हेलमेट के गाड़ी चलाना और 'ट्रिपल राइडिंग' (एक बाइक पर तीन लोगों का सवार होना) को रोकना, वाहन के जरूरी दस्तावेज जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, परमिट, पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल सर्टिफिकेट और रोड टैक्स के बिना गाड़ी चलाने वालों पर अंकुश लगाने एवं उसके प्रति लोगों को जागरूक करना आदि था। अभियान के दौरान, नियम तोड़ने वाले 74 से अधिक लोगों को पकड़ा गया। जिनपर सिर्फ जुर्माना ही नहीं लगाया गया, बल्कि उन्हें यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया। मोटरयान निरीक्षक ने व्यक्तिगत रूप से चालकों को लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में समझाया और उन्हें भविष्य में नियमों का पालन करने की हिदायत दी। इस दौरान बिना वैध कागजात या अन्य उल्लंघनों के लिए कुल एक लाख 17 हजार 605 रुपये का जुर्माना भी वसूला गया। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट चेतावनी दी है कि भविष्य में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ और भी सख्त कदम उठाए जाएंगे। यह अभियान गुमला जिले में सुरक्षित और अनुशासित सड़क परिवहन व्यवस्था स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।


## पति से मामूली विवाद के बाद महिला ने खाया कीटनाशक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिले के महुआ डाड़ रामपुर निवासी (27) मनीता देवी ने पति से विवाद के बाद गुस्से में आकर चूहा मारने वाला कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार, सोमवार की सुबह किसी घरेलू बात को लेकर मनीता देवी और उसके पति के बीच कहासुनी हो गई थी। विवाद बढ़ने पर मनीता देवी आवेश में आकर घर में रखे कीटनाशक को पी गई। जैसे ही परिजनों को इसकी जानकारी मिली, उन्होंने तत्काल उसे इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद उसे अस्पताल से रेफर कर दिया गया। परिजन सोमवार की रात 10 बजे उसे सदर अस्पताल लेकर आए। चिकित्सकों ने बताया कि समय पर इलाज मिलने के कारण फिलहाल उसकी स्थिति सामान्य है और वह खतरे से बाहर है। डॉक्टरों की टीम लगातार उसकी सेहत पर नजर रखे हुए है।

## बड़ा दुर्गा मंदिर के पुनर्निर्माण को लेकर 27 को बैठक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सनातनियों के आस्था का केन्द्र श्री बड़ा दुर्गा मंदिर के पुनर्निर्माण को लेकर 27 नवंबर को बड़ा दुर्गा मंदिर प्रांगण में आवश्यक विचार विमर्श के लिए बैठक आयोजित की गयी है। इसकी जानकारी देते हुए पूजा समिति के सचिव रमेश कुमार चीनी ने सभी सनातन धर्मावलंबियों से बैठक में आने की अपील की है।

# सिसई में बिजली के पोल से गिरकर युवक की मौत



**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पुना टोली गांव स्थित पोल से 33,000 वोल्ट का तार गिरा था। जिसे सिसई बस्ती का रहने वाला पेशे से बिजली मिस्त्री रबुल अंसारी (24) सोमवार की शाम सात बजे पोल पर चढ़कर ठीक कर रहा था। अचानक पैर फिसलने से पोल से नीचे गिरकर वह गंभीर रूप से घायल होग या। आनन फानन में ग्रामीणों की मदद से उसे सिसई रेफरल अस्पताल लाया गया जहां ईलाज के दौरान रबुल ने दम तोड़ दिया। इसे लेकर मंगलवार को उसके परिजन और बस्ती के निवासियों ने थाना का घेराव कर दिया और उचित मुआवजे की मांग करने लगे। इसके बाद विधायक जिग्गा सुशारन होरो ने बिजली विभाग के सहयोग से मृतक के परिवार को तत्काल दो लाख रुपये का मुआवजा राशि दिलवाया। साथ ही मृतक के पत्नी को बिजली विभाग में ही नौकरी देने की बात करते हुए बिजली विभाग एवं मृतक के परिजनों के साथ सुलहनामा कराया।

## सरकार का संकल्प उपलब्ध करा झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मानित करने की मांग

# गुमला जिसा प्रशासन ने किया झारखंड आंदोलनकारियों का अपमान, मुख्यमंत्री लें स्वतः संज्ञान : पुष्कर महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को डीसी कार्यालय को सरकार की ओर से 30 अप्रैल 2021 को जारी संकल्प 1938 की प्रति उपलब्ध कराई और जल्द से जल्द गुमला जिला के आंदोलनकारियों को सम्मानित करने की मांग की। इस संबंध में अपर समाहर्ता को भी गुमला जिला के आंदोलनकारियों की भावनाओं से अवगत कराया। इस पर अपर समाहर्ता ने जल्द से जल्द आंदोलनकारियों को सम्मानित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी 15 अगस्त एवं 26 जनवरी को आंदोलनकारियों को सम्मानित किया जाता रहा है। इस वर्ष जो छूटें हुए हैं उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल में दक्षिणी छोटा नागपुर प्रजामंडल की अध्यक्ष रोजलीन तिर्की, केंद्रीय संरक्षक शहजाद अनवर, प्रभारी अनथम लकड़ा, सुजात टोप्पो, प्रकाष खलखो, सोमारी देवी, विजय उरांव और प्रफुल्ल मिंज आदि शामिल थे। इस अवसर पर पुष्कर महतो ने कहा कि इस संकल्प के आलोक में चिन्हित सभी झारखंड आंदोलनकारियों को राजकीय सम्मान के तहत सम्मान पत्र, प्रशस्ति या प्रमाण पत्र के साथ प्रतीक चिन्ह देकर डीसी के माध्यम से सम्मानित किया जाना है। कहा कि सरकार आंदोलनकारियों को न्याय के साथ सम्मान एवं समाज में स्वाभिमान से जीने का अधिकार दे रही है। पर विगत दिनों गुमला जिला प्रशासन ने झारखंड राज्य स्थापना दिवस पर आंदोलनकारियों को सम्मान पत्र न देकर, केवल भोले-भाले आंदोलनकारियों को ही नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी अपमानित किया है। मुख्यमंत्री को इस पर स्वतः संज्ञान लेना चाहिए।





**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Road, Ranchi-834001, Jharkhand. Ph No.: +91-651-2225878,
CIN: U45200JH2013SGC001752,
e-mail ld-juidcolimited@gmail.com

***National Competitive Bidding* Tender Notice**
**NIT No.: JUIDCO/ NIT/ RFP/ ITMS/ 2025 – 677**
**Date: 25.11.2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Request for Proposal for Appointment of ICT Consultant for DPR Preparation and Bid Process Management for Implementation of Intelligent Traffic Management System (ITMS) For Urban Local Bodies (ULBs) In Jharkhand |
| 2. | Tender Fee & EMD Amount (In INR) (to be submitted online only) | Cost of Tender Document: 10,000/- (Rs Ten Thousand Only)<br>EMD Amount: 2,00,000/- (Rupees Two Lakh Only) |
| 3. | Mode of Bid Submission | Online e-tendering (jharkhandtenders.gov.in) |
| 4. | Date of starting of sale of online Tender | 25.11.2025 at 17:00 Hrs |
| 5. | Date of start of submission of online bids | 25.11.2025 at 17:00 Hrs |
| 6. | Date & time of Pre-bid meeting | 4.12.2025 at 15:00 Hrs |
| 7. | Last Date/Time for submission of bids | 16.12.2025 at 17:00 Hrs |
| 8. | Date of online Bid Opening | 17.12.2025 at 17:00 Hrs |
| 9. | Tender fee submission address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Limited, JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi – 834001 |
| 10. | Helpline No. of e-Procurement Cell | 0651 - 2225878 |

Further details are available on Jharkhand Government e-procurement website https://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd.

PR 367081 (Urban Development and Housing)25-26*D

## 27 तक होगा कौशल विकास कार्यक्रम

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सीएसआइआर-केंद्रीय खनन और ईंधन अनुसंधान संस्थान के मानव संसाधन विकास विभाग ने 25-27 नवंबर 2025 तक गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, धनबाद में 'माइक्रोकंट्रोलर-बेस्ड प्रोग्रामिंग एंड इंटरफेसिंग ऑन आर्डुइनो यूनो एंड रिलेटेड प्लेटफॉर्म्स' टॉपिक पर तीन दिन का स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम कर रहा है। इस प्रोग्राम का उद्घाटन श्री राजेश कुमार, प्रिंसिपल, गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक धनबाद इंजीनियर अमरनाथ, चीफ साइंटिस्ट और कोऑर्डिनेटर, स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम श्री दिलीप कुंभकार, चीफ साइंटिस्ट और हेड एचआरडी एवं स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम और डॉ जेके सिंह, सीनियर टेक्निकल ऑफिसर और नोडल ऑफिसर, स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम की मौजूदगी में हुआ। गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक धनबाद की इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच के कुल 58 स्टूडेंट्स इस ट्रेनिंग में हिस्सा ले रहे हैं। डॉ जे के. सिंह ने प्रोग्राम की शुरूआत स्वागत भाषण से किया। प्रिंसिपल राजेश कुमार और इंजीनियर अमरनाथ ने भी प्रतिभागियों एवं दर्शकों को संबोधित किया। इंजीनियर अमरनाथ ने स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के महत्व पर रोशनी डाली। सीनियर टेक्निकल ऑफिसर जी सुरेश ने आर्डुइनो की बेसिक बातें और इंटरनेट ऑफ थिंग्स और एंबेडेड सिस्टम में इसके एप्लीकेशन के बारे में बताया। मिस्टर दिलीप कुंभकर पूरे प्रोग्राम में मौजूद रहे और उन्होंने मानव संसाधन विकास टीम को ट्रेनिंग को सफलतापूर्वक पूरा करने में मदद एवं गाइड करते रहे। गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक धनबाद के दूसरे फैकल्टी मेंबर, मिस्टर एम इस्लाम, डॉ एस के सिंह और मिस्टर तौसिफ अजमल भी मौजूद थे।

## एमजीएम स्कूल की छात्रा गीता ने सीबीएसइ नेशनल कराटे में जीता कांस्य



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सीबीएसइ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता बीते 15 से 18 नवमबर तक ग्वालियर मध्य प्रदेश के सिल्वरवेल्स स्कूल में आयोजित की गयी थी। जिसमें सीबीएसइ से संबंध रखने वाले 70 स्कूल के लगभग 600 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल बोकारो की गीता कुमारी ने भी अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीत कर बोकारो का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्राचार्य फादर डॉक्टर जोशी वर्गीस ने गीता की उपलब्धि पर उसे सम्मानित किया। मालूम हो कि वर्तमान में गीता एमजीएम स्कूल बोकारो के 11वीं की छात्रा है। इसके पहले कोलकाता पश्चिम बंगाल में हुए अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में भी गीता ने स्वर्ण पदक जीता है। एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रार्थना सभा में सम्मान समारोह का आयोजन कर गीता के उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामना दी गयी। इस अवसर पर स्कूल उप प्राचार्या राखी बनर्जी, हेड मिस्ट्रेस सपना जोशी, शैक्षणिक निदेशक जॉर्ज जोसेफ के साथ-साथ खेल शिक्षक मीनाक्षी कुमारी राजीव सिंह मोहसिन सौरभ कुमार एवं वंदना कुमारी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

## महावीर मंदिर के चौथे तले की ढलाई में पहुंचे बाघमारा विधायक



**कतरास (आजाद सिपाही)।** कतरास क्षेत्र स्थित गुहीबांध में निमार्णाधीन श्री श्री महाबीर मंदिर के चौथे तल की ढलाई कार्यक्रम में मंगलवार को बाघमारा विधायक शत्रुधन महतो के हाथों शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के पूर्व महाबीर मदिर समिती के अध्यक्ष सुरेन्द्र गोस्वामी सचिव चंद्र प्रभाकर साव कोषाध्यक्ष अजय गुप्ता आदि ने विधायक को भगवा पगड़ी पहनकर सम्मानित किया गया। वही विधायक ने कहा कि मंदिर निर्माण में हर संभव सहयोग करेगें। मौके पर मंदिर के पुजारी निर्मल उपध्याय, सुरेंद्र चौधरी, मनोज विश्वकर्मा, दीपक सोनी, रंजित साह, मनीष पासवान, पंकज गुप्ता, धनंजय गोस्वामी, संदिप सोनी, अंजनी कुमार सिंह, के साथ भाजपा के विधायक प्रतिनिधि बबलू बनर्जी एवं मंडल अध्यक्ष सूर्यदेव मिश्रा, टुनटुन गुप्ता, भरत शर्मा, शिवंम सिंह आदि मौजूद थे।

## सर्दी बढ़ते ही मैथन डैम में पहुंचे सैलानी



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** 25 दिसंबर और नये साल आने में अभी एक महीना से ज्यादा समय है। किंतु अभी से ही मैथन डैम पर सैलानियों का आना शुरू हो गया है रविवार को मैथन डैम पर बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचे और डैम में नौका विहार का आनंद लिया। वही सैलानी डैम के मिलेनियम पार्क, फूल बागान, थर्ड डाइक, सुलेमान पार्क, मैथन छठ घाट, स्पोर्ट्स हॉस्टल सहित डैम के विभिन्न भागों में भ्रमण कर खूब आनंद उठाया। मालूम रहे कि नवंबर से फरवरी तक मैथन डैम पर पिकनिक एवं नौकायन के लिए बड़ी संख्या में सैलानी डैम पहुंचते हैं इस बार सैलानियों को लुभाने के लिए डैम में लगे बोट घाट संचालकों ने भी अपनी नौका एवं स्पीड बोर्ड को सजाकर तैयार कर लिया है।

### बीसीसीएल सीएमडी ने कुसुंडा क्षेत्र एना आर के आउटसोर्सिंग परियोजना का निरीक्षण

# परियोजना के करीब रह रहे लोगों को सुरक्षित जगह पर आवास मुहैया कराने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनसार।** बीसीसीएल सीएमडी मनोज अग्रवाल मंगलवार को कुसुंडा क्षेत्र एना आर के आउटसोर्सिंग परियोजना का निरीक्षण किया। वहीं परियोजना विस्तार के मुहाने पर स्थित इंडस्ट्री कोलियरी मोहल्ला के ग्रामीणों से पुनर्वास के मुद्दे पर बात की। सर्वप्रथम परियोजना व्यू प्वाइंट पहुंच परियोजना में जमा पानी एवं उत्पादन के विषय में जानकारी लिया। निर्धारित समय पर कोयला उत्पादन लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश बीसीसीएल अधिकारियों एवं आउटसोर्सिंग प्रबंधन को दिया। साथ ही उन्होंने कई कमियों पर भी दिशा निर्देश दिया। परियोजना विस्तार के जद मे आ रहे इंडस्ट्री कोलियरी मोहल्ला परियोजना कार्यस्थल पहुंचकर क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों से परियोजना के करीब रह रहे लोगों के को सुरक्षित जगह पर आवास मुहैया करने की बात कही। स्थानीय ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल से उन्होंने मिलकर सुरक्षित स्थान पर लोगों के पुनर्वास तथा उसमें आ रही समस्या पर वार्ता किया। प्रतिनिधि मंडल में शामिल समाजसेवी पारस यादव इंडस्ट्री मुस्लिम पंचायत के सेक्रेटरी रफी अहमद उर्फ मंटू, सदर मो अख्तर अंसारी, सहित अन्य लोगों ने बताया कि बीसीसीएल अधिकारियों एवं आउटसोर्सिंग प्रबंधन के आश्वासन पर करीब 36 परिवार को धनबाद स्थित सुरक्षित स्थान में बसाना था। जहां प्रबंधन द्वारा अब तक इक्कीश परिवार को ही आवास उपलब्ध कराया गया है। जबकि प्रबंधन के आश्वासन पर सभी 36 परिवार के घर को डोजरिंग कर दिया गया है. अभी भी 15 परिवार के लोग आवास मिलने के इंतजार में अगल-बगल के लोगों के घर में रहने को मजबूर हैं। उन्हें पहले तत्काल आवास मुहैया कराया जाये जिस पर सीएमडी ने प्रभारी महाप्रबंधक बीके झा को शीघ्र लोगों को आवास मुहैया करने की बात कही। इसके साथ अन्य चिन्हित परिवार को भी सुरक्षित स्थान पर बसाने में तेजी लाने की बात कही। मौके पर आउटसोर्सिंग जीएम रवि अग्रवाल, विशाल बाला, शिवम कुमार, ललन ताती भू संपदा विभाग व सर्वे टीम के सदस्य उपस्थित थे।

## स्कूल के मुख्य द्वार पर तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान लिखना जरूरी : सीएस



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** सिविल सर्जन बोकारो व जिला शिक्षा पदाधिकारी बोकारो के संयुक्त निर्देशन में सभी बीइओ, बीपीओ एवं बीआरपी का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन मंगलवार को सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जिला परामर्शी मो असलम के द्वारा राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम बोकारो में वर्तमान स्थिति से अवगत कराया गया। जिला परामर्शी ने प्रशिक्षण में आये सभी प्रतिभागियों को बताया गया कि इस वित्तीय वर्ष में बोकारो जिला के सभी विद्यालय को तम्बाकू मुक्त घोषित किया जाना है। बताया गया कि सभी विद्यालय के प्राचार्यों द्वारा अपने अपने-अपने स्कूल के मुख्य द्वार के पास तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान का दीवार लेखन जरूरी है। प्रशिक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि मो असलम जिला परामर्शी एनटीसीपी, छोटेलाल दास एवं सभी प्रखंड के बीइओ, बीपीओ एवं बीआरपी उपस्थित थें।

## जन जागरूकता अभियान में नुक्कड़ नाटक का मंचन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** जिले में चल रहे आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार सेवा का अधिकार सप्ताह के दौरान मंगलवार को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग बोकारो द्वारा संचालित जागरूकता कार्यक्रमों ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। विभिन्न प्रखंडों में आयोजित शिविरों में विभाग की जागरूकता वैन और नुक्कड़ नाटक दल प्रमुख आकर्षण का केंद्र बने। जागरूकता वैन के जरिये मल्टीमीडिया संदेश, गीत-संगीत और घोषणाओं के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं, प्रमाणपत्र सेवाओं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और राशन कार्ड की प्रक्रियाओं की जानकारी दी गयी। इसके साथ ही नुक्कड़ नाटक दल ने नृत्य-संगीत और संवाद आधारित प्रस्तुतियों के माध्यम से योजनाओं का महत्व और उनसे मिलने वाले लाभ को सरल और सहज तरीके से दर्शाया। शिविरों में मौजूद ग्रामीण उत्साहपूर्वक इन कार्यक्रमों को देखते रहे। कई स्थानों पर दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी। नाटक में कलाकारों ने यह संदेश दिया कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक होना और सही समय पर आवेदन करना बेहद जरूरी है।

## 28 को मनाया जायेगा शक्ति नाथ महतो का शहादत दिवस

**तेतुलमारी (आजाद सिपाही)।** गरीब व शोषित वर्गों के मसीहा शहिद शक्ति नाथ महतो के 48 वे शहादत दिवस को लेकर तेतुलमारी थाना क्षेत्र के शक्ति चौक स्थित शक्ति नाथ महतो के आदमकद प्रतिमा के समीप मंगलवार को शक्ति नाथ महतो स्मारक समिति के सदस्यों की एक बैठक हुई। इस दौरान स्मारक समिति के सचिव शिव प्रसाद महतो ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शक्ति चौक पर शहीद के आदमकद प्रतिमा को भव्य रूप दिया जायेगा। सर्वधर्म प्रार्थना के साथ नये मूर्ति का अनावरण किया जायेगा। विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्रओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जायेगा। फिर समिति द्वारा उनके बीच पाठ्य पुस्तक का वितरण किया जायेगा। मौके पर शिव प्रसाद महतो, दयानंद महतो, प्रफुल मंडल, खूबलाल महतो,घलटू त्रिगुनायत लोकनाथ महतो, प्रेम चंद महतो, नरेश महतो, बैजनाथ महतो सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## दि पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल के 130 विद्यार्थियों ने सुधा डेयरी का शैक्षणिक भ्रमण

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** दि पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल के 5 वीं कक्षा के कुल 130 विद्यार्थियों ने सोमवार को सुधा डेयरी कारखाना का शैक्षणिक भ्रमण किया। जहां उन्होंने आधुनिक डेयरी उद्योग की कार्यप्रणाली को नजदीक से समझा और जाना कि दूध किस प्रकार फार्म से घर तक पहुंचती है।

भ्रमण के दौरान छात्रों को डेयरी में होने वाली वैज्ञानिक एवं तकनीकी प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने दूध की शुद्धिकरण प्रक्रिया, पाश्चुरीकरण प्रक्रिया, उच्च गुणवत्ता तथा स्वच्छता बनाये रखने वाले उन्नत मशीनों के संचालन को प्रत्यक्ष रूप से देखा। छात्रों ने यह भी समझा कि दूध से दही, पनीर, मक्खन और फ्लेवर्ड मिल्क जैसे उत्पाद कैसे तैयार किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त कोल्ड-चेन प्रबंधन और गुणवत्ता परीक्षण कैसे किया जाता है। इस यात्रा ने बच्चों को कक्षा में सीखे विज्ञान और वास्तविक औद्योगिक प्रक्रियाओं के बीच संबंध स्थापित करने का अवसर दिया। पूरे यात्रा के दौरान अपनी जिज्ञासा को शांत करने हेतु छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और पूरे दौरे में सक्रिय भागीदारी दिखाई। डेयरी के कर्मचारियों ने बच्चों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें स्वादिष्ट मिठाइयां भी प्रदान की।

प्राचार्या डॉ करुणा प्रसाद ने कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण छात्रों को पाठ्यपुस्तक से बाहर निकलकर वास्तविक दुनिया को समझने का अवसर देते हैं। उद्योगों में होने वाली प्रक्रियाओं को प्रत्यक्ष देखने से बच्चों में जिज्ञासा और आत्मविश्वास बढ़ता है।

## जीतपुर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ी भीड़



आजाद सिपाही संवाददाता

**जोड़ापोखर।** नगर निगम वार्ड संख्या 38 के जीतपुर सामुदायिक भवन में मंगलवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाए गए थे, जहां लोगों ने अपनी समस्याएं बतायी और अधिकारियों से समाधान पाया। शिविर में अधिकारी और वार्ड 38 के पूर्व पार्षद जय कुमार ने 647 लाभुकों का फार्म भरवाया और स्टॉल का निरीक्षण किया लोगों की फरियादें सुनीं। इस दौरान लोगों ने अपनी समस्याएं बतायी और अधिकारियों ने उन्हें समाधान के लिए आश्वस्त किया। जीतपुर सामुदायिक भवन में सुबह से ही जरूरतमंद महिला, पुरुष और युवाओं की भीड़ जुट गयी थी। लोगों ने विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाया और अपनी समस्याओं का समाधान पाया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को उनके घर के पास ही सरकारी सेवाओं का लाभ प्रदान करना है।

## शिविर में पांच यूनिट रक्त संग्रह



आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** झारखंड राज्य स्थापना दिवस पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कतरास में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 5 यूनिट ब्लड संग्रह किया गया। रक्तदान शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाघमारा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नाथ, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक भावेश चंद्र प्रकाश, प्रखंड लेखा प्रबंधक सन्नी लाल विद्यार्थी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कतरास के डॉ शोभा कुमारी, लिपिक नरेश राव, एलटी सविनय दुबे, सुजीत मंडल, एएनएम ममता कुमारी, दिलीप कुमार, प्रीतम कुमार रवानी, डॉ राकेश कुमार, एलटी उदय सिंह, शत्रुध्न पासवान, आशीष राम आदि किया। संग्रह किए गए रक्त को सदर अस्पताल धनबाद के ब्लड सेंटर को सुपुर्द कर दिया गया। सभी डोनर सर्टिफिकेट और डोनर कार्ड प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्री नाथ के द्वारा प्रदान किया गया।


**उपायुक्त-सह-जिलादण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा, (विकास शाखा)**

**Request for Proposal (RFP)**

**Letter No.: ........................ Date: ............**

**Request for Proposal (RFP):** District Planning Office, Lohardaga invites proposals from eligible agencies for providing professional consultation services for deployment of an **Aspirational Block Fellow (ABF)** to support district administration in planning, implementation, monitoring, and evaluation of developmental initiatives under the **Aspirational Block Programme (ABP)**.

| | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Work | Providing professional consultation services for deployment of an Aspirational Block Fellow (ABF) |
| 2 | Date of Publication of Bid | 25.12.2025 |
| 4 | Rate Valid For | One year from the date of work order |
| 5 | Last Date & Time of Submission of Bid | 08.12.2025 (02:00 P.M) |
| 6 | Technical Bid Opening | 09.12.2025 (04:00 P.M) |
| 7 | Bid Submission Place | https://jharkhandtenders.gov.in |
| 8 | Bid Opening Place | Zila Parishad, Lohardaga Building Meeting Hall |
| 9 | Contact Details | dpoloh20@gmail.com, |
| 10 | Method of Selection | 1. The qualified bidder who submits the highest financial offer will typically declared the "Selected Bidder" or "Successful Bidder," provided they meet all other technical and commercial requirements of the tender. 2. In case of Same H1 [Highest Financial Offer] by two or more parties, selection will be done through presentation of the program covering topics - • About the bidder and work profile • Understanding of the scope of work • Detailed Plan for ABF • Micro plan for the improvement of all indicators • Planning for the Training and hand-holding support to Frontline Worker |

नोट :- उक्त निविदा समर्पित करने संबंधी विस्तृत शर्त एवं दिशा निर्देश वेबसाईट www.lohardaga.nic.in तथा https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

ह0/-
उपायुक्त, लोहरदगा

PR 367083 Lohardaga(25-26).D


## नरकंडी में पुआल में लगी आग, जलकर राख

**गोमिया (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के नरकंडी गांव में मंगलवार को अचानक खलिहान में रखे धान और पुआल में आग लगने से जल कर राख हो गया। आग की लपटे इतनी तेज थी कि आस-पास के लोग चाह कर भी आग पर काबू नही पा सके। ग्रामीणों ने बताया कि रेवा महतो एवं प्रयाग महतो का पुआल सुखारी महतो, रामचंद्र महतो धान के खलिहान में रखा हुआ था। जिसमें अचानक आग लगने से खलिहान में रखा हुआ सारा धान सहित पुआल बर्बाद हो गया। वहीं आग की तेज लपटों को देख आस -पड़ोस के लोग पहुंचे और घंटों मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पा सके।

# न्यायाधीश ने धनबाद जेल का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा वीरेंद्र कुमार तिवारी, अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा मयंक तुषार टोपनो और एलएडीसीएस की टीम ने मंगलवार को मंडल कारा धनबाद का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अपर समाहर्ता सह प्रभारी जेल अधीक्षक विनोद कुमार मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान टीम ने बंदियों को बैठने के लिए समुचित व्यवस्था करने का निर्देश जेल प्रशासन को दिया। न्यायाधीश श्री तिवारी के नेतृत्व में टीम ने कारागार के हर एक हिस्से का मुआयना किया। न्यायाधीश के नेतृत्व में टीम ने बंदियों से उनके स्वास्थ्य, इलाज, पेयजल, नास्ता, भोजन व मुकदमे में पैरवी के लिए अधिवक्ता होने अथवा न होने की जानकारी ली। कारागार अस्पताल में निरुद्ध बीमार बंदियों के बेहतर इलाज के लिए उन्हें उच्च स्वास्थ्य सेंटर भेजे जाने का निर्देश दिया वही न्यायाधीश ने चिकित्सा सुविधाओं, पुस्तकालय, रसोई घर, वहां तैयार हो रहे भोजन, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र और ध्यान-सह-योग केंद्र में सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने सभी बंदियों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। न्यायाधीश ने बंदियों को जेल मैनुअल के तहत मिलने वाली सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने का आदेश जेल प्रशासन को दिया। इस मौके पर एलएडीसीएस चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कांउसिल, शैलेन्द्र झा,सुमन पाठक, नीरज गोयल, कन्हैया लाल ठाकुर, स्वाति कुमारी, मुस्कान चोपड़ा सिविल कोर्ट के सहायक अरुण कुमार समेत जेल के पदाधिकारी उपस्थित थे।


**झारखण्ड सरकार**
**सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय**

**ई-निविदा**

सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय, झारखण्ड, राँची द्वारा वर्ष 2026 एवं 2027 के लिए प्रकाशित की जाने वाली झारखण्ड डायरी, दूरभाष निर्देशिका, नोट पैड एवं दीवाल कैलेण्डर के **'टर्न-की'** आधार पर मुद्रण एवं आपूर्ति से संबंधित दर निर्धारण हेतु निबंधित एवं अनुभवी फर्मों से ऑन-लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा से संबंधित प्री-बिड की बैठक दिनांक 28.11.2025 को अपराह्न 04.00 बजे निदेशक, सूचना एवं जन-सम्पर्क निदेशालय, झारखण्ड, राँची के कार्यालय कक्ष में की जायेगी। ई-निविदा केवल ऑनलाईन दिनांक 04.12.2025 को अपराह्न 03.00 बजे तक स्वीकार होगी। प्राप्त सभी निविदाओं को दिनांक 05.12.2025 को अपराह्न 03.00 बजे निविदा निष्पादन समिति (क्रय समिति) के समक्ष खोली जायेगी।

निविदादाता को तकनीकी एवं वित्तीय बिड अलग-अलग अपलोड करना होगा। जिन निविदादाताओं का तकनीकी बिड निविदा निष्पादन समिति (क्रय समिति) द्वारा स्वीकृत किया जायेगा, उन्हीं निविदादाताओं के वित्तीय बिड विचारणीय होंगे। निविदा की शर्तें एवं तकनीकी/वित्तीय बीड का प्रारूप कार्यालय के सूचना पट्ट एवं वेबसाईट prdjharkhand.in तथा www.jharkhandtenders.gov.in पर उपलब्ध है।

(राजीव लोचन बक्शी)
निदेशक
सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय, झारखण्ड, राँची

PR 367085 IPRD(25-26)#D

## गुरु तेग बहादुर का 350वीं शहीदी दिवस : प्रधानमंत्री ने आतंक के खिलाफ हल्ला बोला

# नया भारत ना डरता है, ना रुकता है ना आतंकवाद के खिलाफ झुकता है

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुरुक्षेत्र।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के कुरुक्षेत्र में आतंक के खिलाफ हल्ला बोलते हुए कहा है कि नया भारत आतंकवाद से ना तो डरता है और ना ही रुकता है, बल्कि आतंकवाद का डट कर सामना करता है। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को नौवें सिख गुरु, गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहीदी दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि भारत शांति चाहता है, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर ने यह बता दिया कि भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगा। पीएम मोदी ने गुरु तेग बहादुर को याद करते हुए कहा कि साथियों गुरु साहेब ने कहा, भय काहू को देत नहि, नहि भय मानत आन, यानी हम ना किसी को डराए, ना किसी से डरकर जिए। यही निर्भयता समाज और देश को मजबूत बनाती है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि आज भारत भी इसी सिद्धांत पर चलता है। हम विश्व को बंधुत्व की बात भी बताते हैं और अपनी सीमाओं की रक्षा भी करते हैं। हम शांति चाहते हैं लेकिन अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करते। पीएम मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। पूरे विश्व ने यह देखा है कि नया भारत ना डरता है, ना रुकता है और ना आतंकवाद के खिलाफ झुकता है। आज का भारत साहस और स्पष्टता के साथ आगे बढ़ रहा है।

**पीएम मोदी ने साझा किया दिलचस्प किस्सा :** इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने नौवें सिख गुरु के 350वें शहीदी दिवस के मौके पर गुरु तेग बहादुर को समर्पित एक विशेष सिक्का और एक स्मारक डाक टिकट जारी किया। पीएम मोदी ने कहा कि सुबह वह रामायण की नगरी अयोध्या में थे और अब वह भगवान कृष्ण की धरती पर हैं। पीएम मोदी ने एक दिलचस्प किस्सा भी साझा किया। पीएम मोदी ने कहा कि 9 नवंबर 2019 को जब राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया, तो वह करतारपुर गलियारे के उद्घाटन के लिए पंजाब के डेरा बाबा नानक गये थे। उन्होंने बताया कि मैं प्रार्थना कर रहा था कि राम मंदिर बनने का रास्ता साफ हो और सभी राम भक्तों की इच्छाएं पूरी हों। उन्होंने कहा कि और उस दिन हमारी प्रार्थनाएं कबूल हुईं, क्योंकि अयोध्या में राम मंदिर के पक्ष में फैसला आया।

### न्याय की रक्षा करना सबसे बड़ा धर्म है : पीएम

मोदी ने कुरुक्षेत्र में भगवान कृष्ण के पवित्र शंख को समर्पित नये बने पांचजन्य स्मारक के उद्घाटन के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने कुरुक्षेत्र की इस धरती पर कहा था कि सत्य और न्याय की रक्षा करना सबसे बड़ा धर्म है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भगवान कृष्ण ने कहा था : स्वधर्मे निधनं श्रेय, जिसका मतलब है कि सत्य के लिए अपने जीवन का बलिदान देना बेहतर है। पीएम मोदी ने कहा कि गुरु तेग बहादुर ने भी सत्य, न्याय और आस्था की रक्षा को अपना धर्म माना और इसके लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी।

# डॉ दीपक वर्मा ने सिझारी देवी को दी नयी जिंदगी

## सिझारी के घुटने का सफलतापूर्वक रिप्लेसमेंट किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी के प्रसिद्ध आर्थोपेडिक सर्जन डॉ दीपक वर्मा ने राज हॉस्पिटल में सिझारी देवी के लेफ्ट नी (घुटने) का सफलतापूर्वक रिप्लेसमेंट किया। डॉ दीपक वर्मा ने बताया कि वे अब वे बिल्कुल ठीक हैं। घाव सूख गया है और वे अच्छे से चल पा रही हैं। डॉ दीपक वर्मा ने बताया कि सिझारी देवी को बहुत ज्यादा प्रॉब्लम था। घुटने मे तकरीबन साल, दो साल से लगातार पानी भर जा रहा था। घुटने बहुत खराब हो चुका था, लेकिन अब तक तकरीबन 10 बार पानी निकलवा चुकी थीं लेकिन वह बिल्कुल ठीक हैं।

सिझारी देवी के पुत्र राजू कुमार ने बताया कि मैंने अपनी माताजी को बहुत सारे डॉक्टरों को इधर-उधर दिखाया। कहीं भी कुछ ठीक नहीं हुआ। तब हमने नेट पे देखा तो पता चला कि डॉ दीपक वर्मा राज हॉस्पिटल में ट्रीटमेंट करते हैं, तब हमने राज हॉस्पिटल आये और डॉ दीपक वर्मा से मिले। उन्होंने सारा केस देखने और सारा टेस्ट करने के बाद उनी (घुटने) को रिप्लेसमेंट करने की सलाह दी। हमने हॉस्पिटल में भरती करा कर माताजी के नी (घुटने) का रिप्लेसमेंट कराया। दूसरे ही दिन से माताजी चलने लगीं हैं। तीसरे ही दिन उनकी छुट्टी भी हो गयी। मंगलवार को हम अपनी मांताजी का टांका हटाने के लिए आये हैं। वह बहुत अच्छा से चल रही हैं। उनका प्रोग्रेस बहुत अच्छा हुआ है और वह पूरी तरह से स्वस्थ नजर आ रही हैं।

### डॉक्टर दीपक वर्मा मेरी मां के लिए भगवान हैं : राजू कुमार

सिझारी देवी के पुत्र राजू कुमार ने बताया कि 10 दिन पहले मां के घुटने का प्रत्यारोपण हुआ है और 10 दिन के बाद माताजी बिना दर्द के आराम से चल फिर रही हैं। माताजी को कोई दिक्कत नहीं है। वो एकदम ठीक हैं। घाव अच्छे से सूख गया है। इनका मूवमेंट भी अच्छा है और आराम से चल पा रही हैं। डॉक्टर साहब मेरी मां के लिए भगवान हैं। उनको बहुत-बहुत धन्यवाद।

# श्रीसांवलिया सेठ के भंडार में चार राउंड में ही निकले 36 करोड़ रुपये, गिनती जारी


आजाद सिपाही संवाददाता

**चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ (मेवाड़) के कृष्णधाम श्रीसांवलिया सेठ जी मंदिर को दान में मिली राशि ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिये। मंगलवार को केवल चार राउंड की गिनती में 36 करोड़ 13 लाख 60 हजार रुपये निकले हैं। 26 नवंबर को भी दान की गयी राशि की गिनती जारी रहेगी। चेक, मनीऑर्डर और ऑनलाइन दान की राशि अभी जोड़ी ही नहीं गयी है। इसलिए कुल राशि और बढ़ने की उम्मीद है। साल 2024 में दीपावली के बाद खोले गये 2 महीने के भंडार से 34 करोड़ 91 लाख 95 हजार 8 रुपये प्राप्त हुए थे। अब तक रिकॉर्ड दान राशि इसी को माना जाता है। मंदिर कमेटी के सदस्यों का कहना है कि इस बार दान राशि 40 करोड़ के आंकड़े को भी पार कर सकती है।

**चौथे राउंड में 8.15 करोड़ :** मंदिर मंडल के सदस्य पवन तिवारी ने बताया कि मंगलवार सुबह राजभोग आरती के बाद फिर से भंडार की गिनती शुरू की गई। यह शाम तक चली। इस चौथे राउंड में 8 करोड़ 15 लाख 80 हजार रुपए की राशि निकली।

**19 नवंबर को खुला भंडार :** भंडार 19 नवंबर को खोला गया था। उसी दिन पहले राउंड की काउंटिंग की गयी। इसमें 12 करोड़ 35 लाख रुपये प्राप्त हुए थे। 20 नवंबर को अमावस्या होने के कारण गिनती नहीं हो सकी। उसके बाद 21 नवंबर को दूसरा राउंड शुरू किया गया। इस राउंड की काउंटिंग में 8 करोड़ 54 लाख रुपये प्राप्त हुए। यह आंकड़ा भी पिछले सालों से ज्यादा रहा। 22 और 23 नवंबर को भीड़ ज्यादा होने के कारण काउंटिंग रोक दी गई थी। उसके बाद 24 नवंबर (सोमवार) को फिर से गिनती की गयी। तीसरे राउंड में 7 करोड़ 8 लाख 80 हजार रुपए निकले। चारों राउंड की राशि को जोड़ने पर कुल 36 करोड़ 13 लाख 60 हजार रुपये बनते हैं। यह आंकड़ा पिछले साल की 2 महीने की कुल राशि 34 करोड़ 91 लाख 95 हजार 8 रुपये से ज्यादा है। हर महीने खोले जाने वाले भंडार को इस बार दो महीने बाद खोला गया।

## अमित शाह ने गुरु तेग बहादुर के 350वें बलिदान दिवस पर नमन कर वंदन किया



**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सिख धर्म के नौवें गुरु, हिंद की चादर गुरु तेग बहादुरजी के 350वें बलिदान दिवस पर उन्हें नमन कर वंदन किया। एक्स प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में अमित शाह ने कहा कि सिख धर्म के नौवें गुरु, हिंद की चादर गुरु तेग बहादुर जी के 350वें बलिदान दिवस पर उन्हें नमन कर वंदन करता हूं। गुरु तेग बहादुरजी ने एक ही जीवनकाल में आध्यात्मिक साधना भी की, सत्संग भी किये और क्रूर आक्रांताओं से स्वसंस्कृति व स्वधर्म की रक्षा भी की। उन्होंने कश्मीरी पंडितों के लिए संघर्ष किया, अत्याचारी मुगल को चुनौती दी और धर्म की खातिर अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। शौर्य, संयम, त्याग और समर्पण से भरी गुरु साहिब जी की बलिदान गाथा को याद कर आज भी मन गौरव और राष्ट्ररक्षा के संकल्प से भर जाता है।

# छत्तीसगढ़: नारायणपुर में 28 नक्सलियों ने किया सरेंडर
# 22 माओवादियों पर था कुल 89 लाख रुपये का इनाम

आजाद सिपाही संवाददाता



**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में मंगलवार को 28 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। सरेंडर करने वाले 28 माओवादियों में 22 पर कुल 89 लाख रुपये का इनाम था। बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पट्टिलिंगम ने बताया कि 19 महिलाओं 28 नक्सलियों ने हथियार डाले हैं। आईजी ने बताया कि माओवादी राज्य सरकार की 'नियाद नेल्लनार' (आपका अच्छा गांव) स्कीम, नयी सरेंडर और रिहैबिलिटेशन पॉलिसी और 'पूना मरघम (सोशल रीइंटीग्रेशन के लिए रिहैबिलिटेशन) से प्रभावित होकर सरेंडर किया है।

सरेंडर करने वालों में से चार हार्डकोर कैडर - पंडी ध्रुव उर्फ दिनेश (33), दुले मंडावी उर्फ मुन्नी (26), छत्तीस पोयम (18), और पदनी ओयम (30) चारों माओवादियों ईस्ट बस्तर डिविजन की मिलिट्री कंपनी नंबर 6 के मेंबर हैं - जिन पर 8-8 लाख रुपये का इनाम था वहीं लखमू उसेंडी (20), सुकमती नुरेती (25), सकीला कश्यप (35), शंबत्ती शोरी (35), चैते उर्फ रजिता (30) और बुधरा रावा (28) सभी एरिया कमेटी मेंबर हैं जिन पर 5-5 लाख रुपये का इनाम था।

आईजी ने बताया कि पिछले 50 दिनों में, नारायणपुर समेत सात जिलों वाले बस्तर रेंज में 512 से ज्यादा माओवादी कैडरों ने हिंसा का रास्ता छोड़ दिया है और मेनस्ट्रीम में शामिल हो गये हैं। नारायणपुर के पुलिस सुपरिटेंडेंट रॉबिन्सन गुरिया ने कहा कि इस सरेंडर के साथ, कुल 287 माओवादी कैडरों ने हिंसा छोड़ दी है और इस साल अब तक जिले में मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं।

इससे पहले सुकमा में 48 लाख के इनामी 15 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया था। इनमें चार नक्सली बटालियन नंबर-1 के सदस्य थे जिसे संगठन की सबसे मजबूत और रणनीतिक बटालियन माना जाता है। अमर उजाला की टीम से बातचीत में आत्मसमर्पित बटालियन सदस्य ने खुलासा किया कि हिड़मा के मारे जाने और लगातार चल रहे सुरक्षा बलों के ऑपरेशन से बटालियन की स्थिति बुरी तरह कमजोर हो चुकी है। उसके अनुसार शीर्ष नेतृत्व डगमगा गया है, जंगलों में दबाव बढ़ रहा है और इसी कारण बड़ी संख्या में नक्सली संगठन छोड़कर वापस लौट रहे हैं।

# टी-20 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान मुकाबला 15 फरवरी को

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** आइसीसी ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 का शेड्यूल जारी कर दिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप स्टेज का मुकाबला 15 फरवरी को कोलंबो में होगा। टूर्नामेंट भारत और श्रीलंका में 7 शहरों के 8 वेन्यू पर खेला जायेगा। 29 दिन में 55 मैच होंगे। भारत के वर्ल्ड कप विनिंग कैप्टन रोहित शर्मा को टूर्नामेंट का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है।

सोमवार को मुंबई में आइसीसी की सेरेमनी हुई, यहां कमेटी ने बताया कि ओपनिंग मैच 7 फरवरी को पाकिस्तान और नीदरलैंड के बीच होगा। भारत का पहला मैच अमेरिका से होगा। ग्रुप स्टेज में हर दिन 3 मैच खेले जायेंगे। फाइनल अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। अगर पाकिस्तान ने नॉकआउट राउंड में एंट्री की, तो मैच श्रीलंका में होंगे। टूर्नामेंट में 20 टीमें हैं, जिन्हें 4 अलग-अलग ग्रुपों में बांटा गया है।

**भारत के 5, श्रीलंका के 3 वेन्यू पर टूर्नामेंट :** भारत में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम, नयी दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम, कोलकाता के ईडन गार्डंस स्टेडियम, चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम और मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टूर्नामेंट के मैच खेले जायेंगे। वहीं श्रीलंका में कोलंबो और कैंडी में मुकाबले होंगे। कोलंबो में आर प्रेमदासा और सिनहले स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम पर मैच खेले जायेंगे। टीम इंडिया मुंबई, दिल्ली, कोलंबो और अहमदाबाद में ग्रुप स्टेज के मैच खेलेगी।

प्रो. सुनील मंडल
मंडल बोरवेल्स
बेकोबार, झुमरी तिलैया, कोडरमा
शुद्ध पानी के लिये मशीन द्वारा चापाकल, बोरिंग के लिये सम्पर्क करें-
Contact for : 5"X4.5", 7"X6.5", 8"X6.5"
7762893254, 8789912506

अपोलो हेल्थ केयर
बाजार रोड, डोमचांच
डॉ. अंकित कुमार साहा
(बी.ए.एम.एस., बैंगलोर)
आयुर्वेद जनरल फिजिशियन
नाड़ी परीक्षा, पंचकर्म अग्नि कर्म और विध कर्म विशेषज्ञ
आयुर्वेद पद्धति द्वारा इलाज होता है
संपर्क करें:+91 9611235549
उपलब्ध उपचार : हड्डी रोग, त्वचा रोग, जीवनशैली विकार, स्त्री रोग, पेट का रोग, मूत्र सम्बन्धी समस्या, नसों के रोग

TEXMO
Borewell Submersibles
Single Phase/Three Phase
Domestic/Agriculture/Industrial Pumps
AQUATEX
Agricultural Monoblocks
Open-well Submersibles Pumps
Pressure Boosting Systems
Since : 1956
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by
AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer : PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

सुनहरा अवसर
आवश्यकता
रहना और खाना FREE
Seat Limited — प्रशिक्षण क्षेत्र — Seat Limited
1. FASHION DESIGNER: इसके अन्तर्गत फैशन डिजाईनिंग, आर्ट क्राफ्ट, शर्ट, पैन्ट, कढ़ाई, बुनाई, प्रिंसेस ब्लाउज ।
2. MULIT SKILL TECHNICIAN : इसके अन्तर्गत ADCA+ (Advance Computer, Photoshop, Corel Draw, Pagemaker, Tally Prime 4.0 With GST, Internet, Chat GPT With AI Tools) Typing Hindi & English, Hotel Management ।
3. GENERAL DUTY ASSISTANT : नर्स संबंधित पुरी जानकारी, प्राइमरी ट्रीटमेंट जैसे इंजेक्शन लगाना, घाव पर पट्टी करना फिजियोथेरेपी, सलाइन चढ़ाना एवं टेस्ट करना
आवश्यकता : 18 वर्ष +युवक, युवतियाँ, महिलाएँ एवं गृहिणियाँ के लिए 3 माह की निःशुल्क ट्रेनिंग, रहना-खाना फ्री।
ट्रेनिंग के बाद जॉब पंचायत कोऑर्डिनेटर, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, सिलाई फैक्ट्री व बड़े रेस्टोरेंट एवं हॉस्पिटल में।
Salary:12000-20000
Trainning Centre:
Ranchi-7004847471 Ramgarh-7295831484
Office Address: Durgapuri, Kokar, Ranchi (JH.)

!! श्री गणेशाय नमः !!
!! जय थावें वाली मईया !!
आपका कार्य सफल होना चाहिए चावल के द्वारा दक्षिणा अपने अनुसार दे।
रावण संहिता ज्ञाता सरल व सटीक उपायों द्वारा हर समस्या के समाधान के लिए सम्पर्क करें।
पं. शम्भुनाथ उपाध्याय
स्वर्ण पदक प्राप्त, ज्योतिष शिरोमणि एवं ज्योतिष महर्षि पद से सम्मानित्त
मिलने का दिन एवं समय
सोमवार से शानिवार समयः सुबह 09:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे एवं 03:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक
रविवार समयः सुबह 07:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक
Indrajit Bhawan, Opposite Pahari Mandir Bano Manzil Road, Ranchi & 834001
9431585446, 7903633179

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**